रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

|| HARE KRISHNA ||

## ग्राहक अनुभव



रायपुर शहर के प्राइम लोकेशन में अपने लिए फ्लैट खरीदना उनका सपना था। एम्स हॉस्पिटल और एनआईटी के करीब हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट की बुकिंग करा कर आज उनका सपना पूरा हुआ..मैं और मेरा परिवार बहुत खुश हैं।

संतोष नायर



हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट की बुकिंग करा कर राजधानी में अपना घर होने का सपना आज पूरा हुआ। यहां पहले से 700 सौ से ज्यादा परिवार निवास कर रहे हैं। हाउसिंग सोसायटी द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं सिटी लाइव के अनुकूल हैं।

पीयूष रहंगडाले



हर्षित लैंडमार्क की लोकेशन शानदार है। एम्स हॉस्पिटल और एनआईटी जैसे एजूकेशन सेंटर पास ही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई आसान होगी साथ एम्स हॉस्पिटल का भी लाभ मिलेगा। ऐसे आवासीय परिसर में फ्लैट की बुकिंग फायदे का सौदा है।

डॉ. वंदना डड़सेना



राजधानी रायपुर में अपना घर होने का सपना आज पूरा हुआ। यहां स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा शहर के बीच परिवार की सुरक्षा का अहसास करती है, मैं बहुत खुश हूं।

राम बहादुर

SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

गृह प्रवेश 2025

14-16 फरवरी 2025

# NOW OR NEVER

HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL

## तो आइये और कीजिए अपने गृह प्रवेश की तैयारी!

3 & 4 BHK SPACIOUS APARTMENT,
SHOPS & OFFICE SPACES

Key Handover




ऑफर केवल 3 दिनों के लिए



## Ready Possession

## 3 & 4 BHK

प्रीमियम फ्लैट

कामर्शियल शॉप्स एण्ड ऑफिस स्पेस

RERA Reg. No. - PCGRERA270618000348 | www.rera.cgstate.gov.in


ON THE SPOT BOOKING

- 100% बैंक फायनेंस
- 0% प्रोसेसिंग फीस
- फ्री क्लब चार्जेस

*T&C Apply

लक्जरी जीवन | वास्तविक तस्वीरें | आधुनिक सुविधाएं









प्रमुख स्थानों से सबसे निकटतम-

| एम्स हॉस्पिटल | एनआईटी | पं. दीनदयाल सभागार | पं. रविशंकर विश्वविद्यालय | अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम |
|---|---|---|---|---|
| 1.5 किमी. | 3.4 किमी. | 3.1 किमी. | 4.1 किमी. | 3.0 किमी. |

SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

साईट पता : रिंग रोड नं.-2 हीरापुर चौक, रायपुर

8302-321-321
www.singhaniabuildcon.com

Credai Member CREDAI Chhattisgarh

RERA APPROVED

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश को मिले स्पोर्ट स्टार एसेस अवार्ड-2025 के लिए दी बधाई

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खेलों के लिए अधोसंरचना विकास और खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण एवं अभ्यास की सुविधा उपलब्ध कराकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की दिशा में निरंतर नवाचार कर रहा है। इसके सुखद परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश को मिले 82 पदक राज्य की उपलब्धि का प्रमाण है। डॉ. यादव ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में मिले 'स्पोर्ट स्टार एसेस अवार्ड-2025' के लिए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार के चरणबद्ध प्रयासों का परिणाम है। राज्य सरकार द्वारा खेलों के अधोसंरचना विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय केंद्र के लिए 10 करोड़ रूपए और जबलपुर में बहुउद्देशीय हॉल के लिए 7 करोड़ 50 लाख रूपए का अनुदान उपलब्ध कराया गया। खेलो एमपी, खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022, समर स्पोर्ट्स कैम्प और पे एंड प्ले जैसे नवाचारों से प्रदेश में खेल की उच्चतम सुविधाएं हुई हैं और खिलाड़ियों को अभ्यास एवं खेल में निरंतर सुधार के अवसर मिले हैं। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2024 में राज्य ने तीन पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं और चार राष्ट्रीय चैंपियनों का जश्न मनाया। पैरालंपिक्स 2024 में रूबीना फ्रांसिस द्वारा कांस्य पदक प्राप्त करना, जूडो में कपिल परमार की उपलब्धि और 2024 में ओलंपिक हॉकी में विवेक सागर प्रसाद द्वारा कांस्य पदक लेना राज्य की खेलों में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य सरकार खेलों को प्रोत्साहन के लिए शहरों और ग्राम स्तर तक विस्तारित योजनाओं के माध्यम से युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उपलब्धियां अर्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि खेल क्षेत्र के अग्रणी प्रकाशन स्पोर्ट स्टार द्वारा मध्यप्रदेश को खेलों को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिख समुदाय का रहा है गौरवशाली इतिहास

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मुरैना मार्ग स्थित 'नगर द्वार' का नाम सिखों के छठवें गुरु, गुरु हरगोविंद सिंह के नाम पर 'दाता बंदी छोड़ द्वार' रखने की घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिख समुदाय का गौरवशाली इतिहास रहा है, बड़ी संख्या में सिख परिवार इस क्षेत्र में निवासरत हैं। ग्वालियर के मुरैना मार्ग पर पुराना छावनी क्षेत्र में बने 'नगर द्वार' का नाम 'दाता बंदी छोड़ द्वार' रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद सिंह जी को ग्वालियर के किले में मुगल बादशाह जहांगीर ने कई वर्षो तक बंदी बनाए रखा, अन्य 52 हिंदू राजा भी उनके साथ कैद में थे। मुगल बादशाह ने गुरू जी की आध्यात्मिक शक्ति-साधना से घबराकर उनको रिहा करने का निर्णय लिया। हरगोविंद सिंह जी ने अकेले रिहाई से मना कर दिया और 52 हिंदू राजाओं के साथ ही बाहर आने का संकल्प व्यक्त किया। मुगल बादशाह ने मजबूर होकर 52 हिंदू राजाओं को गुरु हरगोविंद सिंह जी के साथ रिहा किया। डॉ. यादव ने कहा कि, इस परिप्रेक्ष्य में ग्वालियर में मुरैना मार्ग पर पुरानी छावनी में नव-निर्मित 'नगर द्वार' का नाम गुरू हरगोविंद साहब के नाम पर 'दाता बंदी छोड़ द्वार' रखा जाना अत्यंत उपयुक्त तथा प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने इस गौरवशाली इतिहास को याद करने के लिए स्मार्ट सिटी और नगर निगम ग्वालियर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस पहल से एक बार फिर देश-दुनिया इस महत्वपूर्ण पक्ष से परिचित होगी।

## लुधियाना में स्कूली विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण की शुरुआत

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना के जिला प्रशासन की डिजिटल शिक्षा प्रोग्राम के तहत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित करने की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के माहौल में आवश्यक उपकरणों से लैस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल के पहले चरण के तहत दिये जा रहे 'प्राइम बुक 4जी' लैपटॉप दुनिया के सबसे किफायती लैपटॉपों में से एक हैं, जिन्हें विशेष रूप से विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुधियाना जिले के 14 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को दिये जा रहे ये लैपटॉप ई.आई., पी.ए.एल. माइंड स्पार्क सॉफ्टवेयर मॉड्यूल से लैस हैं, जो व्यक्तिगत अनुकूल शिक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्रांतिकारी परियोजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि सभी पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ई.आई., पी.ए.एल. माइंडस्पार्क तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक पहुंच देने के साथ-साथ विद्यार्थियों की व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार शिक्षा पर जोर देती है। मान ने कहा कि ये लैपटॉप किफायती और टिकाऊ होने के साथ-साथ सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम, नियंत्रित एक्सेस और डेटा एन्क्रिप्शन जैसी आधुनिक डिजिटल सुरक्षा मानकों से लैस हैं, जिससे शिक्षण अनुभव सुरक्षित और सुचारू रहेगा। इस दौरान, उपायुक्त जतिंदर जोरवाल ने कहा कि यह पहल शिक्षा के परिणामों में सुधार लाने के लिये एक प्रयोगात्मक मॉडल पर आधारित है, जिसके तहत किफायती और उच्च विशिष्टताओं वाले लैपटॉप दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल और ज्ञान प्रदान करेगा और शिक्षण पद्धतियों में डिजिटल संसाधनों के एकीकरण का अवसर देगा।

## सुक्खू ने अस्पतालों की पुरानी मशीनें बदलने के दिये निर्देश

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लगी 30-40 वर्ष पुरानी मशीनें बदलने के निर्देश दिये हैं। यह जानकारी यहां सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पुरानी मशीनरी बदलने के लिये राज्य सरकार ने लगभग 1800 करोड़ रुपये का प्रावधान कर दिया है। इलाज में देरी होने से मरीज की बीमारी बढ़ती है और इलाज पर खर्च भी बढ़ता है। सही समय पर बीमारी की पहचान न होने से मरीज का बीमारी पर खर्च 30-50 प्रतिशत बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर अमल करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर दी है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प करने के लिये चार बिंदुओं पर काम किया जाएगा। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के साथ-साथ रेडियोलॉजी और लैब के लिए स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरण खरीदे जायेंगे। सभी मेडिकल कॉलेजों में थ्री-टेस्ला मशीनें, 256 स्लाइस वाली हाई-एंड सीटी स्कैन मशीनें, पैट स्कैन मशीनें के साथ-साथ सभी आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जायेंगे, ताकि मरीजों की बीमारी सही समय पर पता लगाया जा सके और उन्हें सही इलाज मिल सके। साथ ही मेडिकल कॉलेजों में मॉडयूलर ऑपरेशन थियेटर बनाए जायेंगे। इसके साथ ही, हिमाचल प्रदेश में अब तक कोई भी बड़ा और आधुनिक कैंसर अस्पताल नहीं है, जिसके लिये कैंसर से ग्रसित मरीजों को अपना इलाज कराने के लिये प्रदेश से बाहर ही जाना पड़ता है। इसलिये, राज्य सरकार हमीरपुर में 150 बैड का कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने जा रही है, जिसमें रेडियेशन थेरेपी के साथ-साथ न्यूक्लियर दवायें जैसी आधुनिक सुविधायें कैंसर के मरीजों को उपलब्ध होंगी।

## बंगाल में बटासिया युद्ध स्मारक पर ध्वज स्तंभ का उदघाटन

**दार्जिलिंग।** पश्चिम बंगाल के बटासिया युद्ध स्मारक पर एक भव्य ध्वजारोहण समारोह और ध्वज स्तंभ का उद्घाटन किया गया, जिसमें गोरखाओं सहित उन बहादुर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला और वर्तमान तथा पूर्व सैन्य एवं नागरिक अधिकारियों व सैनिकों के साथ समारोह का नेतृत्व किया। यह भव्य समारोह जिला सैनिक बोर्ड दार्जिलिंग द्वारा भारतीय सेना के सहयोग से आयोजित किया गया था, क्योंकि यह कार्यक्रम देश के रक्षकों के प्रति स्थायी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। दार्जिलिंग शहर के रास्ते में बटासिया युद्ध स्मारक एक ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व का स्थल है जो एक ऐसे क्षेत्र में है, जो लगभग 15,000 दिग्गजों का घर है। वर्ष 1995 में निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना के गोरखा सैनिकों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया। इसमें एक सुंदर भूदृश्य वाला गोलाकार उद्यान है, जिसमें एक सैनिक की कांस्य प्रतिमा है, जो दार्जिलिंग की पहाड़ियों को देखती है और पृष्ठभूमि में राजसी कंचनजंगा पर्वतमाला है।

## मामूली विवाद को लेकर युवक की गोली मार कर हत्या

एजेंसी < सारंगढ़-बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ में मामूली विवाद में कुछ लोगों ने बेकरी में काम करने वाले युवक को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने इस संबंध में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है। घटना के तुरंत बाद आनन-फानन में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है लेकिन गोलीकांड का मुख्य आरोपी कृष्णा राजपूत अभी भी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस जुटी है। घटना सूर्या बेकरी की सामने प्लास्टिक जलाने को लेकर ललिता बघेल, पिंटू जांगड़े और कृष्णा राजपूत का स्टाफ के साथ विवाद हो गया था। इस दौरान आरोपियों ने बेकरी में काम करने वाले मुखलाल मांझी के सीने में गोली मार दी। अस्पताल में इलाज के दौरान मुखलाल की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से कार और मैंगजीन बरामद किया गया है।

## नाना पटोले पर गिरी गाज, हर्षवर्धन सपकाल बने महाराष्ट्र कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव लड़ा गया, जिसमें



कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से नाना पटोले को हटा दिया गया है और तत्काल प्रभाव से ये जिम्मेदारी हर्षवर्धन सपकाल को दे दी गई है। एआईसीसी द्वारा जारी लेटर के मुताबिक, हर्षवर्धन सपकाल को महाराष्ट्र कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं विजय नामदेवराव वडेट्टीवार को कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है।

## युवाओं के लिये डेयरी फार्मिंग पर दो सप्ताह का डेयरी उद्यमिता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 17 फरवरी से

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर जिले से संबंधित ग्रामीण बेरोजगार युवा लड़के/ लड़कियां जो डेयरी पेशा शुरू करना चाहते हैं, उनके लिये कार्यालय उप निदेशक डेयरी अमृतसर, डेयरी प्रशिक्षण एवं विस्तार केंद्र वेरका (अमृतसर) में 17 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक डेयरी प्रशिक्षण कोर्स करवाया जा रहा है। अमृतसर के डेयरी उप निदेशक वरयाम सिंह ने बताया कि कृषि में विविधता लाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिये डेयरी को सहायक पेशे के तौर पर अपनाने के लिये डेयरी प्रशिक्षण एवं विस्तार केंद्र, वेरका (जिला अमृतसर) में 17 फरवरी से 28 फरवरी, 2025 तक दो सप्ताह का डेयरी उद्यमिता प्रशिक्षण करवाया जाना है। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अमृतसर जिले के बेरोजगार युवा लड़के/ लड़कियां जो कम से कम 10वीं पास हों, जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के बीच हो तथा जो ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित हों, भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद विभाग द्वारा संबंधित व्यक्तियों को दो से 20 पशुओं की डेयरी इकाई स्थापित करने के लिये विभिन्न बैंकों से डेयरी ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। सिंह ने बताया कि डेयरी स्थापना की खातिर सामान्य वर्ग के लिये 25 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति के वास्ते 33 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जायेगी तथा इसके साथ ही मुद्रा ऋण सुविधा का भी लाभ उठाया जा सकेगा। इस प्रशिक्षण में पशु प्रबंधन, नस्ल सुधार और कृत्रिम गर्भाधान पर व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल होगा।

## बिहार के सतत विकास को तेज गति देना प्रगति यात्रा का लक्ष्य : उमेश

**पटना।** बिहार जनता दल यूनाईटेड अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश के सतत विकास को तेज गति प्रदान करना प्रगति यात्रा का लक्ष्य है। कुशवाहा ने बयान जारी कर कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान जिन भी जिलों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जा रहे हैं, वहां की जनता पलक-पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत कर रही है। यह हमारे नेता के प्रति आम जनता में अटूट विश्वास और अथाह समर्थन का प्रतीक है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रगति यात्रा के क्रम में कुमार प्रत्येक जिलों में जाकर सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। हाल के दिनों में प्रगति यात्रा से जुड़े कई परियोजनाओं को बिहार कैबिनेट की ओर से मंजूरी भी मिल चुकी है। जिससे आने वाले दिनों में बिहार की नई तस्वीर उभरकर सामने आएगी और बिहारवासियों को इसका खासा लाभ मिलेगा। कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता कुमार ने 19 वर्षो के अपने शानदार शासनकाल में उजड़े और बिखरे हुए बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

## राजग सरकार का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना: मंत्री

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग के लोगों जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना है। नवीन ने शनिवार को दरभंगा के विभिन्न नगर निकायों में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की थी। इस दौरान समीक्षा बैठक में जलापूर्ति योजना फेज-1 में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर शिकायत की गई, जिसके बाद उन्होंने इस विषय पर संज्ञान लेते हुए एक जांच टीम गठित कर कार्यो का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का आदेश दिया था। इस आलोक में मंत्री ने पांच सदस्यीय जांच दल को दरभंगा भेजने का आदेश दिया है। इसमें मुख्य अभियंता, परियोजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता और दो सहायक अभियंता शामिल होंगे। साथ ही एक हफ्ते के अंदर जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में नवीन ने कहा कि दरभंगा में जलापूर्ति योजना में अनियमितता होने की जानकारी पर एक जांच टीम को भेजा जा रहा है। यह टीम स्वीकृत योजनाओं के वर्क ऑफस्कोप के आलोक में वास्तविक रूप से कराये गये कार्यों की जांच करेगी, जिसमें जलापूर्ति पाईप बिछाया गया है या नहीं, पाईप बिछाने के बाद रोड रेस्टोरेशन किया गया है या नहीं, जल मिनार से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

## टिप्पणी मामले में सपा विधायक दोषी, कोर्ट ने लगाया 100 रुपए का जुर्माना

एजेंसी < शामली
www.dailypioneer.com

11 वर्षों में 129 सुनवाई के बाद कैराना की एक विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार, शामली जिले की एक स्थानीय अदालत ने वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए सपा विधायक नाहिद हसन को गुरुवार को दोषी ठहराया। मार्च 2014 में दर्ज हुआ था मुकदमा अभियोजन पक्ष के अधिकारी के अनुसार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा की अदालत ने नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया और भुगतान न करने की स्थिति में एक महीने कारावास की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी उतेश जौहरी ने बताया कि नाहिद हसन के खिलाफ 28 मार्च 2014 को शामली में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**मायावती पर भी की थी अपमानजनक टिप्पणी**

उन्होंने बताया कि हसन पर आरोप था कि कैराना से लोकसभा चुनाव लड़ते समय उन्होंने शामली में एक चुनावी रैली के दौरान यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के साथ-साथ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पमानजनक टिप्पणी की थी।

**क्या है पूरा मामला**

नाहिद हसन को 28 मार्च 2014 को शामली के आजाद चौक में एक कार्यक्रम में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और बसपा प्रमुख मायावती के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## 'माई-बहिन मान योजना' को पूरा नहीं करेगा राजद: प्रशांत किशोर

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com



जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर हमला करते हुये कहा कि उनकी पार्टी 'माई-बहिन मान योजना' को पूरा नहीं करेगी। किशोर ने राजद पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ,राजद की तरह जनता से झूठे वादे नहीं करती और न ही कभी करेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में राजद ने 'माई- बहिन मान योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत हर महिला को 2500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। बिहार में छह करोड़ महिलाएं हैं, मतलब यदि हर महिला को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएं तो हर साल करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा,जब बिहार का कुल बजट ही दो लाख 40 हजार करोड़ रुपये है तो हर साल 1.5 लाख करोड़ रुपये कहां से देंगे। इसका साफमतलब है कि जिस दिन राजद ने वादा किया था, उसी दिन वे यह भी समझा रहे हैं कि वे इस वादे को कभी पूरा नहीं करने वाले हैं। किशोर ने कहा कि जन सुराज दूसरी पार्टियों की तरह नहीं हैं, जो कहते हैं कि सब कुछ करेंगे लेकिन करते कुछ नहीं। हम जनता से सिर्फ वही वादे करेंगे जिन्हें हम शत प्रतिशत पूरा करेंगे और जो भी वादा करेंगे, उसका पहले गहन अध्ययन करेंगे और फिर जनता को बताएंगे कि हम किस तरह से वादा पूरा करेंगे।

## राजद कार्यालय से कर्पूरी विचार रथ रवाना

**पटना।** बिहार राष्ट्रीय जनता दल प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने 17 फरवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि कार्यक्रम की तैयारी के लिए राजद कार्यालय से कर्पूरी विचार रथ को रवाना कर दिया। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा में होने वाले भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 37 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम की तैयारी के लिए राजद की ओर से स्व.कर्पूरी के विचारों को जन -जन तक पहुंचाने के संकल्पों को मजबूती प्रदान करने के लिए और इसको गति प्रदान करने के लिए प्रचार प्रसार के लिये आज राजद की ओर से विभिन्न जिलों के लिए 11 कर्पूरी विचार रथ को राजद के राज्य कार्यालय से साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# जिला प्रशासन ने इमिग्रेशन फर्मों की जांच के आदेश दिये

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

इमिग्रेशन कंसल्टेंसी सेवाओं को विनियमित करने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये, जिला उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने अधिकारियों को सरकारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स के खिलाफ बड़े पैमाने पर निरीक्षण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। डॉ. अग्रवाल ने सभी उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को अपने अधिकार क्षेत्र में पंजीकृत इमिग्रेशन फर्मों की कड़ी जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस पहल का उद्देश्य इच्छुक प्रवासियों को धोखाधड़ी से बचाना और यह सुनिश्चित करना है कि इमिग्रेशन फर्म कानूनी ढांचे के भीतर काम करें। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि विदेश में अवसर तलाशने वाले व्यक्तियों का शोषण न हो। उपायुक्त ने हाल ही में अमेरिका से निर्वासित युवाओं की मदद की है। उन्होंने उन्हें व्यावसायिक अवसरों, रोजगार सहायता और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से अपने करियर के पुनर्निर्माण में जालंधर प्रशासन के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। डॉ अग्रवाल ने फिर कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार इन युवाओं के संकट के समय में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने राज्य के कौशल विकास मिशन के तहत विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों की उपलब्धता पर प्रकाश डाला, जो उनके रोजगार की संभावनाओं को बढ़ा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपना खुद का उद्यम स्थापित करने में मदद करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उपायुक्त ने इच्छुक प्रवासियों से आग्रह किया कि वे गंभीर वित्तीय और व्यक्तिगत नुकसान से बचने के लिये आव्रजन के लिये हमेशा कानूनी रास्ते चुनें। उन्होंने उन्हें केवल पंजीकृत आव्रजन सलाहकारों से संपर्क करने की सलाह दी। अधिक सहायता के लिये, व्यक्ति 9530641790 पर प्रोटेक्टर जनरल ऑफ इमिग्रेंट्स हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं।

## शहीद सैनिकों के 26 पारिवारिक सदस्यों को सरकारी नौकरियां दी गयीं: मोहिंदर भगत

**चंडीगढ़।** पंजाब के रक्षा सेवायें कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर शहीद सैनिकों के 26 आश्रितों को सरकारी नौकरियों की स्वीकृति दी गयी है। इस पहल का उद्देश्य देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करना है। भगत ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक शहीद के परिवार के एक योग्य सदस्य को उसकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक शहीद सैनिकों के 26 आश्रितों को सरकारी नौकरियां दी गयी हैं। मंत्री ने कहा, हमारे शहीदों द्वारा दी गयी कुर्बानियों का मूल्य कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम उनके परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सहायता प्रदान करें। हमारी सरकार इन परिवारों को हर संभव सहायता देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## जालंधर में 90 किलोग्राम चूरा पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब में सीआईए स्टाफ जालंधर ग्रामीण पुलिस ने एक कुख्यात ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 90 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरकमलप्रीत सिंह खख ने बताया कि आरोपी को करतारपुर इलाके में एक विशेष ऑपरेशन के दौरान एक एक्सयूवी गाड़ी के साथ पकड़ा गया। आरोपी की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव, पुत्र गुरचरण सिंह, निवासी गांव सेच, पुलिस स्टेशन सुल्तानपुर लोधी, जिला कपूरथला के रूप में हुई है। खख ने बताया कि सीआईए स्टाफ जालंधर ग्रामीण के प्रभारी इंस्पेक्टर पुष्प बाली को मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर 13 फरवरी, 2025 को एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को गुरुद्वारा बुंगा साहिब दयालपुर के पास रोका, जहां उसके पास से कई प्लास्टिक बैग मिले, जिनमें चूरापोस्त की भूसी थी। उन्होंने बताया कि जब्त किये गये प्रतिबंधित सामान में 20-20 किलोग्राम के चार बैग और 10 किलोग्राम का एक बैग शामिल है, जिसमें कुल 90 किलोग्राम चूरापोस्त है। आरोपी के कब्जे से बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली एक सफेद रंग की एक्सयूवी 500 गाड़ी भी बरामद की गयी। उन्होंने कहा कि आरोपी का पहले भी कई आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई पुलिस थानों में मामले दर्ज हैं। इनमें अगस्त 2019 में पुलिस स्टेशन सदर कपूरथला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला, दिसंबर 2019 और मार्च 2020 में पुलिस स्टेशन जगराओं में डकैती के मामले और 2024 में पुलिस स्टेशन सिटी खरड़ और एएनटीएफ सेक्टर-79 में हाल ही में दर्ज नशे से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस स्टेशन करतारपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 15सी-61-85 के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का एनक्यूएएस असेसमेंट पूर्ण, प्रदेश का पहला ब्लॉक जिसकी सभी पीएचसी में एनक्यूएएस असेसमेंट पूर्ण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिला बलौदा बाजार अंतर्गत विकासखंड भाटापारा राज्य में पहला ऐसा विकासखंड बनने की ओर अग्रसर है जहां के शत प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का एनक्यूएएस असेसमेंट पूर्ण किया गया है। ब्लॉक में कुल चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जिसमें से एक मोपका पूर्व से ही एनक्यूएएस प्रमाणित हो चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप तथा जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर सेवाएं प्रदान कर एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त करना है। अब तक जिले की छब्बीस स्वास्थ्य संस्था उक्त हेतु प्रमाणित हो चुकी हैं जबकि कुछ का इस माह प्रमाणीकरण हेतु केंद्र स्तर की टीम द्वारा असेसमेंट किया जा चुका है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी के अनुसार भाटापारा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपका पिछले वर्ष एनक्यूएएस हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुका है जबकि इस माह केंद्र से आई टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपर, बिटकुली एवं निपनिया का एसेसमेंट पूर्ण किया है इसके साथ ही ब्लॉक भाटापारा के शत प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर सेवाएं देने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मोपका अस्पताल प्रभारी चिकित्सक आलोक तिवारी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपका का सर्टिफिकेशन पूर्ण होने के पश्चात जिले एवं ब्लॉक स्तर से उन्हें एवं मोपका स्टाफ को ब्लॉक के शत प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर तैयारी कराने की जिम्मेदारी दी गई थी जिस पर डीपीएम सृष्टि मिश्रा, राज्य जिला तथा ब्लॉक के कर्मचारी अधिकारियों के सहयोग से मोपर अस्पताल प्रभारी आर एम ए जय प्रकाश दुबे चिकित्सा अधिकारी डॉ. तौसीफ खान, बिटकुली प्रभारी आर एम ए चिकित्सक दिनेश दांडे तथा निपनिया अस्पताल प्रभारी आर एम ए चिकित्सक विक्रम बंजारे ने सभी सेक्टर एवं अस्पताल स्टाफ के साथ मिलकर तैयारियां की तथा फाइनल असेसमेंट पूर्ण किया।

## नगरीय निकाय निर्वाचन का मतगणना कार्य एक राउंड में होगी समाप्त

**गरियाबंद।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत जिले के 6 नगरीय निकायों जिसमें एक नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायत में 11 फरवरी को मतदान सफलतापूर्वक संपादित किया गया। नगरीय निर्वाचन के तहत वोटिंग के पश्चात शनिवार को मतगणना कार्य किया जाएगा। इसके लिए मतगणना पर्यवेक्षण एवं मतगणना सहायकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी निष्पक्षता, सतर्कता एवं त्रुटि रहित कार्य करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अंतर्गत सभी निकायों में सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। इनमें नगर पालिका परिषद गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन, नगर पंचायत देवभोग में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, नगर पंचायत कोपरा में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोपरा, नगर पंचायत छुरा में सांस्कृतिक भवन छुरा, फिंगेश्वर में आईटीआई भवन एवं नगर पंचायत राजिम में ग्रंथालय राजीव लोचन कॉलेज में मतगणना कार्य सम्पन्न कराया जायेगा। मतगणना कार्य एक राउंड में समाप्त होगी।

# हमारा संकल्प ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और जनहित की योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है : शिवरतन शर्मा



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

हमारा संकल्प ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और जनहित की योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है। इसके प्रति विगत 01 वर्ष में भाजपा की रीति-नीति से आये परिवर्तन से जनता भलीभांति परिचित है। उक्त बाते उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने भाटापारा विधानसभा, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-05 एवं 06 अंतर्गत ग्राम कड़ार, परसवानी, गोढ़ी (एस), सिगारपुर, सेम्हराडीह, बिटकुली, खैरा, मोपका एवं कोदवा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 05 से श्रीकांत जायसवाल (राजा), फावड़ा-बेलचा छाप एवं क्षेत्र क्रमांक 06 से हीरालाल ध्रुव, उगता सूरज छाप के पक्ष में जनसंपर्क व बैठक कर 17 फरवरी को होने वाले चुनाव में मुहर लगाकर जनसमर्थन देने की ग्रामवासियो से अपील करते हुए कही। शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियो से विगत 1 वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, आवास योजना, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी, दो वर्ष का बकाया धान बोनस, भूमिहीन किसानों को 10000 प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता जैसे जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा अधिकृत प्रत्याशीयों को वोट देकर इन विकास कार्यों को और गति देने के लिए ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार बनाने की बात कही। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की हमारा लक्ष्य ग्रामों का विकास और आप सभी की सुविधाओं के लिए निरन्तर प्रयास करना है। विगत 1 वर्षो में मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की है। आने वाले समय में भी हमारा यह प्रयास निरन्तर जारी रहेगा। उक्त अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, निपनिया मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु सहित दोनों जिलापंचायत क्षेत्र प्रत्याशी एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# देश और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रयागराज महाकुंभ में विधायक इंद्र साव ने लगाई आस्था की डुबकी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के विधायक इंद्र साव अपने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के साथ प्रयागराज पहुंच कर माता गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाकर देश प्रदेश तथा अपने परिजनों और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक साव ने कहा कि सनातनी परंपरानुसार देश के प्रत्येक सनातनियों को इस महाकुंभ में अवश्य आना चाहिए। ये एक अवसर हम सबको 144 वर्षो बाद देखने को मिल रहा है, जिसके हम अपने आप को सौभाग्यशाली मानते है। साव ने कहा कि महाकुंभ पौराणिक कथाओं, आध्यात्मिकता, संस्कृति और राष्ट्र के आर्थिक विकास के संगम का प्रतिनिधित्व करता है। यह सनातनियों का सबसे बड़ा तीर्थ है और इसे यूनेस्को ने दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मान्यता दी है। प्रयागराज महाकुंभ में जाना एक परिवर्तनकारी यात्रा है। यह शरीर, मन और आत्मा को तरोताजा कर देता है तथा ईश्वर और ब्रह्मांड के साथ एक गहरा संबंध विकसित करता है। विधायक इंद्र साव ने प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर परिजनों और क्षेत्र वासियों की खुशहाली और प्रगति के लिए आस्था की डुबकी लगाई। विदित हो कि विधायक इंद्र साव पिछले माह अपने परिजनों के साथ सड़क मार्ग से प्रयागराज जाते समय यात्रा के दौरान हादसे का शिकार हो गए थे,जिससे उन्हें और परिजनों को चोट लगी थी।चोट से कुछ राहत मिलने के बाद उन्होंने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के निमंत्रण पर सदस्यों के साथ महाकुंभ की यात्रा की।

## मोर पंचायत-मोर गांव के सोच रखकर सरपंच प्रत्याशी चुनाव मैदान में सेमरिया (ब) में महेश्वरी हीरामणि यदु का जोरदार डोर टू डोर जनसंपर्क



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव के संपन्न होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर घमासान देखने को मिल रहा है। पंच सरपंच जनपद व जिला के प्रत्याशी लगातार डोर टू डोर सम्पर्क कर अपने लिये समर्थन की मांग कर रहे है। इसी क्रम में सेमरिया (ब) में महेश्वरी हीरामणि यदु सरपंच पद के लिए अपने समर्थकों के साथ गाव में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन की मांग कर रही है। हीरामणि यदु ने बताया कि जिस प्रकार से बीते 5 साल में गांव के गलीयो में गंदगी, पानी की समस्या, आवास योजना, पेंशन योजना जैसे कई समस्याओ से ग्रामीणों को 2-4 होना पड़ा है। इन्ही सभी समस्याओं को दूर करने की ही पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही गाँव मे व्याप्त जल समस्या से निजात दिलाने प्रयास करेंगे। इस जनसंपर्क में माहेश्वरी यदु हीरामणी यदु मोजी राम यदु कमल निषाद अशोक मानिकपुरी योगेश यादव खेमराम यदु शारदा यादव दुलरवा यदु काशीराम यदु आदि उपस्थित रहे।

## किरण अग्रवाल आध्यात्मिक परामर्श दाता को महाकुंभ अमृत गंगा सम्मान 2025 मिला




**धमतरी।** आध्यात्मिक परामर्शदाता किरण अग्रवाल को 144 वें अति दुर्लभ महाकुंभ में 10 फरवरी 2025 को महाकुंभ अमृत गंगा सम्मान मिला। यह कार्यक्रम गंगा संवाद राष्ट्रीय संगोष्ठी विश्व के लिए वरदान है। गंगा प्रयागराज में आयोजित हुआ था। किरण अग्रवाल आध्यात्मिक परामर्श दाता ने कहा कि मां गंगा हमारी विश्व की धरोहर है। यह सिर्फ भारत की नहीं है, यह पूरे विश्व की धरोहर है। मां गंगा हमारी आत्मा है, हमारा तन है, हमारा मन है, हमारा जीवन है। हमारे प्राण मां गंगा और इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर शंभू प्रसाद नौटियाल और उनके सभी पूरी टीम का किरण अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निर्वाचन संबंधी आदेश में आंशिक संशोधन

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृति हेतु नस्ती कलेक्टर को प्रस्तुत करना, निर्वाचन संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर जानकारी आयोग को प्रेषित करना, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से संबंधित कार्य एवं निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति तैयार करने के साथ त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदान प्रतिशत एवं मतदान के दिन आयोग को भेजी जाने वाली रिपोर्ट एवं मतदान के दूसरे दिन आयोग को भेजने वाली रिपोर्ट के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने अपर कलेक्टर रीता यादव को नियुक्त किया है। पूर्व में यह जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर नभ सिंह कोशले को दी गई थी, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है।

# सुरक्षित भविष्य के लिये हर व्यक्ति को बीमा कराना चाहिये : सचिन कामथ

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




पूरे देश सहित धमतरी जिले में टाटा एआईए द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य हर व्यक्ति का बीमा हो और हर व्यक्ति बीमा से सुरक्षित रहे ताकि आने वाले समय में उसे आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस उद्देश्य को लेकर टाटा एआईए द्वारा एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जनजागरूकता रैली पूरे देश सहित प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर सहित धमतरी जिले में आयोजन किया गया। विभिन्न शहरों में इस जागरूकता रैली को निकालकर यह आह्वान किया जा रहा है कि हर व्यक्ति अपना बीमा करें ताकि किसी को भी आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर टाटा एआईए द्वारा धमतरी के सोनकर प्लाजा स्थित ऑफिस से रैली निकालकर आमा तालाब होते हुए कचहरी चौक से मकई गार्डन की तरफ होकर अंत में अंबेडकर चौक से वापस सोनकर प्लाजा का रुख किया गया जिसमें टाटा एआईए के सभी सदस्य एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं उच्च अधिकारी भी इस जागरूकता रैली में शामिल हुए। टाटा एआईए के हरेंक सदस्य द्वारा बैनर पोस्टर के साथ रैली निकाली एवं आम जनता को पांपलेट बांट कर यह अलख जगाई गई कि हर व्यक्ति को अपना बीमा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोविड महामारी के समय हर व्यक्ति को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा था, उन सबसे बचाव का एक ही तरीका है। हर व्यक्ति का बीमा हो ताकि उसे व उसके परिवार को कभी भी आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े व सुरक्षित जीवन जी सके एवं सुरक्षित भविष्य की पहल कर सके।

# सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी, महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से महतारी सदन बनाने राशि स्वीकृत किए गए : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर पूरा फोकस किया है। अपितु ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर कर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में भी क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने ग्राम पंचायतों को और अधिक अधिकार सम्पन्न बनाकर उन्हें विकास और रोजगारपरक कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने के साथ ही पंचायत सचिवों के आर्थिक हितों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने का काम किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साहू ने कहा कि प्रदेश में एक ओर जहाँ 70 लाख महिलाओं के खाते में हर माह महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रुपए की राशि जमा करके आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम हो रहा है, वहीं सार्वजनिक क्षेत्रों में काम के दौरान महिलाओं को होने वाली दिक्कतों को दूर करने पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है। साहू ने बताया कि 202 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से महतारी सदन निर्माण किए जाने हेतु 50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। इस कार्य के लिए वर्तमान में 179 महतारी सदन के निर्माण हेतु 44.21 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता साहू ने कहा कि इसी प्रकार ग्राम पंचायत सचिवों की नवीन वेतनमान के अंतर की एरियर्स राशि वर्ष 2018 से लगभग 05 वर्ष तक भुगतान हेतु शेष थी। प्रदेश की बाजपा सरकार ने पंचायत सचिवों की एरियर्स की बकाया राशि 47,98,40,631 रुपए सैंतालीस करोड़ अन्ठानबे लाख चालीस हजार छः सौ इकतीस रु, का आबंटन जिलों को उपलब्ध कराया गया है। अंशदायी पेंशन योजना की चर्चा कर साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों की अंशदायी पेंशन योजना अप्रैल 2012 से प्रारंभ है, जिसमें अप्रैल 2012 से जून 2020 तक लगभग 08 वर्ष के नियोक्ता अंशदान की राशि 38,56,82,059 रु अड़तीस करोड़ छप्पन लाख बियासी हजार उनसठ रू का आबंटन किया गया है। इस प्रकार सचिवों के पेंशन हेतु शासन के अंश को जमा कर इनके बेहतर भविष्य का प्रबंध किया गया।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगी अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी

**धमतरी।** धमतरी जिले के किसानों का एप्प, पोर्टल के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के क्रियान्वयन हेतु एग्रीस्टेक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने लोक सेवा केन्द्र के संचालकों को ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में कैम्प आयोजित कर किसानों के लैण्ड आईडी एवं फार्मर आईडी एग्रीस्टेक एप्प, पोर्टल में कार्य करने के लिए संबंधित पटवारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अधिकृत किया है। साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों को प्रत्येक सोमवार को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयान करने किसानों की संख्यात्मक जानकारी भू.अभिलेख शाख में भेजने के लिए निर्देशित किया है।

# जिले की 6 नगरीय निकायों की मतगणना आज सुबह 9 बजे से

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के नगर पालिक निगम धमतरी के 40 वार्डो सहित पांच नगर पंचायतो कुरूद, मगरलोड, नगरी, आमदी और भखारा के 15-15 वार्डो के लिए 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से मतगणना होगी। नगर निगम धमतरी के वार्ड 15, 23, 35 में 3 राउंड में और बाकी में दो राउंड में मतगणना होगी। नगर पंचायत कुरूद में वार्ड 11 और 14 में दो राउंड बाकी एक राउंड तथा भखारा, आमदी, मगरलोड एवं नगरी नगर पंचायत में 1-1 राउंड में मतगणना होगी। प्रति टेबल एक गणना अभिकर्ता और 2 सहायक रहेंगे। महापौर और अध्यक्ष पद के लिए हर टेबल पर एक अभिकर्ता एवं वार्ड पार्षद के लिए उसी टेबल पर एक अभिकर्ता होगा। ईडीबी की गणना पहले उसके 30 मिनट बाद ईवीएम गणना होगी। इस कार्य में धमतरी नगर निगम 120 कर्मचारी और 40 भृत्य इस प्रकार कुल 160, कुरुद में 40 कर्मचारी और 20 भृत्य 60, भखारा 60, नगरी 60, आमदी 60 और मगरलोड 60 कर्मचारी और भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

**परिचय पत्र के साथ प्रातः 8 बजे से करना होगा प्रवेश** - नगरीय निकायों के लिए बनाये गए प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/गणना एजेन्टों के लिए पृथक प्रवेश द्वार होगे तथा रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं गणना में लगे अधिकारी/ कर्मचारियों के लिए भी पृथक प्रवेश द्वार होगें। सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचन एजेंटों को पहचान पत्र जारी किये जायेगे। असुविधाओं से बचने के लिए सभी अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना हॉल में प्रातः 8 बजे तक प्रवेश करेंगे।

### मोबाइल ले जाने की नहीं होगी अनुमति

मतगणना परिसर में मीडिया सेन्टर और कम्प्युनिकेशन सेन्टर में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति रहेगी। लेकिन मतगणना हॉल में मोबाईल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हॉल में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कैमरा, स्मार्ट वॉच, लेपटॉप, गुटखा, सिगरेट के साथ प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। मतगणना हॉल में केवल रिटर्निंग आफिसर/ सहायक रिटर्निंग आफिसर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति एवं आब्जर्वर, निर्वाचन के संबंध में डयूटी पर तैनात लोक सेवक अभ्यर्थी, उनका निर्वाचन अभिकर्ता तथा गणना अभिकर्ता को जाने की अनुमति होगी। मतगणना हॉल में किसी भी सुरक्षकर्मी को रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बिना अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

### मतगणना कक्ष में निर्धारित क्रम में बैठना होगा

आयोग के निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था का क्रम निर्धारित किया गया है। सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता फिर मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता इसके बाद पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता और निर्दलीय अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता बैठेंगे। किसी भी गणना अभिकर्ता को हॉल में अपने मेज से अन्य मेज पर जाने की अुनमति नहीं होगी। गणना अभिकर्ता को मतगणना के दिन प्रारूप 18 क के भाग एक अभ्यर्थी के मतदान अभिकर्ता को मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारी द्वारा दिये गये प्रारूप लेकर आना अपेक्षित है।

### सर्वप्रथम डाकमत पत्रों की होगी गणना

स्ट्रांग रूम को निर्धारित समय पर प्रेक्षक, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। जिसकी वीडियोग्राफी की जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्र में सर्वप्रथम महापौर/अध्यक्ष पद हेतु प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जायेगी। तत्पश्चात् एक-एक करके क्रम से सभी वार्डो के लिए प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जाएगी। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना प्रारंभ होने के 30 मिनट पश्चात् मतदान मशीनों ईवीएम में रिकॉर्ड किये गये मतों की गणना की जाएगी।

### अनुशासन बनाये रखना होगा निर्देशों का उल्लंघन करने पर होंगे बाहर

मतगणना हॉल में मतगणना के दौरान अनुशासन एवं गरिमा बनाई रखी जायेगी। रिटर्निंग आफिसर/ सहायक रिटर्निंग आफिसर के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले को मतगणना हॉल में बाहर भेजा जा सकता है। मतगणना पर्यवेक्षक ईवीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर परिणाम वाले बटन को दबाने के समय सभी अभ्यर्थियों/ गणना अभिकर्ता को कन्ट्रोल यूनिट का डिस्प्ले पैनल दिखायेगा ताकि वे कन्ट्रोल यूनिट के डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गये मतों को नोट कर सकें।

# छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया है और भाजपा ही संवारेंगी : रामू रोहरा



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा महापौर प्रत्याशी निगम चुनाव पश्चात त्रि स्तरीय चुनाव में भाजपा की विजयश्री दिलाने पूरी तरह से जुट गए हैं। इसी क्रम में उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र क्रं 6 में भाजपा समर्थित जागेश्वरी राकेश साहू सहित जनपद पंचायत क्षेत्र क्रं 1 देहुती झम्मन साहू के पक्ष में प्रचार कर विष्णु देव सरकार की योजनाओं को बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था। भाजपा का नारा ही है, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। उन्होंने पूरवर्ती कांग्रेस शासन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेश शासन में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव था। ग्रामीण क्षेत्रों के रोड की हालत बद से बदत्तर थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार बनते ही हमने सिर्फ और सिर्फ विकास का काम किया है। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास का साथ देने का आव्हान किया। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णु देव साय सरकार में छत्तीसगढ़ सहित धमतरी का विकास तेजी से होगा उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान का आव्हान करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आव्हान किया।

# भिलाई शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने निकाली जागरूकता रैली, आयुक्त ने किया अधिकारियो को निर्देशित





पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

प्लास्टिक की झिल्ली, पन्नियों में दुकानदारो द्वारा सामान विक्रय किया जा रहा है। बार-बार समझाने, चालानी कार्यवाही करने के बाद भी नहीं मान रहे है। दुकान दारो का कहना है, कि ग्राहक घर से थैला लेकर नहीं चलते है। वह सब कुछ अलग-अलग पालीथीन में ही मांगते है, हमे देना पड़ता है। इसके प्रति लोगो को समझाइस देने, जागरूकता फैलाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियो को निर्देशित किये है। इसी तारतम्य में सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मण्डी, मटन मछली मार्केट, फल मण्डी में जोन आयुक्त सतीश यादव एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली छावनी थाने से शुरू होकर व्यापारियो, ग्राहको के बीच में पहुंचकर उनको समझाइस दे रही थी कि झिल्ली, पन्नी में सामान लेना या देना दोनो प्रतिबंधित है। यह झिल्ली इतना पतला होता है कि इसका रिसायकल भी नहीं किया जा सकता है। नालियो, नालो को जाम कर देता है। लोग झिल्ली में सब्जी, खाने की सामाग्री इत्यादि फेंक देते है, जिसे गौ माता खाकर बीमार पड़ जाती है, उनका पेट फुल जाता है। नाक से पानी गिरने लगता है, एक दिन वह दम तोड़ देती है। इन सबके दोषी कहीं न कहीं हम सब समाज के लोग ही है। जो व्यापारी मना करने के बाद भी झिल्ली में सामान बेच रहे थे, उनका जप्ती बनाया गया। छोटे ठेले, सब्जी बेचने वाले एवं खरीदने वाले से भी 2600 रूपया अर्थदण्ड लिया गया। सब्जी मण्डी में ही बिटेक इंजीनियर सुबोध सिंह द्वारा मिर्ची, धनिया, अदरक, लहसुन, टमाटर, नीबू इत्यादि को अलग-अलग झिल्ली में खरीद कर ले जा रहे थे। उन्हे रोककर समझाया गया, उनको निगम द्वारा थैला दिया गया। उन्होने कबूल किया यह हम लोगो की लापरवाही है, कि घर से झोला लेकर नहीं चलते है, अब हम जरूर लेकर निकलेगें। सुश्री संध्या देवांगन कालेज छात्रा द्वारा झिल्ली में सब्जी लिया जा रहा था। उसे बताया गया कि बगल में ही 10 रूपये में अच्छा झोला मिल रहा है, उसने तुरन्त नया झोला खरीद कर सामान लिया। बोली मुझे मालूम ही नहीं था कि इतने सस्ते में झोला मिलता है। जागरूकता रैली के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, मिशन मैनेजर अमन पटले, एकता शर्मा, पीआईयू, अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, शहरी अजीविका मिशन के सी.ओ., सीआरपी आदि उपस्थित रहे।

# कांजी हाउस एवं संधारित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कोसा नगर भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के पास स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण करने आयुक्त सुबह-सुबह पहुच गये। वहां पर जानवरो के खाने के लिए प्रदाय किये जा रहे चारा, पानी एवं व्यवस्था का निरीक्षण किये। वर्तमान में कांजी हाउस का संचालन एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, संचालनकर्ता एजेंसी शोभूराम साहू को निर्देशित किये कि जानवरो के चारे, पानी का उचित प्रबंध हो। बिमार पड़ने पर शासकीय पशु चिकित्सक को बुलाकर ईलाज करवाया जाये। पशु चिकित्सक बीच-बीच में आकर ईलाज करते रहेगें। कांजी हाउस के चारो तरफ सीमेंट के दिवाल बनाई जा रही है, जिससे जानवर भाग न पावें। इससे फायदा होगा कि अतिरिक्त जमीन पर पानी डालने पर घास बड़े होगे, इससे जानवरों को चरने की भी सुविधा मिल जायेगी। जानवरो के पीने के लिए बीच-बीच में बड़े-बड़े कोटना बना दिया जाये, जिसमे पानी भरा हो, जानवर गर्मी में पानी पी सके। वहीं पर सीएण्ड वेस्ट से चेकर टाइल्स का भी निर्माण करने का कार्य किया जायेगा। ततपश्चात जोन क्रं. 01 नेहरू नगर में प्रमुख रूप से भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन, आकाश गंगा सब्जी मंडी, सुपेला घड़ी चैंक, वेकेटेश्वर टाकिज के पीछे, नेहरू नगर चौक आदि का निरीक्षण किये। जिस शौचालय का संधारण का कार्य हो चुका है, उसको नागरिको के उपयोग के लिए खोल दिया जाये। बाकि को समय अवधि में पूर्ण किया जाये। आकाश गंगा सब्जी मण्डी में हजारो सब्जी विक्रेता, काम करने वाले वर्कर, ग्राहक, रिक्शा, ठेला वाले निस्तारी के लिए आते रहते है। यह ध्यान दिया जाये कि उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को आदेशित किये।निरीक्षण के दौरान उपअभियंता चंदन निर्मल, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, पीआईयू सुभम पाटनी, अभिनव ठोकने आदि उपस्थित रहे।

# नगरपालिका बीजापुर हेतु मतगणना सांस्कृतिक भवन स्थित स्ट्रांग रूम में

## मतगणना हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



15 फरवरी प्रातः 9:00 बजे से नगरपालिका निर्वाचन 2025 के तहत मतगणना का कार्य सांस्कृतिक भवन स्थित कंट्रोल रूम में सम्पन्न होगा। मतगणना की सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण हो चुकी एवं मतगणना हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जा चुका है। बीजापुर नगरपालिका के 15 वार्डो के पार्षद पद एवं अध्यक्ष पद हेतु हुए निर्वाचन की मतगणना कार्य सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी उप जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई है। मतगणना हेतु 15 टेबल की व्यवस्था की गई है।

## मतगणना हाल में मोबाईल या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना वर्जित है, मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु पास अनिवार्य

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतगणना के दौरान मतगणना हाल में मोबाईल या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः वर्जित है। गणन अभिकर्ता को केवल सादा कागज, पेन एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रदाय मतलेखा की प्रति ले जाने की अनुमति होगी। इसी प्रकार गणन अभिकर्ताओं को आबंटित मेज से हट कर हाल में इधर-उधर घुमने की अनुमति नहीं है तथा भवन के अंदर धम्रपान पूरी तरह निशिद्ध है। किसी भी गणन अभिकर्ता को मतगणना भवन में प्रवेश के लिए नियुक्ति पत्र दिखाना होगा। साथ ही मतदान की गोपनीयता बनाये रखने के लिए की जाने वाली घोषणा पत्र में उनका हस्ताक्षर होना चाहिए। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु अधिकारी/कर्मचारियों सहित सभी के लिए पास अनिवार्य है।

# जिले में नगरीय निकाय मतगणना की तैयारी पूरी, सातों नगरीय निकाय के स्ट्रांगरूम में होगी मतगणना

## प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेडडी, कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा नगर पालिका निर्वाचन के लिए बनाए गए मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी सातों नगरीय निकायों में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 15 फरवरी 2025 को सुबह 09 बजे से सभी नगरीय निकायों के लिए डाले गए मतां की गणना (ईवीएम) कार्य किया जाएगा। मतगणना के लिए 15 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। नगरीय निकाय के अध्यक्ष एवं पार्षदों के निर्वाचन के लिए मतगणना की तैयारियों का प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेड्डी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कवर्धा नगर पालिका निर्वाचन के लिए बनाए गए पीजी कॉलेज मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी मती मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सु आकांक्षा नायक सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मती गीता रायस्त ने बताया कि नगरीय निकाय कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र की मतगणना आचार्य पंथ गृन्धमुनि नाम साहेब शासकीय महाविद्यालय कवर्धा में, पंडरिया की मतगणना कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैराग पारा पंडरिया में, नगर पंचायत पाण्डातराई की मतगणना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई, पिपरिया की मतगणना पीएम स्वामी आत्मानंद शासकी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया, इंदौरी की मतगणना शासकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौरी, बोड़ला की मतगणना वार्ड 11 मंगल भवन बांधाटोला बोड़ला और सहसपुर लोहारा की गणना पीएम स्वामी आत्मानंद शासकी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोहारा में किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय में मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि सभी नगरीय निकायों में मतगणना के लिए 120 टेबल लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कवर्धा नगर पलिका के लिए 27 टेबल, पंडरिया के लिए 18, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के लिए 15-15 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्टॉफ अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

# जिले में मतगणना दिवस पर शुष्क अवधि घोषित मतगणना स्थल से संलग्न मदिरा दुकाने रहेगी बंद

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा नगर पालिका आम/उप निर्वाचन 2025 हेतु मतगणना 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से मतगणना समाप्ति तक मदिरा दुकाने बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के मतगणना स्थल क्षेत्र से संलग्न नगर पालिकाओं के वार्डों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेंट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.2 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल.-1 (ख-अहाता), एफएल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफएल.-3, 5, 5 (क) को बंद रखे जाने हेतु 'शुष्क अवधि' दिवस घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना स्थल भिलाई चरोदा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भिलाई-3 में एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), एवं एफएल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता) प्रतिबंधित रहेगी। इसी प्रकार मतगणना स्थल अमलेश्वर के स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलेश्वर, कुम्हारी अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड 14 कुम्हारी में सीएस 2 (घघ-कम्पोजिट), अहिवारा अंतर्गत रीक्रिएशन क्लब वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा में सीएस 2 (घघ-कम्पोजिट), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट) एवं एफएल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता), धमधा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड क्रमांक 01 धमधा में 2 (घघ-कम्पोजिट), एफएल.-1 (घघ), सी.एस. 2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल. 1 (ख-अहाता), मतगणना स्थल पाटन से संलग्न सीएस 2 (घघ), एफएल. 1 (घघ)।

# बीएसपी मैनेजमेंट की नीतियों से कांट्रेक्टर में रोष, 17 को आमसभा में बनेगी रणनीति

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने सेल-भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट के समक्ष विभिन्न मुद्दों पर ध्यानाकर्षण कराया है। एसोसिएशन मूल रूप से छोटे टेंडरों को समाप्त कर बड़े टेंडर में तब्दील करने, ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से जांच सुविधा उपलब्ध नहीं कराने और निविदा प्रणाली में पारदर्शिता के अभाव जैसे मुद्दों पर मुखर है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एसोसिएशन की आम सभा 17 फरवरी सोमवार को सुबह 11:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस भिलाई निवास में रखी गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के. ए. अब्दुल कादर ने बताया कि सार्वजनिक उपक्रम के सभी कांट्रेक्टर ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर परेशान हैं। बीएसपी मैनेजमेंट इस तरफध्यान नहीं दे रहा है। इससे सभी कांट्रेक्टर का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि ईडी (वर्क्स) और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) विभाग से इन मुद्दों पर चर्चा के लिए एसोसिएशन ने समय मांगा है। उन्होंने वर्तमान के एक प्रमुख ज्वलंत मुद्दे का उल्लेख करते हुए बताया कि कार्यस्थल पर मजदूर की मौत होने की स्थिति में बगैर जांच के ठेकेदार को ही दोषी मान लिया जाता है और अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 3 लाख व इसके बाद 10 लाख दिलवाया जाता है। इस दौरान ठेकेदार के इस राशि के अलावा 2-3 लाख और खर्च हो जाते हैं। जबकि ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच के उपरांत ठेकेदार को राशि देने कहना चाहिए क्योंकि मजदूर पहले से ही ईएसआई कवर्ड होता है, जिसके माध्यम से भी वैधानिक भुगतान का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि लॉटरी प्रणाली के माध्यम से टेंडरों को खोलने में पारदर्शिता का अभाव है। छोटे टेंडरों को समाप्त कर उन्हें बड़े टेंडरों में परिवर्तित किया जा रहा है। मैनेजमेंट ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से मेडिकल जांच की अनुमति नहीं दे रहा है, इससे मजदूरों और कांट्रेक्टर को अनावश्यक खर्च वहन करना पड़ रहा है। रोटेशन के आधार पर यांत्रिक, विद्युत एवं सिविल के रेट कांट्रेक्ट का वितरण नहीं किया जा रहा है। ओएंडएम विभाग मे पंजीयन नवीनीकरण के लिए योग्यता के दायरे को लेकर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। सीआईएसएफमें एनडीसी मिलने में देरी की जा रही है, इससे भी काम प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही समूचे भिलाई स्टील प्लांट के सभी ठेका मजदूरों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस को भी अनिवार्य कर दिया गया है, जो कि व्यवहारिक नहीं है। सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष के. ए. अब्दुल कादर ने बताया कि 17 फरवरी सोमवार को सुबह 11:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस भिलाई निवास में आम सभा में इन सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# वैज्ञानिक चेतना के प्रसार के लिए अभियान शुरू, गूगल मीट पर व्याख्यान आज से

## छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की ओर से विज्ञान दिवस पखवाड़ा 28 तक

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की ओर से विज्ञान दिवस पखवाड़ा का आयोजन 14 से 28 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें वैज्ञानिक चेतना से जुड़े विविध आयोजन होंगे। इस दौरान रोजाना राज्य स्तरीय ऑनलाइन व्याख्यान रखे गए हैं। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सचिव डॉ वाय के सोना ने बताया कि इसकी शुरुआत में 14 फरवरी को विज्ञान दिवस पखवाड़े की रूपरेखा और जिला इकाइयों द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम पर गूगल मीट के साथ हुई। जिसमें निधि सिंह, संयुक्त सचिव, असिस्टेंट प्रोफेसर, के एन कालेज कोरबा, छत्तीसगढ़ मुख्य वक्ता थीं। इसी कड़ी में 15 फरवरी शनिवार शाम 7.00 से 8.30 बजे तक 'जैव विविधता का धनी छत्तीसगढ़ राज्य' विषय पर प्रो. एम एल नायक, प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट, पूर्व महानिदेशक सीकॉस्ट, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, रायपुर मुख्य वक्ता होंगे। इसके बाद 16 फरवरी रविवार शाम 7.00 से 8.30 बजे 'विज्ञान और आत्मनिर्भरता' विषय पर प्रो. दिनेश अब्रोल, दिल्ली साइंस फोरम, पूर्व प्रोफेसर जेएनयू दिल्ली का व्याख्यान होगा। वहीं 17 फरवरी सोमवार शाम 7.00 से 8.30 बजे 'जनविज्ञान आंदोलन का जन्म, विकास और उसके समक्ष खड़ी चुनौतियां' विषय पर प्रो. अरुणाभ मिश्रा, आल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क, कोलकाता मुख्य वक्ता होंगे। इसके उपरांत भी 28 फरवरी तक गूगल मीट जारी रहेगी। पखवाड़े के अन्य आयोजन के संबंध में डॉ. सोना ने बताया कि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के बच्चों में वैज्ञानिक चेतना जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसमें कथित चमत्कारों के विरुद्ध वैज्ञानिक सोच को विकसित करने कार्यक्रम होगा। 'विज्ञान आओ करके देखें' के अंतर्गत स्थानीय संसाधनों द्वारा छोटे छोटे प्रयोगों के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझाया जाएगा। 'कबाड़ से जुगाड़' के अंतर्गत पुरानी टूटी फूटी चीजों से कुछ उपयोगी वस्तुओं का निर्माण भी करवाया जाएगा। इसी तरह अन्य आयोजन भी होंगे।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत गणना पर्यवेक्षक को मतगणना के लिए दिया गया प्रशिक्षण

# एक गणना टेबल में वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों के मतों की होगी गणना

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में 15 फरवरी को नगर निगम/नगर पालिका/ नगर पंचायत के महापौर/ अध्यक्ष/पार्षद पद के मतों की गिनती (मतगणना) का कार्य संपादित किया जाना है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आज बीआईटी कॉलेज में गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स हरेन्द्र सिंह भुवाल ने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का बहुत ही संवेदनशील भाग है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि निकायवार/ वार्डवार प्रत्येक टेबल के लिए एक गणना पर्यवेक्षक एवं दो गणना सहायक होंगे। सबसे पहले महापौर/अध्यक्ष के लिए प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जाएगी।

तत्पश्चात सभी वार्डो के लिए प्राप्त निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जाएगी। प्रत्येक वार्ड के लिए एक गणना टेबल होगा। एक गणना टेबल में वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों के मतों की गणना की जाएगी। नियंत्रण यूनिट एवं एड्रेस टेग उसी मतदान केन्द्र के हो यह सबसे पहले सुनिश्चित करना होगा। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि अभ्यर्थियों को गणन अभिकर्ता नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। पार्षद के मामले में यदि अभ्यर्थी के वार्ड में मतदान केन्द्रों की संख्या 5 तक हो तो केवल एक गणन अभिकर्ता और यदि वार्ड में मतदान केन्द्रों की संख्या 5 से अधिक हो और वार्ड के मतों की गणना 2 मेजों पर की जा रही हो तो दो गणन अभिकर्ता रहेंगे। महापौर/अध्यक्ष के मामले में प्रत्येक गणना मेज के लिए एक गणन अभिकर्ता रहेंगे। नियंत्रण यूनिट के पीछे कंपार्टमेंट में लगे पॉवर स्वीच को दबाकर ऑन स्थिति में लाना होगा। नियंत्रण यूनिट के प्रदर्शन सेक्शन में हरी बत्ती चमकने लगेगी। रिजल्ट सेक्शन का बटन दबाने पर परिणाम प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

प्रदर्शन सेक्शन में मतदान तारीख, मतदान प्रारंभ समय, मतदान की समाप्ति समय, कुल पदों की संख्या, कुल मतों की संख्या, अंडर वोट उम्मीदवारों की संख्या, सीटों की संख्या, अभ्यर्थियों की संख्या के साथ प्रत्येक प्रथम पद (महापौर/अध्यक्ष) के लिए मतों की संख्या, दूसरा पद(पार्षद) के मतों की संख्या, अंडर वोट अभ्यर्थियों की संख्या, सीटों की संख्या, अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या, अनफिनिश्ड वोटर और एंड प्रदर्शित होगा।

मास्टर ट्रेनर्स अजय तिवारी ने बताया कि नियंत्रण यूनिट में रिकार्ड किए गए मतों का लेखा गणना प्रारूप में भरना होगा और गणन अभिकर्ता व सुपरवाइजर के हस्ताक्षर किए जाने के पश्चात् प्रारूप को रिटर्निंग ऑफिसर को सौपना होगा। एक टेबल पर गणना का एक चक्र (एक नियंत्रण यूनिट में रिकार्ड किए गए मतों की गणना कार्य) पूरा हो जाने पर गणना के अगले चक्र के लिए उस टेबल पर संबंधित वार्ड के दूसरे मतदान केन्द्र की नियंत्रण यूनिट (यदि उस वार्ड में एक से अधिक मतदान केन्द्र हो तो) प्रदान की जाएगी।

# 71वीं राष्ट्रीय सीनियर कबड्डी चैम्पियनशीप

## चयन ट्रायल में भाग लेंगी कुमारी आरती

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



71 वीं राष्ट्रीय सीनियर (महिला) कबड्डी चैम्पियनशीप का आयोजन भारतीय कबडडी महासंघ के तत्वाधन में हरियाणा राज्य कबडडी संघ द्वारा 15 से 18 फरवरी 2025 तक आर्य कन्या गुरूकुल मोर माजरा जिला करनाल हरियाणा में आयोजित है। उक्त चैम्पियन में भाग लेने हेतु छ.ग. की सीनियर (महिला) टीम का चयन ट्रायल कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र अमरैया चौक चिगराजपारा बिलासपुर में रखा गया है।

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण से मिली जानकारी अनुसार खेलों इंडिया लघु केंद्र मर्रा पाटन जिला दुर्ग के कबड्डी खिलाड़ी कुमारी आरती आत्मज कैलाश ठाकुर का छ.ग. राज्य सीनियर (महिला) कबड्डी टीम का चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु चयन किया गया है। प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार एवं संतोष कुमार यादव पी.टी.आई मर्रा के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## संपादकीय

### बांग्लादेश में अनिश्चितता यूनुस सरकार पर दबाव

**बांग्लादेश** की सेना ने बढ़ती अराजकता एवं संबंधों में गिरावट के समय यह कह कर यूनुस सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है कि वह भारत के साथ मजबूत संबंध चाहती है। बांग्लादेश वर्तमान समय में राजनीतिक अनिश्चितता तथा अशांति का शिकार है क्योंकि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार तथा देश में शक्तिशाली सैनिक अवस्थापना के बीच भी विरोधाभास पैदा हो गए हैं। हाल ही में ढाका इंटरनेशनल मैराथन, 2025 में सेना प्रमुख जनरल वकारुज्जमा ने सिविलियन सरकार के प्रति सेना के दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन का संकेत दिया। उन्होंने शांति, स्थायित्व तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग, खासकर भारत के साथ सहयोग पर जोर दिया। इससे सेना की कतारों में यूनुस प्रशासन की नीतियों व शासन के दृष्टिकोण के प्रति बढ़ते विरोध का संकेत मिलता है। बांग्लादेश की सेना ने ऐतिहासिक रूप से आंतरिक स्थायित्व बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अक्सर राजनीतिक संकट काबू के बाहर जाने पर उसने हस्तक्षेप किया है। यूनुस सरकार के नेतृत्व में राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण लगता है कि सेना स्वयं को प्रशासन से दूर रख रही है जो देश के सत्ता समीकरणों में बदलाव का संकेत है। यूनुस सरकार से सेना के असंतोष के अनेक कारण हो सकते हैं। इससे संकेत मिलता है कि सेना को यूनुस सरकार के नेतृत्व में खराब होती आर्थिक स्थितियों तथा बढ़ते सामाजिक तनाव की चिन्ता है। लगातार जारी राजनीतिक अशांति के कारण विदेशी निवेशों तथा आर्थिक प्रगति को नुकसान पहुंच सकता है, जबकि ये दोनों देश के विकास के लिए आवश्यक हैं।



सेना को संभवतः प्रशासनिक कमियों तथा सुरक्षा सरोकारों, खासकर बढ़ती राजनीतिक हिंसा और विरोध प्रदर्शनों की संख्या बढ़ने से चिन्ता है। युनुस सरकार इन व्यवधानों से नहीं निपट पा रही है जिनको स्थायित्व सुनिश्चित करने की विफलता के रूप में देखा जा सकता है। यह सेना के लिए खास चिन्ता का विषय है। बांग्लादेश का सैनिक नेतृत्व प्रमुख क्षेत्रीय शक्तियों के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को महत्व देता है। भारत के बारे में जनरल वकार की टिप्पणी से ऐसे व्यावहारिक विदेश नीति दृष्टिकोण के प्रति सेना की इच्छा प्रकट होती है जिसमें लोकरंजक लफ्फाजी के आधार पर बने वैचारिक दृष्टिकोणों के बजाय स्थायित्व तथा परस्पर लाभ को प्राथमिकता मिलती हो। सेना प्रमुख जनरल वकारुज्जमा के बयान में जोर दिया गया है कि भारत एक महत्वपूर्ण पड़ोसी तथा क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग में प्रमुख साझीदार है। इस बयान से बांग्लादेश की विदेश नीति में रणनीतिक समीक्षा की स्थिति रेखांकित होती है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश 'अनेक मामलों में भारत पर निर्भर है' तथा दोनों देशों को एक दूसरे के रणनीतिक हितों का सम्मान करना चाहिए। जनरल का यह बयान नई दिल्ली के साथ निकट संबंधों की पैरवी करता लगता है। भारत और बांग्लादेश के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं जिनमें व्यापार, ऊर्जा सहयोग तथा ढांचागत परियोजनायें शामिल हैं। भारत के साथ स्थाई संबंधों से निरंतर आर्थिक वृद्धि तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। आतंकवाद-विरोधी प्रयासों में सहयोग तथा सीमा प्रबंधन शांति और स्थयित्व बनाए रखने के लिए जरूरी है। बांग्लादेश का सैनिक नेतृत्व शायद भारत के साथ मजबूत संबंधों के पक्ष में है क्योंकि इसका अर्थ संतुलित विदेश नीति अपनाना होगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि ढाका किसी क्षेत्रीय शक्ति पर अत्यधिक निर्भर न होने पाए। वर्तमान समय में बांग्लादेश में सिविल सरकार और सेना के बीच बढ़ती विसंगतियों का संकेत मिलता है, जबकि आने वाले महीनों में देश की दिशा निर्धारित करने में सिविलियन नेतृत्व तथा सैनिक अवस्थापना के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

# 'मन की बात' से रेडियो का प्रचार

'विश्व रेडियो दिवस' मनाते समय 'मन की बात' हमें याद दिलाती है कि संप्रेषण के आधार वही बने हुए हैं। इनमें लोगों को जोड़ना, प्रेरित करना तथा उनको एकसाथ लाना शामिल है।



संतोष मैथ्यू
(लेखक, एसोसिएट प्रोफेसर हैं)



रेडियो केवल एक माध्यम न होकर एक ऐसी जीवनरेखा है जो सीमाओं को पार कर लोगों को एकसाथ जोड़ती तथा उनके स्वरों को विस्तार देती है। 'विश्व रेडियो दिवस' मनाते समय दुनिया इस स्थाई मंच की शक्ति का उत्सव मना रही है। भारत इस उल्लेखनीय संचार क्रांति में अग्रणी स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक प्रसारण 'मन की बात' की हाल ही में 118वीं कड़ी प्रसारित हुई। इससे स्पष्ट होता है कि डिजिटल युग में भी रेडियो एक पुनर्जीवन का अनुभव कर रहा है और यह सुशासन, अभिप्रेरणा तथा भावनात्मक राजनय का सर्वाधिक प्रभावी उपकरण सिद्ध हो रहा है।

जब यूनेस्को ने 2011 में 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस घोषित किया तो इसका उद्देश्य स्पष्ट रूप से जनता में संवाद को बढ़ावा देने, जागरूकता फैलाने तथा सारी दुनिया में समुदायों को एकसाथ लाने में रोडियो का प्रभाव स्वीकार करना था। भारत में 'मन की बात' रेडियो की स्थाई शक्ति का प्रमाण है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस मासिक कार्यक्रम ने दुनिया में एक सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावी संप्रेषण प्रयोग की शुरुआत की है जो न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के करोड़ों श्रोताओं तक पहुंच रहा है।

कहानी कहने के माध्यम से श्रोताओं से जुड़ने की असाधारण और बेजोड़ क्षमता के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस पहल ने दिखा दिया है कि बढ़ते डिजिटल शोर के इस युग में भी रेडियो का महत्व बना हुआ है। ऐसे समय जब बहुत से लोगों ने परंपरागत रेडियो के श्रोताओं में कमी आने की बात कही थी, 'मन की बात' ने रेडियो के महत्व को पुनः परिभाषित कर इसका महत्व बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की शक्ति इसकी सरलता और विश्वसनीयता है। इसकी हर कड़ी न केवल नीतिगत चर्चाओं को जन्म देती है, बल्कि यह आम नागरिकों की प्रेरणादायक कहानियों, जमीनी स्तर पर हो रही खोजों, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय उपलब्धियों की भी चर्चा करती है। इस दृष्टिकोण से 'मन की बात' की 118वीं कड़ी भी कुछ अलग नहीं थी। इसमें उन विमर्शों को शामिल किया गया था जो राष्ट्र-निर्माण की भावना पैदा करते हैं, पर्यावरण के प्रति चेतना का विस्तार करते हैं तथा सामूहिक जिम्मेदारी की भावना पर जोर देते हैं। अपने राष्ट्रीय आकर्षण के साथ ही 'मन की बात' भारत की भावनात्मक राजनय का महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। दुनिया भर में रहने वाले अनिवासी भारतीय बड़ी जिज्ञासा से इस कार्यक्रम को सुनते हैं और इस प्रकार वे अपनी जन्मभूमि से एक प्रकार से जुड़ाव का अनुभव करते हैं। इसका प्रसारण राष्ट्रीय सीमाओं के पार जाता है और अक्सर इसका अनेक भाषाओं में अनुवाद भी होता है।

'मन की बात' का प्रसारण दक्षिण एशिया की अनेक क्षेत्रीय भाषाओं में होता है जिससे पड़ोसी देशों के साथ भारत के राजनयिक व सांस्कृतिक संबंध मजबूत होते हैं। विश्व में प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहे भारत ने अपनी भावनात्मक राजनय का विस्तार करने के लिए रेडियो को एक माध्यम बनाया है। इससे भारत राष्ट्र की ऐसी छवि उभरती और मजबूत होती है जिसमें संवाद, साझा विरासत तथा सहयोग को महत्व दिया जाता है। दक्षिण एशिया दुनिया का एक ऐसा क्षेत्र है जो गहरे ऐतिहासिक सांस्कृतिक व भाषाई संबंधों से बंधा है। इन स्थितियों में विभिन्न भाषाओं में प्रसारित 'मन की बात' एक सेतु का काम करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अत्यधिक लोकप्रिय कार्यक्रम के विषयों में आत्मनिर्भरता, समुदाय-संचालित पहलें, पर्यावरण का टिकाऊपन तथा युवाओं का सशक्तीकरण शामिल हैं। ये विषय न केवल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये भारत के पड़ोसी देशों में भी बहुत लोकप्रिय हैं।

ऐसे समय में जब दक्षिण एशिया में अक्सर समन्वय के प्रयासों को अनेक राजनीतिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है, सांस्कृतिक और सामाजिक आदान-प्रदान के माध्यम के रूप में रेडियो का पुनर्जीवन असाधारण संभावनाओं से भरा लगता है। 'मन की बात' के माध्यम से भारत की रेडियो-राजनय में भी असाधारण संभावनायें सामने आती हैं।

यह दक्षिण एशिया की जनता में गहरे जुड़ावों की उत्प्रेरक शक्ति बन सकता है। इससे साझा विकासोन्मुख विमर्श विकसित हो सकते हैं तथा क्षेत्रीय जनसंख्या के बीच साझा महत्वाकांक्षाओं का विकास भी हो सकता है।

'मन की बात' की 118वीं कड़ी ने यह प्रदर्शित किया है कि रेडियो का प्रयोग सहभागी माध्यम के रूप में कैसे किया जा सकता है। नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद में अक्सर श्रोताओं द्वारा लिखे पत्रों तथा उनके संदेशों को महत्वपूर्ण स्थान मिलता है। जन-केन्द्रित प्रशासन पर इस प्रकार जोर दे कर 'मन की बात' जनता के विभिन्न समूहों के बीच संवाद का विशिष्ट 'स्पेस' तैयार करता है। यह उन सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से एकदम अलग है जो अक्सर विभाजित तथा शोर व प्रतिध्वनि से भरे होते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से रेडियो एक ऐसी एकीकरण शक्ति के रूप में सामने आया है जो जनता को अबाध रूप से तथा गहराई से आपस में जोड़ता है।

'मन की बात' में तमिलनाडु के मछुआरों से लेकर पंजाब के किसानों तथा मेघालय के छात्रों से लेकर गुजरात के उद्यमियों की बातें शामिल होती हैं। इस प्रकार यह कार्यक्रम भाषाई, भौगोलिक व सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को पार कर हर भारतीय से से बात करता है। अपनी कहानी कहने की शक्ति के माध्यम से यह कार्यक्रम अनाम नायकों, छोटे बिजनेसों तथा संस्कृति के संरक्षकों के स्वर सामने लाता है। रेडियो हमेशा से प्रभावशाली माध्यम रहा है, पर 'मन की बात' ने परंपरागत प्रसारण को आधुनिक डिजिटल समन्वय से जोड़ कर एक कदम आगे बढ़ाया है। इस कार्यक्रम को एकसाथ अनेक प्लेटफार्मों पर जारी किया जाता है जिनमें सामुदायिक रेडियो स्टेशन, आल इंडिया रेडियो-एआईआर, पाडकास्ट और सोशल मीडिया चैनल शामिल हैं।

इस हाइब्रिड माडल ने सुनिश्चित किया है कि संदेश हर प्रकार की जनसंख्या तक पहुंचे जिसमें ट्रांजिस्टर रेडियो का प्रयोग करने वाले ग्रामीण किसान से लेकर स्मार्टफोन एप से जुड़ने वाले पेशेवर शहरी लोग तक शामिल हैं। 'विश्व रेडियो दिवस' पर जब दुनिया भर में रेडियो के पुनर्जीवन और प्रभाव पर चर्चा हो रही है, ऐसे में 'मन की बात' एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में सामने आता है कि कैसे इस माध्यम का प्रयोग राष्ट्र-निर्माण व राजनय में किया जा सकता है। दुनिया भर के देश भारत द्वारा एक उपकरण के रूप में रेडियो के प्रयोग से सबक सीख सकते हैं जो रचनात्मक संवाद, नेतृत्व से संवाद तथा वैश्विक संपर्क का माध्यम बन गया है।

ऐसे युग में जब ध्रुवीकरण व्यापक हो गया है, रेडियो की क्षमता सामूहिक चेतना विकसित करने के रूप में सामने आई है। यह विशाल व विविधतापूर्ण भारत के लिए ज्यादा मूल्यवान है। 'मन की बात' में उन स्वरों को एकीकृत किया गया है जो लोगों की महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वर की शक्ति, शब्दों के जादू तथा मौखिक कहानी कहने जैसे गहन तत्वों के कारण यह कार्यक्रम एक राजनीतिक पहल से आगे बढ़ कर एक सांस्कृतिक अवधारणा बन गया है। दुनिया इस समय परंपरागत संप्रेषण प्लेटफार्मों को पुनर्जीवित करने के तरीके खोज रही है।

ऐसे में भारत के उदाहरण से स्पष्ट है कि रेडियो न केवल जीवंत बना हुआ है, बल्कि यह डिजिटल युग में भी फल-फूल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम इस पुनर्जीवन का नेतृत्व करते हुए यह सिद्ध कर रहा है कि 'डिजिटल शोर' के युग में भी मानवीय स्वरों में एकजुट करने तथा प्रेरित करने की क्षमता बनी हुई है।

# एक आस्था, एक जगत

> जीवन और मृत्यु नवीनीकरण के एक शाश्वत चक्र में गुंथे हुए हैं, जो आत्मा को विकास के अवसर प्रदान करते हैं।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हम सभी ने अपने स्कूल के दिनों में एक बूढ़े किसान की साधारण कहानी के माध्यम से प्रसिद्ध मुहावरा एकजुट होकर खड़े रहें, विभाजित होकर गिरें सुना है, जिसने अपनी मृत्युशैया पर अपने बिखरे बेटों को लकड़ियों के एक बंडल के माध्यम से एकता का महत्व सिखाया। वह कहानी आज भी हमारे समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है और यहां तक ??कि लोकप्रिय भी हुई है क्योंकि आधुनिक दुनिया में कलह, फूट, संघर्ष और युद्ध ने अभूतपूर्व अनुपात ग्रहण कर लिया है। आज, मानवता के सामने सबसे कठिन चुनौतियों में से एक विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच आवश्यक सद्भाव स्थापित करना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजनीतिक और धार्मिक नेताओं ने लोगों को एक साझा मंच पर लाने और प्रत्येक धर्म की बेहतर समझ और स्वीकृति बनाने के तरीके और साधन खोजने का बार-बार प्रयास किया है। लेकिन उनके कठिन प्रयासों के बावजूद, बहुत कुछ नहीं बदला है। इसलिए, वर्तमान में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या विभिन्न धर्म और आस्थाएं कभी एकजुट हो सकती हैं। यदि हाँ, तो कैसे?

अगर हम इतिहास की गलियों में चलें, तो हम पाएंगे कि धार्मिक सद्भाव की आवश्यकता क्यों उत्पन्न हुई, इसका एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि मानव इतिहास में सबसे हिंसक युद्ध और संघर्ष धार्मिक असहिष्णुता और घृणा पर आधारित थे। यह एक चौंकाने वाला बयान हो सकता है।

लेकिन यह कठोर वास्तविकता है कि धर्म, जो लोगों को अधिक शांतिपूर्ण और प्रेमपूर्ण बनाने वाले माने जाते हैं, आज दुनिया में कलह और रक्तपात का सबसे बड़ा कारण बन गए हैं।



दुनिया भर में संगठित समूहों को धर्म के नाम पर आतंक फैलाने और दुनिया से बुराई को दूर करने के नाम पर जातीय सफाया करने की कसम खाते हुए देखना बहुत भयावह है। अगर हम सदियों से प्रत्येक धर्म के विकास की बारीकी से जांच करें, तो यह एक दिलचस्प पैटर्न को उजागर करता है। भले ही सभी धर्मों में कुछ सामान्य मूल्य और सिद्धांत हों, लेकिन बहुत सारी गलत धारणाएँ और परस्पर विरोधी मान्यताएँ हैं, जिन्होंने लगातार लोगों के बीच अविश्वास और शत्रुता को बढ़ावा दिया है। यह जानना बहुत ज़रूरी है कि, अपनी स्थापना के समय, हर धर्म में पवित्रता, सच्चाई और एकता की शक्ति थी। धीरे-धीरे, दरारें, गुटबाजी, उथल-पुथल, भ्रम, छल और आध्यात्मिक महत्व से रहित कर्मकांडीय पालन दिखाई देने लगे। इसलिए, आध्यात्मिक मूल्यों को सशक्त बनाने के बजाय, धर्मों ने हठधर्मिता, अनुशासन और बाधाओं को कायम रखा जो लोगों को कई तरह से अलग-थलग कर देते हैं।

कई लोग उन्हीं बुराइयों का शिकार हो जाते हैं जिनके खिलाफ वे उपदेश देते हैं, जैसे सत्ता, सुख और पैसे की लालसा। प्रत्येक धर्म की बेहतर समझ, सहिष्णुता और स्वीकृति हो सकती है, लेकिन जब तक एक या आम विश्वास न हो, एकता नहीं हो सकती। तो, सभी धर्मों को स्वीकार्य एक आम समाधान तक पहुंचने का सबसे अच्छा तरीका क्या है? सर्वोच्च सर्वशक्तिमान द्वारा दिए गए दिव्य ज्ञान के अनुसार, मानव संसार के शाश्वत चक्र में सब कुछ परिवर्तन से गुजरता है, जिसका अर्थ है कि सब कुछ एक परिपूर्ण अवस्था से अपूर्ण, खंडित अवस्था में बदल जाता है। चाहे वह मानव आत्मा हो, प्रकृति हो, धर्म हो या सभ्यता हो, लगभग सब कुछ सतो (शुद्ध), रजो (मिश्रित) और तमो (अशुद्ध) अवस्थाओं से गुजरता है क्योंकि समय चक्र स्वर्ण युग से लौह युग तक घूमता है।

आज हम मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं के तमो-प्रधान (सबसे पतित) चरण को देख रहे हैं, और धर्म भी इस परिवर्तन की प्रक्रिया से अछूते नहीं हैं। इसलिए, हम सभी धर्मों में निहित आध्यात्मिकता के संदर्भ में ही एकीकृत आस्था की कल्पना कर सकते हैं। कहा जाता है कि ईश्वर सत्य है, और सच्चा धर्म उस सत्य का प्रतीक है। इसलिए, जब मनुष्य अपने हृदय में उस सत्य को अपना लेंगे, तो एक एकीकृत दुनिया होगी। इसलिए, आइए हम सभी एक एकीकृत आस्था के साथ एकजुट होकर उस नई दुनिया का स्वागत करें जहां सत्य, शांति और सद्भाव कायम रहेगा।

## आप की बात

### यह कैसा न्याय?

**प्रधानमंत्री** इन्दिरा गांधी की उनके 2 सिख सुरक्षाकर्मियों द्वारा निर्मम हत्या के उपरान्त देश की राजधानी में सिख विरोधी हिंसा जिसमें 3000 से अधिक निर्दोष केशधारियों की हत्या हुई, अब 41 वर्ष बाद एक कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार पर हत्या के आरोप सिद्ध हुए हैं और दण्ड के आदेश की सम्भावना है । यह विडम्बना ही है कि जिस हिंसा को तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व का प्रत्यक्ष समर्थन व आशीर्वाद प्राप्त था और उसी कारण दिल्ली में लगातार 3 दिन हिंसा रोकने के कोई प्रयास नहीं हुए उसके लिए न तो सीधे कांग्रेस पर आरोप निर्धारित हुए न सत्ताधारी परिवार पर । यह कोई रहस्य नहीं कि इन्दिरा जी के पुत्र राजीव हिंसा के समय भारत के प्रधानमंत्री थे और उन्होंने उस हिंसा को स्वाभाविक प्रतिक्रिया भी बताया था, उनके समक्ष कांग्रेसियों द्वारा खून का बदला खून से लेंगे जैसे नारे दूरदर्शन पर देखे गए थे । लगता है कांग्रेस और उसके सर्वोच्च परिवार को बचाना ही कोर्ट और मीडिया का उद्देश्य रहा क्योंकि उस हिंसा के वास्तविक दोषी सज्जन, भगत अथवा टाइटलर नहीं राजीव व उनका परिवार और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व है। 41 वर्ष बाद यदि सज्जन कुमार को अधिकतम दण्ड दे भी दिया जाए तो उसको न्याय नहीं कहा जा सकता बल्कि भारत की कोर्ट प्रक्रिया पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है।

– **डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

### विचारणीय प्रश्न

**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा रेवड़ी व मुफ्तखोरी को लेकर विचारोत्तेजक प्रश्न किया गया है कि क्या ऐसा करके हम लोगों को परजीवी नहीं बना रहे हैं ? बेहद विचारणीय है । जब से राजनीतिक दलों द्वारा वोट व सत्ता के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने का उपक्रम चला है, तब से ही इन अखबारों के पन्नों पर खैरातों को लेकर काफी कुछ लिखा गया है। लेकिन विडंबना की बात है कि राजनीतिक दलों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा बल्कि नई-नई मुफ्त की योजनाओं की घोषणाएं बढ़ती गई। कहीं लाडली बहन के नाम पर तो कहीं लाड़की बहन, न जाने क्या-क्या? इतनी रेवड़ी की घोषणाएं सुन सुन कर कान पक जाए, मगर ये दल-बल वाले नहीं अघाते है । मुफ्तखोरी का एक कुपरिणाम यह भी है कि जब इंसान को मुफ्त में मिलने लग जाता है तो निश्चित ही माले मुफ्त दिलएबेरहम की कहावत चरितार्थ होने लग जाती है । कोई भी काम करना नहीं चाहता क्योंकि अल्लाह दे खाने को तो क्यों जाएं कमाने को ? साथ ही अपवाद स्वरूप लोगों को छोड़ दे तो शत-प्रतिशत यह पैसा शराब/ नशाखोरी में भी जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट की यह सीख जमीनी स्तर पर कितनी आत्मसात कर पाएंगे ये राजनीतिक दल यह देखने वाली बात है ! मगर यह कोई पहली बार टिप्पणी नहीं की जा रही है। समय-समय पर पहले भी टिप्पणी की गई, लेकिन देशभक्त जनसेवकों के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद, उज्जैन

### शीर्ष अदालत की फटकार

**यों** तो रेवड़ी संस्कृति पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहीं बार राजनीतिक दलों को फटकार लगाई है, किन्तु इस बार उसने रेवड़ी बांटने के कुप्रभावों पर भी खुलकर बोला है। मुफ्त की रेवड़ी के चलन का श्रेय यों तो स्वर्गीया जयललिता को जाता है किन्तु इस चलन को परवान चढ़ाया कट्टर ईमानदार अरविन्द केजरीवाल ने। फिर यह संक्रमण धीरे-धीरे सभी राजनीतिक दलों में फ़ैल गया। कुछ दल इस रेवड़ी बांट को जनहित के कार्य कहते हैं तो कुछ इसे जनता का अधिकार। किन्तु यह निस्सन्देह घूस देकर मत खरीदना है। शीर्ष न्यायालय ने बिल्कुल ठीक कहा है कि मुफ़्त में चीज बांटने से लोग अकर्मण्य होते जा रहे हैं।यह प्रत्यक्षतः दिख भी रहा है। एक समय लोग मजदूरी के लिए घर - घर जाकर काम के लिए पूछते थे, किन्तु आज मजदूरों के घर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। क्योंकि बजट का एक बहुत बड़ा अंश रेवड़ी बांटने में खर्च हो जाता है। केन्द्र सरकार का मुफ़्त राशन बांटना भी मुफ़्त की रेवड़ी ही है। जिसे खरीदने के लिए गली मौहल्लों में ठेले वालों को आवाज लगाते देखा जा सकता है।यह तुरन्त बन्द होना चाहिए। इतना अवश्य हो सकता है कि गरीब लोगों को कम मूल्य पर राशन उपलब्ध कराया जाए।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### नियंत्रण की जरूरत

**संस्कृति** और संस्कारो के बगैर हमारी भौतिक प्रगति कुछ भी माने नहीं रखती है। संस्कारो का अभाव देश और समाज को खोखला करता है। बेशक हम नई सोच रखे लेकिन वह सोच संस्कृति और संस्कारो पर आघात न पहुंचाये इसका भी ध्यान रखे। क्योकि संस्कार ही जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। लेकिन आजकल इंटरनेट मीडीया ओटीटी प्लेटफॉर्म आदि पर जो परोसा जा रहा है उससे सामाजिक संतुलन के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो रहा है । एक्स से लेकर इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर ऐसे अश्लील कंटेंट की भरमार है, जो नई पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इनमें से अधिकांश सामग्री पश्चिमी समाज और संस्कृति की नकल है। देश और समाज में अप संस्कृति की हवा बहाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि डिजिटल कंटेंट की निगरानी की जाए। इंटरनेट मीडीया पर अपलोड होने वाली सामग्री का का विनियमन किया जाए ताकि भविष्य में मनोरंजन एवं अभिव्यक्ती की आजादी के नाम पर अश्लीलता फैलाने एवं पावन पारिवारिक रिश्तो को शर्मसार करने वाली अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने का दुस्साहस न करे।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आज होगा फैसला : कौन बनेगा बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय में स्थित बेमेतरा नगर पालिका सहित जिले के 9 नगर पंचायत के अध्यक्षों का फैसला मतगणना के द्वारा हो जाएगा, इसके लिए मतगणना के लिए जिला निर्वाचन के द्वारा सारी व्यवस्था कर लिया गया है। मतगणना के लिए गणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण भी हो गया है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार वार्ड के सभी मतदान केंद्र के मतों की एक ही टेबल में गणना होगी। यह भी बताया गया है कि सबसे पहले नगर पालिका अध्यक्ष के मतों की गणना होगी, फिर पार्षदों की गणना होगी। शनिवार के सुबह करीब 9:00 बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बेमेतरा में स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में नगरीय निकाय वार्ड वार प्रत्येक टेबल की एक के लिए एक गणना पर्यवेक्षक तथा एक गणना सहायक होंगे। पहले अध्यक्ष के मतों की गणना की जाएगी, उसके बाद पार्षदों की मतो की गणना होगी, प्रत्येक वार्ड के लिए एक गणना टेबल होगा, एक वार्ड टेबल में उस वार्ड के सभी मतदान केंद्रों के मतों की गणना की जाएगी। बताया गया है कि अभ्यर्थियों को गणना अभिकर्ता नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। पार्षद के लिए एक गणना अभिकर्ता अध्यक्ष के मामले में प्रत्येक गणना मेंज के लिए एक गणना अभिकर्ता रहेंगे बता दें कि बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के 21 वार्डों के लिए बनाए गए 36 मतदान केंद्रों की ईवीएम को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके साथ ही जिले के 09 नगर पंचायतो मे भी ईव्हीएम कों सील किया गया और सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम मे रखा गया। मतदान के पश्चात, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशों पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग एवं नगर पालिका परिषद की रिटर्निंग अधिकारी दीप्ति वर्मा की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों के सामने स्ट्रांग रूम को सील किया गया। साथ ही, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उसे ईंटों की दीवार से घेर दिया गया। जिसे 15 फरवरी को ईवीएम खोले जाएंगे। इससे पहले, जिले की 09 नगर पंचायतों में भी ईवीएम को सील कर सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया है।

### बेमेतरा नगरपालिका में 71.68 प्रतिशत मतदान हुआ है

बता दें कि बेमेतरा जिले मे मतदान का कुल प्रतिशत 77.44% रहा, जोकि मतदाताओं के भारी उत्साह को दर्शाता है। कुल 58,163 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिनमें 28,747 पुरुष और 29,416 महिलाएं शामिल थीं। निकायवार मतदान प्रतिशत अंतर्गत नगर पालिका बेमेतरा मे 71.68%, बेरला मे 79.52%, साजा मे 75.61%, थानखम्हरिया मे 78.46%, देवकर मे 79.42%, परपोड़ी मे 86.95%, नवागढ़ मे 75.66%, दाढ़ी मे 83.25%, भिंभौरी मे 89.18% और सबसे अधिक कुसमी मे 90.90% मतदान हुआ।

# किसी भी वस्तु की सत्ता और उपयोगिता जिस पर निर्भर होती है उसी का नाम धर्म है: स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने धर्म की परिभाषा बताते हुए कहा कि मत्स्य पुराण अग्नि पुराण आदि के अनुसार जो धारक और उद्धारक होता है उसी का नाम धर्म है धारणात धर्मः किसी भी वस्तु की सत्ता और उपयोगिता जिस पर निर्भर होती है उसी का नाम धर्म है। पृथ्वी के जितने भी कार्य हैं पार्थिव वृक्ष आदि, उनको धारण करने वाली पृथ्वी का नाम धर्म है। सिद्ध कोटि का धर्म। पृथ्वी को धारण करने वाला सन्निकट निर्विशेष जल का नाम धर्म है। जल को धारण करने वाला जल के उदय विलय निलय स्थान सन्निकट निर्विशेष अग्नि का नाम धर्म है। अग्नि को धारण करने वाला पवन या वायु का नाम धर्म है। वायु को धारण करने वाले आकाश का नाम धर्म है। आकाश को धारण करने वाला बिजावस्थापन्न अव्यक्त का नाम धर्म है। अव्यक्त जिसकी शक्ति परमात्मा का नाम धर्म है। कठोपनिषद और बौद्धगम में आत्मा का नाम धर्म है। यह सब सिद्ध कोटि का धर्म है इसी प्रकार साध्य कोटि का धर्म है यज्ञ, दान, तप, व्रत, वर्णधर्म, आश्रम धर्म आदि। उन्होंने आगे कहा कि लौकिक और पारलौकिक उत्कर्ष और मोक्ष उपलब्धि के मार्ग का नाम धर्म है। उल्लेखनीय है कि ऋग्वेदीय पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत 12 फरवरी से 15 फरवरी तक कवर्धा में प्रवास है। इस अवसर पर स्थानीय सरदार पटेल मैदान में आयोजित विशाल धर्मसभा में पूज्यपाद के निज सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती महाराज ने विरुदावली प्रस्तुत किया। उनके पूर्व आदित्यवाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने संस्था की ओर से स्वागत प्रतिनिवेदन प्रस्तुत किया। श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा जिस व्यक्ति के पास विद्या, बल, वैभव और सेवा का प्रकल्प है तो वह व्यक्ति सब प्रकार से सुदृढ़ है। विवाह में वर्ण संकरता के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गोत्र और प्रवर को ध्यान में रखते हुए ही विवाह किया जाता है सगोत्र विवाह निषिद्ध है। जगतगुरु शंकराचार्य महाराज ने आगे कहा कि जिसकी हम निंदा करते हैं तो स्वयं निंद्य हो जाते हैं प्रशंसा करते हैं तो स्वयं प्रशंसित हो जाते हैं। इसलिए हमें श्रीमद् भागवत से प्रेरणा लेनी चाहिए कभी निषेध मुख से तो कभी विधि मुख से शिक्षा लेनी चाहिए, यदि कोई बुरा काम करता है तो मुझे यह काम नहीं करना है और यदि कोई अच्छा काम करता है तो मुझे ऐसा काम करना है इस प्रकार शिक्षा लेनी चाहिए। यदि हम सब को समझने चलेंगे तो यह संभव नहीं है। भगवान दत्तात्रेय की शैली को अपनाना चाहिए। गोवंश की रक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पृथ्वी के धारक सभी तत्वों को द्रुत गति से विकृत और विलुप्त किया जा रहा है। मोदी पहले मनमोहन सिंह को गौ हत्या बंद करने के संबंध में कहते थे लेकिन अब तो वे स्वयं प्रधानमंत्री हैं और कहते हैं गौ रक्षक गुंडे। महायंत्र के इस युग में गोवंश की रक्षा कठिन है। धर्म सभा का संचालन ऋषिकेश ब्रह्मचारी ने किया।

# कोदवा में डेरा लगाकर ठहरे महाराष्ट्र के नागपुर, बैजनाथ पटली बीड के लोगो का आकस्मिक चेकिंग कर किया गया पेट्रोलिंग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




**ग्राम कोटवार एवं आम नागरिकों को अपने ग्राम में बाहरी व्यक्तियों को किराए में मकान देने से पूर्व इसकी सूचना अनिवार्य रूप से थाना में नोट कराने दी समझाईस**

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने संपत्ति संबंधी अपराध में नियंत्रण करने एवं सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से वाहनो का चेकिंग कर गुम/ चोरी हुए वाहनों की पतासाजी करने के संबंध में सायबर सेल एवं समस्त थाना/ चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में आज 13 फरवरी 2025 को थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोदवा में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह एवं अन्य थाना स्टाफ के द्वारा ग्राम कोदवा में डेरा लगाकर ठहरे महाराष्ट्र के ग्राम नागापुर थाना बैजनाथ पटली, बीड जिले के लोगों का आकस्मिक चेकिंग किया गया। डेरा में ठहरे लोगो का आधार कार्ड का चेकिंग कर थाना में मुसाफिर दर्ज कराने अवगत कराया गया, डेरा में रखे सभी मोटर सायकल को सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से चेकिंग की गई। ग्राम कोटवार एवं आम नागरिकों को भी बताया गया कि किसी भी अंजान लोगो को ग्रामों में ठहरने न दें साथ ही पुलिस थाना को सूचित करे। किसी भी प्रकार की संदिग्ध व्यक्ति दिखने एवं कोई बाहर से आकर कही रूका हो जो आपको संदिग्ध लगे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही मकान मालिको को बाहरी व्यक्तियों की सूचना मकान किराए में देने के पूर्व थाने में नोट कराने की हिदायत दी गई। आम नागरिकों से अपील की जाती है कि बाहरी व्यक्तियों को किराए में मकान देने से पूर्व इसकी सूचना अनिवार्य रूप से थाना में नोट कराएं।

# बेमेतरा जिला पंचायत के 14 सदस्य हेतु 79 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला पंचायत के 14 सदस्य के लिए इन दिनों जिले में प्रत्याशियों के द्वारा जनसंपर्क एवं प्रचार का कार्य जोरों पर है। बेमेतरा जिला में दो चरण में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होगा, जिसमें बेमेतरा एवं नवागढ़ विकासखंड में आने वाले सभी पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव 17 फरवरी को होगा। वहीं साजा तथा बेरला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव 23 फरवरी को होगा। बेमेतरा जिला पंचायत के 14 सदस्य के लिए 79 उमीदवार चुनाव मैदान में है, जहां सभी स्थानों में त्रिकोणी से लेकर के बहुकोणीय संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। चुनाव परिणाम आते तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसमें जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक एक कठौतिया में अंजलि नंदराम वर्मा को जहां दो पत्ती चुनाव चिन्ह मिला है, वहीं भुवनेश्वरी लक्ष्मण साहू को उगता सूरज चुनाव चिन्ह प्राप्त हुआ है। गौरी देवेंद्र चंद्राकर को जहां पतंग छाप मिला है, तो वहीं लता संजय चौहान को छाता छाप के माध्यम से अपना चुनाव प्रचार कर रहे हैं। लीला देवी अंजोर दास को गाड़ी छाप मिला है, जबकि प्रज्ञा निर्वाणी का फावड़ा और बेलचा चुनाव चिन्ह है। इसी क्षेत्र क्रमांक 1 से रिमझिम संजय तिवारी को विद्युत बल्ब का चुनाव चिन्ह प्राप्त हुआ है, वही स्नेह लता तानसेन पटेल को सिलाई मशीन चुनाव चिह्न दिया गया है। बालसमुद क्षेत्र क्रमांक 2 में सर्वाधिक 13 प्रत्याशी है जिसमें अजय को दो पत्ती अजय कुमार मांडले को उगता सूरज भागवत साहू को पतंग छाप दीपक कुमार डेहरे को छाता छाप दिलीप सिंह ठाकुर को गाड़ी, हरिचंद्र साहू को फावड़ा और बेलचा, हरिप्रसाद साहू को बिजली का बल्ब हरीश पंच राम साहू को सिलाई मशीन हेमंत कुमार साहू को हाथ चक्की प्रांजल तिवारी को टेबल पंखा राजेश भैया को स्लेट, रीना मितेश वर्मा को रेडियो सनत कुमार मारकंडे को हारमोनियम चुनाव चिन्ह मिला है। क्षेत्र क्रमांक 3 चंदनू में तीन प्रत्याशी हैं, जिसमें बाल कुमारी ध्रुव को पतंग गायत्री दरबार नेताम को उगता सूरज हेमिन हेमराज मडावी को पतंग छाप मिला है। बसनी क्षेत्र क्रमांक 4 में भी तीन प्रत्याशी हैं, जिसमें चंद्र रश्मि देश लहरा को दो पत्ती, संत बाई अगर दास को उगता सूरज, शशि प्रभा गायकवाड को पतंग छाप मिला है। मल्दा क्षेत्र क्रमांक 5 में 7 प्रत्याशी हैं, इसमें देवेंद्र साहू को दो पत्ती छाप हेम कुमार साहू को उगता सूरज मुकेश निषाद को पतंग छाप, राजेश कुमार को गाड़ी छाप सुशील जोशी को फावड़ा और बेलचा वही यशवंत साहू को विद्युत बल्ब चुनाव चिन्ह मिला है। संबलपुर क्षेत्र क्रमांक 6 में 5 प्रत्याशी है, इसमें अंजली सतीश मार्कंडेय को दो पत्तियां चुनाव चिन्ह मिला है, अंजू बघेल को उगता सूरज बिंदेश्वरी सेवक को पतंग छाप दिनेश बघेल को छाता छाप कविता सोनवानी को गाड़ी छाप चुनाव चिन्ह मिला है। प्रतापपुर क्षेत्र क्रमांक 7 में 8 प्रत्याशी हैं, जिसमें ऐमरेश्वर भास्कर को दो पत्तियां हेमा बाई बघेल को उगता सूरज कम सूरत मोहन बघेल को पतंग छाप कांति देवादास चतुर्वेदी को छाता छाप मधु राय को गाड़ी, नीतू भास्कर को फावड़ा और बेलचा छाप पूर्णिमा डॉक्टर चाव सिंह पाटले को विद्युत बल्ब छाप एवं सरोज विजय बघेल को सिलाई मशीन छाप चुनाव चिन्ह मिला है। उमराव नगर क्षेत्र क्रमांक 8 में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है इसमें देवी परगेश्वर वर्मा दो पत्तियां इंद्राणी साहू उगता सूरज एवं पार्वती जागेंद्र पटेल पतंग छाप चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। घर जीटी क्षेत्र क्रमांक 9 में 4 प्रत्याशी हैं, इसमें प्रीति गोविंद पटेल दो पत्तियां सविता महेंद्र साहू उगता सूरज सुशीला वेद राम वर्मा पतंग छाप टामिनी मनोहर साहू छाता छाप पर वोट मांग रहे हैं। क्षेत्र क्रमांक 10 में पांच प्रत्याशी है इसमें अनिल वर्मा दो पत्तियां में हीरालाल साहू उड़ता सूरज में नोहर राम पतंग छाप में प्रदीप कुमार ठाकुर छाता छाप में संतोष वर्मा गाड़ी छाप में क्षेत्र क्रमांक 11 सूरजपुर में 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसमें दशोदिया पतंग छाप दुर्गेश्वरी प्रमोद साहू उगता सूरज ममता दिनेश वर्मा छाता छाप खुशबू गोविंद वर्मा पतंग छाप प्रेम गंगाराम साहू गाड़ी छाप सहोदा गुलशन साहू फावड़ा और बेलचा में चुनाव चिन्ह में चुनाव लड़ रहे हैं। भाठासौराही क्षेत्र क्रमांक 12 में 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है अंजनी कुमार चंदेल दो पत्ती चुम्मन लाल साहू उगता सूरज दरबारी साहू पतंग छाप नर्मदा पार्वती साहू छाता छाप रोहित सिंहा गाड़ी छाप योगिता साहू फावड़ा और बेलचा छाप में चुनाव लड़ रहे हैं। सुरहोली क्षेत्र क्रमांक 13 में 4 प्रत्याशी है भोले शंकर वर्मा दो पत्तियां में जय नारायण साहू उगता सूरज में राहुल योगराज टिकरिहा पतंग छाप में तोरण नायक छाता छाप में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी की गई। जिसे बाद में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी अधिकृत किया। इसके बाद भी कुछ जिला पंचायत क्षेत्र में अपने आप को कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बताकर कुछ लोग कांग्रेस जनों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं का फोटो का उपयोग अपने प्रचार प्रसार में कर रहे हैं जो की पूर्णतया अनुचित है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रतिराम को समाप्त ने कहा कि अधिकृत प्रत्याशियों की सूची ब्लॉक स्तर पर समस्त पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसे में भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए और समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जोन एवं सेक्टर के पदाधिकारीगण, अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में कार्य करें एवं जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

# रामकृष्ण केयर मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल रायपुर के पांच विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम दल्ली राजहरा के सिटीजन क्लब में मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र शाखा दल्लीराजहरा की ओर से 8 फरवरी 2025 को रामकृष्ण केयर मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल रायपुर के पांच विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम दल्ली राजहरा के सिटीजन क्लब में मेडिकल जांच शिविर का आयोजन की गई थी। जिसमें डॉक्टर कासिम खान (मेडिसिन), डॉक्टर शुभाही नकवी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डाक्टर शुभम कुमार (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर संतोष चावला (गैस्ट्रोलॉजिस्ट) डॉक्टर सावन (हृदय रोग विशेषज्ञ) के द्वारा सेवाएं दी गई। यह शिविर आईओसी राजहरा खदान समूह के अंतर्गत सभी अधिकारी वर्ग एवं उनके परिवारजनों के लिए आयोजित की गई थी। शिविर में विपिन कुमार गिरी (कार्यपालक निदेशक) भिलाई इस्पात संयंत्र आर बी गहरवार (मुख्य महाप्रबंधक राजहरा खदान समूह) नरेंद्र कुमार बनछोर (सेफी अध्यक्ष) एवं नीतेश छत्री (उपाध्यक्ष खदान बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन) के द्वारा सभी डॉक्टरों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उसके उपरांत शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में ऑफिसर्स एसोसिएशन के 60 से अधिक सदस्यों ने लाभ उठाया। मेडिकल जांच शिविर का आयोजन ऑफिसर्स एसोसिएशन दल्लीराजहरा के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पी. सिरपुरकर, पंकज कुमार, व्ही जी देवांगन, परविंदर सिंह, अंकुर मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, तुषार सिंह, जेपी शर्मा, अमित कुमार सिन्हा, समीर कुमार चौबे, राम कापरे, राकेश सिंह एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

# जिले में महिला कर्मचारियों के हाथों में होगी मतगणना की जिम्मेदारी, महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल



*नगरीय निकाय मे 156 महिला गणना पर्यवेक्षक और 156 महिला गणना सहायकों की लगी ड्यूटी*

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले में पहली बार नगरीय निकाय चुनावों की मतगणना का कार्य पूर्ण रूप से महिला कर्मचारियों के हाथों में होगा। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा इस ऐतिहासिक पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए समस्त नगरीय निकाय मे 156 महिला गणना पर्यवेक्षक और 156 महिला गणना सहायकों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा, यह पहल महिलाओं को नई जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर प्रदान करेगी और उन्हें प्रशासनिक कार्यों में भागीदार बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे न केवल नगर निकाय चुनावों की साख और मजबूत होगी, बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को भी एक नई ऊंचाई मिलेगी।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा, महिला कर्मचारियों को सहयोग देने के लिए पुरुष सहायक कर्मियों की तैनाती भी की गई है। मतगणना स्थल पर महिला कर्मचारियों द्वारा कार्य करना एक प्रेरणादायक पहल है, जिससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस अनोखी पहल को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है और सभी को उम्मीद है कि यह मतगणना न केवल निष्पक्ष और पारदर्शी होगी, बल्कि भविष्य में अन्य जिलों के लिए भी एक मिसाल साबित होगी।

# राजहरा खदान समूह के द्वारा आयोजित सप्तगिरि पार्क में 49वां पुष्प प्रदर्शनी संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com







सप्तगिरि पार्क में बीएसपी नगर प्रशासक विभाग दल्लीराजहरा की ओर से पुष्प प्रदर्शनी 2025 आयोजित की गई थी। पुष्पदर्शनी की मुख्य अतिथि एस मुखोपाध्याय कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) भिलाई इस्पात संयंत्र, अतिथि विपिन कुमार गिरी कार्यपालक निदेशक (खदान) भिलाई इस्पात संयंत्र अनुपम स्वरूप आर बी गहरवाल मुख्य महाप्रबंधक खदान आईओसी राजहरा थे। 49 वां पुष्प प्रदर्शनी 2025 बहुत शानदार ढंग से संपन्न हुआ। बालोद जिले का यह एक मात्र पुष्प प्रदर्शनी है, जिसका दल्लीराजहरा के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसकी तैयारी के लिए नगर प्रशासक मंगेश सेलकर के निर्देशन में सभी विभाग के साथ-साथ सप्तगिरि पार्क के इंचार्ज युवराज साहू के मार्गदर्शन में उनके कर्मचारियों के द्वारा बहुत लंबे समय से किया जा रहा था। पुष्प प्रदर्शनी के कार्यक्रम के अंतर्गत घर में लगे हुए विभिन्न प्रकार के पौधे, घरों की सजावट से लेकर गमलो में लगाए गए। फूलों पौधों फलों में और पेड़ों में भी पुरस्कार रखे गए थे। जिसमें प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक काउंटर भी लगे थे। जिसमें हेल्थ, न्यूट्रीशन एवं फिटनेस, किशोर कराडे की भारतीय जीवन बीमा निगम की प्रीमियम प्वाइंट, भोजन संबंधी स्टॉल जिसमें महिला समाज का स्टाल प्रमुख रूप से था। अन्य स्टालों में विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री का स्टाल, खिलौने, फूल पौधे, श्रृंगार सामान, बच्चों के लिए खिलौने आदि के कई स्टाल लगा हुआ था। पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था, जिसमें छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों का डांस मन को मोह लिया था। बच्चों के द्वारा बस्तर के संस्कृति को दिखाते हुए बेहतरीन गीत जे हर रखते तीर कमान, दुनिया वाले जानते हम आदिवासी आन। तोर बोली निक लागे गजा मूंग, छोटे बच्चों का लूंगी डांस के साथ गांधी विद्या मंदिर के बच्चों के द्वारा बेहतरीन डांस किया गया। प्रभा देवांगन का सूर है ना ताल है की बेहतरीन डांस ने दर्शकों से तालियां बटोरी। मुख्य आकर्षण का केंद्र रंगोली कलाकार वासु की रंगोली रही, जिसमें दो रंगोली बनाए थे जिनमें उन्होंने एक मां को अपने बिटिया को पढ़ाते हुए दिखाया गया है तो दूसरे में मां को अपनी बिटिया का बाल संभालते हुए। यह रंगोली उन्होंने वास्तविकता को दिखाया है कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ पढ़ाई कितना आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने विभिन्न स्तरों कभी निरीक्षण किया साथ ही रंगोली प्रतियोगिता फल फूल आदि के प्रतियोगिता मैं प्रतिभागी द्वारा लगाए गए विभिन्न वस्तुओं का भी निरीक्षण किया। साथ ही हाथी बाड़ी में अंकुश देवांगन के द्वारा बनाए गए विभिन्न मूर्तियां को देखकर आश्चर्यचकित भी हुए। इतने सुंदर मूर्तियां का उन्होंने तारीफ की। दल्ली राजहरा सप्तागिरी पार्क में राजहरा खदान समूह द्वारा आयोजित फ्लावर शो की पुरस्कार वितरण में औद्योगिक उद्यान प्रथम माइन्स ऑफिस गार्डन राजहरा, फिल्टर हाउस उद्यान औद्योगिक सिविल, राजहरा, खदान कार्यालय उद्यान दल्ली, स्कूल उद्यान में डीएवी इस्पात स्कूल विंग, घरेलू उद्यान में (3 बेडरूम सिंगल स्टोरी) स्वीटी सिन्हा, अंजना पांडे, हाउस गार्डन दो बेडरूम सिंगल स्टोरी शहनाज, प्रभा सिंह, आदित्य हेडऊ, हाउस गार्डन टू बैडरूम मल्टी स्टोरी हेमलता साहू, अंकिता त्रिपाठी, सुजाता, जागेश्वरी, हाउस गार्डन वन बैडरूम मल्टी स्टोरी संजय के आर. पांडे, वर्षा नशीन, नफीस बानो, हाउस गार्डन 1 बेडरूम मल्टी स्टोरी रानी सोनानी, ईश्वरी भंडारी, योगेश्वरी जटवार, इनके अलावा जिन्होंने अन्य कैटेगरी में पुरस्कार प्राप्त किया है। शहनाज फूल सज्जा जनरल फूल सजावट जनरल सेकंड वेजिटेबल फुल टोकनी स्पेशल वैरायटी में दूसरा कट फ्लावर तीन वैरायटी में तीसरा कट फ्लावर एक सटीक तीन वैरायटी में तीसरा डहेलिया पॉटेड प्लांट डिफरेंट वैरायटी में दूसरा पॉटेड प्लांट पांच पौधे में फर्स्ट पॉटेड प्लांट पांच पौधे अलग-अलग वैरायटी में फर्स्ट देवेंद्र कुमार साहू पोर्टइड प्लांट पंच पौधे अलग-अलग वैरायटी मैं तीसरा वंदना साहू पोर्टइड प्लांट कैक्टस 5 पौधे अलग-अलग वैरायटी में फर्स्ट अनिता उपाध्याय कट फ्लावर दाहलिया तीन अलग-अलग वैरायटी में तीसरा सुशीला साहू पुष्प सज्जा फ्लावर अरेंजमेंट ओपन ऑल में तीसरा, ज्योति मुंडा शाकाहारी फलों की टोकरी स्पेशल वेजिटेबल गमलों में लगे पौधे स्पेशल वैरायटी फर्स्ट। दुर्गा रामटेक डहेलिया कोई भी क्वालिटी में तीसरा। रंगोली कक्षा आठवीं तक पहला रितिका विश्वकर्मा दूसरा देवी नाग तीसरा श्वेता रामटेके। रंगोली सामान्य पहला मुस्कान शर्मा दूसरा महिमा साहू तीसरा पूजा साहू, सांत्वना पुरस्कार रंगोली कक्षा 9वी से 12वीं तक प्रियांशु कक्षा आठवीं तक भुवनेश्वरी शर्मा सामान्य वर्ग में रश्मिता पटनायक सांत्वना पुरस्कार। फ्लावर शो को सफल बनाने में नगर प्रशासक विभाग प्रमुख मंगेश केलकर रमेश हेडऊ ओ पी सोनी, अतुल कालेश, डीके मज़गहे, कछवाहा युवराज साहू, रामकुमार, कृष्णा मूर्ति, अजगले, राकेश बांदे रेवाराम साहू राणा विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई के नाम पर ताबड़तोड़ उगाही बम्हनीडीह क्षेत्र में जारी

- महिला को जेल भेजने का भय दिखाकर ले लिया 80 हजार रुपए ममता जायसवाल के पति और बच्चे ने सामान गहना रख की आबकारी विभाग की मांग पुरी





आबकारी विभाग की अवैध उगाही पड़ी महिला पर भारी गहना गिरवी रख की मांग पूरी
आबकारी विभाग की करतुत की कहानी ममता के जुबानी पायनियर के कैमरे में हुई कैद आबकारी विभाग पर लगे देन देन के आरोप
होटल ढाबा में आबकारी विभाग के संरक्षण में बिक रही शराब

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले में इन दिनों आबकारी विभाग की टिम लगातार शराब माफियाओ पर कार्रवाई करने का भय दिखाकर उसने मोटी मोटी रकम ऐंठ रही है ताजा मामला बम्हनीडीह से सामने आया है जहां ममता जायसवाल से शनिवार के आबकारी विभाग ने 80 हजार रुपए लेकर उसके खिलाफ 34, (1) कर उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया जब की महिला ने खुद बताया है की उसके पास से आबकारी विभाग की टिम ने चार गेलन में रखे करीब 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया था पर उसके खिलाफ देखा जाये तो 34,(2) के तहत कार्रवाई होनी थी पर आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने 80 हजार रुपए लेकर उसके खिलाफ 34, (1) कर उसे मुचलके पर छोड़ दिया है वहीं सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टिम ने 18 जनवरी को पोड़ी शंकर स्थिति एक ढाबा से भी 40 पांव देशी शराब के साथ एक युवक को पकड़ा गया था जहां आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उससे 40 हजार लेकर उसे भी मौके पर आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने छोड़ दिया था बताया जा रहा है की आबकारी विभाग इन दिनों लगातार बम्हनीडीह क्षेत्र में इसी तरह की उगाही करते फिर रही है और जिम्मेदार अधिकारी भी इस उगाही में अपने निचले स्तर के कर्मचारी का पुरा सहयोग कर रहे हैं इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी अलेख राम सिदार को फोन कर इस पुरे मामले में चर्चा करने के लिए उनको फोन किया गया पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।


### बम्हनीडीह क्षेत्र के सोठी गांव में महुआ शराब को अनेक भट्ठी संचालित

बम्हनीडीह और चाम्पा स्थिति सोठी गांव में महुआ शराब बनाने की अनेकों भट्ठी संचालित हो रही है जिसकी पुरी जानकारी होने के बाद भी आबकारी विभाग इन अवैध शराब भट्ठी पर कार्रवाई करने कोई रुचि नहीं दिखा रहा है बताया जा रहा है कि सोठी में पानी पाऊच की तरह पैक कर के महुआ शराब की ब्रिक्री आप पास के गांव में की जा रही है शराब तस्करों इतने सक्रिय हो गये है की वह पान दुकान होटल चखना सेंटर के साथ राशन की दुकान तक में आसानी से महुआ शराब मिल जा रही है पर इन शराब तस्करों पर आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है जिसके चलते पुरे क्षेत्र में महुआ शराब की बाढ़ आ गई है।

# मतगणना आज यातायात पुलिस ने जारी किया रोड मैप

## नकटीखार से रिसदी चौक तक सुबह 5:00 बजे से रात 12:00 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को संपन्न हो चुके हैं और 15 फरवरी को मतगणना होनी है लिहाजा यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा मतगणना को बिना किसी बाधा और शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए रोड मैप जारी किया गया है यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा जारी रोड मैप के अनुसार मतगणना स्थल आईटी कॉलेज की सड़क में निर्वात गति से मतगणना संपन्न हो और यातायात में किसी प्रकार का विद्न उत्पन्न ना हो इसके लिए नकटीखार से लेकर रिसडी चौक तक की सड़क में सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक ट्रक और ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।

यातायात पुलिस खोपा के द्वारा जारी रोड मैप के अनुसार इस दौरान 15 फरवरी को उरगा की ओर से आने वाले वाहन नकटीखार तिराहा होते हुए रविशंकर नगर की ओर से कोरबा आएंगे इसी तरह बाल को और कोरबा की ओर से आने वाले वाहन रिसद्दी चौक होते हुए रवि शंकर नगर से नक्तिखार होकर गंतव्य की ओर जाएंगे इसके अलावा भारी वाहनों को बालको पेट्रोल पंप के समीप खड़ा कराया जाएगा और उरागा मैं भी भारी वाहन हूं को सुबह 5:00 बजे से रात 12:00 बजे तक स्थाई रूप से खड़ा करने की व्यवस्था बनाई गई है इस दौरान यातायात पुलिस कोरबा आवागमन पर पूरी तरह से नजर रखते हुए मतगणना स्थल सहित शहर के प्रमुख चौक चौराहों में भी मुस्तैद रहेगी।

# जिले में महिला कर्मचारियों के हाथों में होगी मतगणना की जिम्मेदारी : महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

- नगरीय निकाय मे 156 महिला गणना पर्यवेक्षक और 156 महिला गणना सहायकों की लगी ड्यूटी



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में पहली बार नगरीय निकाय चुनावों की मतगणना का कार्य पूर्ण रूप से महिला कर्मचारियों के हाथों में होगा। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा इस ऐतिहासिक पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए समस्त नगरीय निकाय मे 156 महिला गणना पर्यवेक्षक और 156 महिला गणना सहायकों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा, यह पहल महिलाओं को नई जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर प्रदान करेगी और उन्हें प्रशासनिक कार्यों में भागीदार बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे न केवल नगर निकाय चुनावों की साख और मजबूत होगी, बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को भी एक नई ऊंचाई मिलेगी।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**-मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वार्ड के लिए गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा, महिला कर्मचारियों को सहयोग देने के लिए पुरुष सहायक कर्मियों की तैनाती भी की गई है। मतगणना स्थल पर महिला कर्मचारियों द्वारा कार्य करना एक प्रेरणादायक पहल है, जिससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस अनोखी पहल को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है और सभी को उम्मीद है कि यह मतगणना न केवल निष्पक्ष और पारदर्शी होगी।

# शिवरीनारायण नगर पंचायत चुनाव में भाजपा व कांग्रेस दोनों कर रहे हैं जीत का दावा

## 15 फरवरी को होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगरी निकाय चुनाव का मतगणना 15 फरवरी को होना है शिवरीनारायण नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षद पद के चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय के मध्य रहा है किन्ही किन्ही वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। दोनो मुख्य दलों के प्रत्याशी अपने अपने जीत का दावा कर रहे हैं। इनके दावों में कितना सत्यता है इसका फैसला 15 फरवरी को मतगणना के बाद होगा। उल्लेखनीय है कि इस बार शिवरीनायण नगर पंचायत का अध्यक्ष पद पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित है इसके लिए 5 प्रत्याशी शिवशंकर सोनी कांग्रेस, राहुल थवाईत भाजपा, कृष्ण कुमार भट्ट निर्दलीय (कांग्रेस का बागी प्रत्यशी), डॉ. शान्ति कुमार कैवर्त्य निर्दलीय एवं अजय केवंट निर्दलीय चुनाव मैदान में थे इसी तरह पार्षद पद के लिए चार वार्डो में कांग्रेस व भाजपा तथा अन्य सभी वाड़ों में कांग्रेस व भाजपा के साथ साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में ड़टे रहे। अध्यक्ष, पार्षद के सभी प्रत्याशियों ने 9 फरवरी तक जोर शोर से अपने अपने पक्ष में प्रचार प्रसार किए लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपने पक्ष में नगर में माहौल नही बना पाया फलस्वरूप आम मतदाता चुप्पी साधे रहे। ऐसी स्थिति में प्रत्याशियों का सब्र टूट गया और जो प्रत्याशी इस चुनाव को प्रतिष्ठा बना कर लड़ रहे थे ऐसे लोग अपने अपने धन का पिटारा खोल दिया और वोटरो का खरीद फरोख्त प्रारंभ कर दिया। ऐसी स्थिति में जीत का सेहरा किसके सर पर सजेगा यह कह पाना मुश्किल है, लेकिन यह अवश्य कहा जा सकता है कि इस चुनाव में लोकतंत्र पर धनतंत्र हावी दिखा।

# डॉ. गुलाब चंद 'कुसुम' ज्ञान रत्न अलंकरण से सम्मानित होंगे

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारीयण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कलमकार मंच बिलासपुर - मस्तूरी की प्रबंध कारिणी समिति के निर्णयानुसार छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के दो मार्च 2025 को मुंगेली जिले स्थित अमरटापू में आयोजित तृतीय अधिवेशन में सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्रों में काम करने वाले ख्यातिलब्ध हस्तियों को सम्मानित किया जायेगा! इस क्रम में शासकीय लक्ष्मनेश्वर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय खरौद, जिला जांजगीर - चाम्पा छत्तीसगढ़ के प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद 'कुसुम' को दयाराम टंडन ज्ञान रत्न सम्मान से सम्मानित किया जायेगा! ये सम्मान उन्हें साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण उपलब्धि और समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया जा रहा है! ये कार्यक्रम एस. एल. रात्रे आई. ए. एस. पूर्व सचिव छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य, एन. डी. आर. चंद्रा कुलपति नागालैंड की अध्यक्षता तथा डॉ. स्वामी राम बंजारे की विशेष आतिथ्य में आयोजित है! जिन्हें भी विशेष सम्मान प्रदान किया जायेगा! ये सम्मान 15 विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालों को प्रदान किया जायेगा! इस दौरान दो पुस्तकों के विमोचन सहित 127 साहित्यिक हस्तियाँ भी सम्मानित होंगे! उक्त जानकारी समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. किशन टंडन और जुगेश बंजारे ने दी है!

# राहत पेंशन बंद होने से परेशान सेवानिवृत प्राचार्य मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

पेंशन भुगतान अवरुद्ध रहने से सेवानिवृत्त प्राचार्य को प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखना पड़ा पत्र । इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद से जून सन 2020 में सेवानिवृत हुए प्राचार्य स्थानीय निवासी डॉक्टर ए.आर. बंजारे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय को दिनांक 13 फरवरी 2025 को पत्र लिखकर यह मांग की है, कि, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की लचर कार्यवाही के कारण उनका पेंशन अवरुद्ध कर दिया गया है। विगत साढे 4 वर्षों तक डॉक्टर बंजारे को राहत पेंशन ही दिया जा रहा है। पूर्ण पेंशन का प्रकरण समाधान किए जाने की आड़ में पिछले दो महीने से पूर्ण पेंशन तो दूर उनकी राहत पेंशन भी बंद कर दी गई है। इधर अश्वस्थता के दौर से गुजरने के कारण डॉक्टर बंजारे व उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बदतर हो चुकी है और अब इधर उच्च शिक्षा विभाग की प्रशासनिक लचरपन के कारण उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराने के लिए विवश होना पड़ा है। पत्र में उन्होंने इस बात का जिक्र किया है, कि महाविद्यालय स्तर से आधी अधूरी और अपूर्ण जानकारी दिए जाने के कारण प्रकरण के समाधान में इतना विलंब हो रहा है। डॉक्टर बंजारे ने यह भी लिखा है, कि उनकी सेवानिवृत्ति के उपरांत महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा है और वर्तमान प्रभारी प्राचार्य के द्वारा ठोस और कारगर कदम नहीं उठाए जाने तथा अपूर्ण विलंबित जानकारी भेजने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने आयुक्त एवं सचिव उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को इस आशय का भी पत्र भेजा है, कि खरौद नगर के इतने पुराने और महत्वपूर्ण स्नातकोत्तर कॉलेज में अतिशीघ्र ही नियमित स्नातकोत्तर प्राचार्य की नियुक्ति किया जावे, ताकि, कॉलेज की लचर व्यवस्था से छुटकारा पाया जा सके और कॉलेज की गौरव गरिमा को लौटाई जा सके।

# हनुमानधारा में अवैध राखड़ डंपिंग से लोगों में आक्रोश, राखड़ के प्रदूषण से वार्डवासियों का जीना मुहाल, प्रशासन ने मूंदी अपनी आंखें



पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

शहर के वार्ड नंबर 01, हनुमानधारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राखड़ डंप किए जाने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, इस राखड़ का उपयोग जमीन को समतल करने के लिए किया जा रहा है, जिसके बाद यहां अवैध प्लॉटिंग की जाने की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले भी इस इलाके में अवैध प्लॉटिंग के मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन इस बार राखड़ डंप किए जाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि वार्डवासियों का जीवन भी कठिनाइयों से भर गया है। राखड़ के महीन कण हवा में उड़कर आसपास के घरों में पहुंच रहे हैं, जिससे वार्डवासियों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस जहरीले धूल के कारण बच्चों, बुजुर्गों और दमा के मरीजों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कई लोगों ने आंखों में जलन, गले में खराश और सांस की तकलीफ की शिकायत की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राखड़ की परतें उनके घरों, कपड़ों, बर्तनों और पानी तक में जम रही हैं, जिससे साफ -सफाई बनाए रखना भी मुश्किल हो गया है।

### बिना अनुमति हो रहा है राखड़ डंप, प्रशासन मौन

सूत्रों के अनुसार, इस राखड़ डंपिंग के लिए न तो प्रशासन से कोई अनुमति ली गई है और न ही खनिज विभाग की ओर से इसकी जांच की गई है। वार्डवासियों का कहना है कि जब भी इस मुद्दे को उठाया जाता है, तो जिम्मेदार अधिकारी मामले को नजरअंदाज कर देते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस अवैध गतिविधि पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। हनुमानधारा क्षेत्र में पहले भी अवैध प्लॉटिंग के मामले सामने आए हैं। जानकारों का कहना है कि जमीन को समतल करने के बाद इस इलाके में अवैध रूप से प्लॉट बेचे जाएंगे, जिससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान होगा। लेकिन इस प्रक्रिया में पर्यावरण का भी भारी नुकसान हो रहा है। राखड़ के अंधाधुंध इस्तेमाल से मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिससे भविष्य में इस भूमि पर किसी भी प्रकार की खेती या वृक्षारोपण असंभव हो सकता है।

### वार्डवासियों की मांग : प्रशासन करे त्वरित कार्रवाई

इस गंभीर समस्या से परेशान वार्डवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे को लेकर विरोध दर्ज कराने की तैयारी कर ली है।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस अवैध राखड़ डंपिंग और संभावित अवैध प्लॉटिंग पर क्या कार्रवाई करता है। क्या संबंधित विभाग इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगा, या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा? वार्डवासियों को अब प्रशासन से ठोस कदम उठाने की उम्मीद है ताकि उनके स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिया निष्पक्ष और पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश

# मतगणना पर्यवेक्षक व सहायकों का प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आगामी नगर निकाय चुनाव की मतगणना के लिए 15 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बता दें कि नगर पालिका परिषद हेतु मतगणना जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में प्रातः 9 बजे से शुरू होगी साथ हि जिले के 09 नगर पंचायतों मे भी चिन्हित जगहों पर इसी दिन मतगणना कार्य सम्पादित किये जायेंगे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर दीप्ति वर्मा, सीएमओ कोमल ठाकुर, और मास्टर ट्रेनर सुनील झा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिया निर्देश**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मतगणना कर्मियों से कहा कि मतगणना कार्यक्रम निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा है। इसलिए इस कार्य को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करना अति आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मतगणना कर्मी आयोग के दिशा-निर्देशों और मतगणना हैंडबुक का गहन अध्ययन करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। कलेक्टर शर्मा ने मतगणना कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समय से पहले मतगणना स्थल पर पहुंचें ताकि वहां की स्थिति से परिचित हो सकें। साथ ही उन्होंने गणना के दौरान धैर्य बनाए रखने और हर प्रक्रिया को पारदर्शिता से पूरा करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने मतगणना के बाद लिखने के काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और सही तरीके से डेटा का मिलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिकर्ताओं और एजेंटों को संतुष्ट करना आवश्यक है और किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा और अन्य अधिकारियों ने मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया, ताकि चुनाव परिणाम बिना किसी विवाद के सुगमता से प्राप्त हो सकें।

**मास्टर ट्रेनर ने दी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी**-मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने प्रशिक्षण के दौरान सभी मतगणना कर्मियों को मतगणना की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। उन्होंने बताया कि मतगणना ईवीएम के कंट्रोल यूनिट में दर्ज वोटों की गिनती से शुरू होगी, और इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित किया जाना जरूरी है। उन्होंने मतगणना कक्ष में क्या करना है और क्या नहीं करना है, इस बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

**प्रशिक्षण में 52 पर्यवेक्षकों और सहायकों ने लिया हिस्सा**-इस प्रशिक्षण कायक्रम में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित कुल 52 मतगणना पर्यवेक्षक और मतगणना सहायक उपस्थित रहे, जिन्होंने मतगणना प्रक्रिया को बारीकी से समझा। सभी प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने का संकल्प लिया।

# नहीं रहे भाजपा के नेता दरबारी लाल गबेल

## भाजपा परिवार सहित विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज सहकारिता नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले पोता मालखरौदा निवासी दरबारी लाल गबेल का 14 फरवरी 2025 दिन- शुक्रवार को सुबह 3:00 बजे उपचार के दौरान बिलासपुर में निधन हो गया था, दरबारी लाल गबेल ग्राम पोता निवासी कृष्ण कुमार गबेल एवं तीरथ कुमार गबेल के पूज्य पिताजी थे, तथा वे जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी के एक कर्मठ सिपाही एवं जन सेवक तथा सहकारिता नेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए थे, उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी परिवार सहित विभिन्न संगठनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा दरबारी लाल गबेल का अंतिम संस्कार 14 फरवरी 2025 दिन- शुक्रवार को सुबह उनके गृह ग्राम- पोता (मालखरौदा) में हुआ, भाजपा परिवार ने दरबारी लाल गबेल के निधन को पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है, तो वहीं दरबारी लाल गबेल ने अपने कार्यों से एवं अपनी सक्रियता से सहकारिता के क्षेत्र में भी एक अलग पहचान स्थापित की थी।



# पके कटहल को करें डाईट में शामिल, दूर होंगी कई बीमारियां

गर्मियों के मौसम में कटहल हर कोई खाना पसंद करता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। पके कटहल में प्रोटीन भी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद करता है। कटहल आपके लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि पका कटहल खाने से आपकी सेहत को और कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं.

## कटहल के पत्ते भी हैं फायदेमंद

कटहल ही नहीं बल्कि उसके पत्ते भी आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। जिनके मुंह में छाले की समस्या होती है उन्हे कटहल के पत्ते को चबाना चाहिए। इससे उनकी मुंह के छालों में काफी आराम मिलेगा।

## दिल रहेगा स्वस्थ



पका हुआ कटहल आपके हृदय के लिए भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## पाचन मजबूत

गर्मियों में यदि आपको खाना नहीं पच पाता तो आप पके हुए कटहल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आपका वजन सुधारने में भी मदद करता है।

## वजन होगा कम



पके हुए कटहल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर में बढ़ते हुए मोटापे को रोकने में मदद करते हैं। इसका अलावा इसे रेसवेरास्ट्रॉल नाम के एंटीऑक्सीडेंट का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह आपके रक्त के संचार को कंट्रोल करन में भी मदद करता है।

## इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

पके कटहल में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन-सी आपके शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रुप में कार्य करता है। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। साथ ही यह आपके शरीर के लिए इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है।

## लिवर रहता है स्वस्थ

पके कटहल का सेवन करने से आपका लिवर भी स्वस्थ रहता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके लिवर को मजबूत बनाते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन, जिंक, कॉपर और नाइसिन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो लिवर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# गठिया का रामबाण इलाज है कच्चे पपीते की चाय

उम्र बढ़ने के साथ-साथ या फिर कैल्शियम की कमी से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। इन्हीं में से एक समस्या है गठिया की, जिससे कई लोग परेशान होते हैं। इसमें जोड़ों में दर्द, यूरिक एसिड के क्रिकेट का जोड़ों में जमा होना जैसी समस्याएं आती है। इससे बचने के लिए या फिर इलाज के लिए आप काफी कुछ आजमा चुके हैं और फिर भी कोई असर नहीं होता, तो इसका एक बेहतरीन घरेलू उपाय है हमारे पास। ये उपाय है कच्चे पपीते की चाय। जी हां, आपको जानकर हैरानी होगी कि पपीते की चाय का सेवन आपकी गठिया की समस्या समाप्त कर सकती है। मेडिकल साइंस की दुनिया में भी इस चाय का काफी महत्व है। पपीता शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को घटाता है और इसमें सूजन को दूर करने वाले गुण होते हैं।

विधि - इस चाय को बनाने के लिए आपको चाहिए - पानी, कच्चा हरा पपीता, ग्रीन टी बैग या ग्रीन टी की पत्तियां। अब चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी लेकर उसमें कच्चे पपीते के टुकड़े डाल दें और इसे आंच पर रख दें। जब यह उबलने लगे, तो आंच बंद करके इसे थोड़ा ठंडा होने के लिए रख दें। इस इसे छान लें और इसमें ग्रीन टी डालकर लगभग 3 मिनट के लिए छोड़ दें। अब यह चाय पीने के लिए तैयार है, इसे गर्मागर्म या गुनगुनी ही पिएं।

जानिए पपीते की इस चाय के फायदे -

- गठिया की समस्या में फायदेमंद।
- शारीरिक सूजन कम करने में मददगार।
- ब्लड प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मददगार।
- शरीर के अवांछित तत्वों को बाहर कर आंतरिक सफाई में मददगार।



# बीपी-शुगर में रामबाण है ब्लैक राइस



**आपने आज तक सफेद या ब्राउन चावल के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने काले चावल के लाभ के बारे में सुना है। अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताते हैं काले चावल के बेमिसाल फायदे।**

हमारे देश में चावल का सेवन सदियों से किया जा रहा है। बिरयानी से लेकर डोसा और इडली तक चावलों से ना जाने कितने ही व्यंजनों को तैयार किया जाता है। आज से कुछ समय पहले तक ज्यादातर लोगों को केवल सफेद चावल के बारे में ही जानकारी थी। लेकिन अब लोग चावल की अलग-अलग किस्मों को ना केवल जान रहे हैं बल्कि इनका सेवन भी कर रहे हैं। ऐसे में आप काले चावल को ही ले लीजिए। दरअसल काले चावल ओरीजा सैटिवा प्रजाति से आते हैं। प्राचीन काल में चीन के अंदर इन काले चावल के पोषक तत्वों को देखते हुए इसे रॉयल्टी में शामिल किया गया था। आपको बता दें कि काले चावल के अंदर कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट गुण और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो आपको जिंदगी भर सेहतमंद रख सकते हैं। आज इन काले चावलों के जरिए विश्व भर में तरह-तरह की खाद्य सामग्री तैयार की जाती है। जिनका लुत्फ आप भी उठा सकते हैं। लेकिन इससे पहले जरा काले चावल के फायदे जानिए।

## आयरन और प्रोटीन का खजाना

अगर आप अपनी रोजाना की डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं, तो आप काले चावल का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि 10 ग्राम ब्लैक राइस में लगभग 9 ग्राम प्रोटीन होती है, जो ब्राउन राइस के मुकाबले कहीं अधिक है। यही नहीं इसमें आयरन भी मौजूद होता है जो शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा इसमें कुछ अन्य पोषक तत्व हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

## 45 ग्राम चावल में पोषक तत्व की मात्रा

कैलोरी - 160
फैट - 1.5 ग्राम
प्रोटीन - 4 ग्राम
कार्ब्स - 34 ग्राम
फाइबर - रोजाना की जरूरत का 6 प्रतिशत

## इसके 23 एंटीऑक्सीडेंट हृदय रोग और अल्जाइमर से बचाते हैं

आज तक आपने ऐसी बहुत सी खाद्य सामग्रियों का सेवन किया होगा जिनमें एक, दो या पांच एंटीऑक्सीडेंट होंगे। लेकिन ब्लैक राइस में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 23 एंटी ऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट गुण आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से राहत दिलाते हैं। ज्ञात हो कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की वजह से कैंसर, हृदय रोग और अल्जाइमर जैसी समस्या पैदा होती है। आप इन सभी समस्याओं से ब्लैक राइस की वजह से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इसके अंदर कई तरह के फ्लेवोनोइड्स और कैरोटीनॉयड होते हैं। यह भी आपको सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं। इस लिहाज से आप ब्लैक राइस को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

## हृदय के लिए फायदेमंद

अब तक ब्लैक राइस को लेकर कई शोध हो चुके हैं जो हृदय रोगों से बचाने के दावे कर रहे हैं। हालांकि यह अध्ययन अभी उतने अधिक नहीं हुए हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस को लेकर जानवरों और इंसानों पर कई शोध हुए हैं जिनमें एंथोसायनिन की भूमिका को जांचा गया है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार देखा गया है। अध्ययनों को देखकर लगता है कि यह हृदय के लिए फायदेमंद है। लेकिन अभी इस पर कुछ और अध्ययनों की आवश्यकता भी है।

## कैंसर से बचाए

ब्लैक राइस को लेकर हुए कई अध्ययनों में ऐसा पाया गया है कि जो लोग अधिक मात्रा में एंथोसायनिन का सेवन करते हैं उन्हें कोलोरेक्टल कैंसर होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा हुए टेस्ट ट्यूब अध्ययन में पया गया कि काले चावल में मौजूद एंथोसायनिन ने महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की कोशिका को कम कर दिया। साथ कैंसर के फैलने की गति को भी धीमा कर दिया। इन अध्ययनों में भले ही अब तक अच्छे प्रमाण हासिल हुए हों। लेकिन अभी इस पर अन्य अध्ययन की आवश्यकता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

ब्लैक चावल के अंदर जेक्सैन्थिन और ल्यूटिन मौजूद होता है जो दो प्रकार की कैरोटीनॉयड यह आंखों को स्वस्थ रखने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। आपको बता दें कि यह यौगिक आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक मुक्त कणों से राहत दिला सकते हैं। साथ ही ब्लैक राइस के अंदर मौजूद इन गुणों पर जब अध्ययन किए गए तो इसमें पाया गया कि यह मोतियाबिंद जैसी समस्या से भी राहत दिला सकते हैं जो एक उम्र के बाद लोगों को होने लगती है। हालांकि इस पर अभी अध्ययन केवल चूहों पर ही किया गया है इंसानों पर नहीं।

## वजन घटाने में असरदार

अगर आप वजन घटाना चाहते है तो आप ब्लैक राइस का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस के अंदर मौजूद प्रोटीन और फाइबर आपका पेट भी लंबे समय तक भरा रख सकते हैं और आपका वजन घटाने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा एंथोसायनिन को भी वजन घटाने में कई अध्ययनों में कारगर माना गया है। हालांकि यह रिसर्च अभी तक इंसानों पर नहीं हुई हैं। इसलिए इस पर अभी और अध्ययन बाकी हैं।

## ग्लूटेन फ्री है ब्लैक राइस

आप शायद जानते ही होंगे कि ग्लूटेन फ्री एक तरह का प्रोटीन होता है जो कई तरह के अनाज में पाया जाता है जैसे गेहूं, जौ और राई आदि। ऐसे लोग सीलिएक रोग से पीड़ित लोगों को इस प्रोटीन से बचना होता है क्योंकि यह उनकी आंत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में अगर आप सीलिएक रोग से पीड़ित हैं तो आप ब्लैक राइस का लुत्फ ले सकते हैं, क्योंकि यह आपकी स्थिति को बिगाड़ेगा नहीं।



# इन कामों को करने वाले सबसे ज्यादा झेलते हैं साइटिका का दर्द

क्या आपको अक्सर कमर से लेकर पैरों तक तेज दर्द या जलन महसूस होती है, तो यह साइटिका या साइटिका की समस्या हो सकती है। आइए जानते हैं साइटिका के होने की वजह और इसके उपाय एवं इलाज के बारे में।

मानव शरीर के अंदर करीब 206 हड्डियां होती हैं। इनमें से अगर किसी में भी जरा दिक्कत शुरू हो जाए तो उसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। साथ ही आप एक भंयकर और जानलेवा दर्द से गुजरने लगते हैं। ऐसा ही कुछ होता है साइटिक नर्व में। इस स्थिति से जूझने वाले व्यक्ति को कमर से लेकर कूल्हों और पैरों तक बहुत तेज दर्द, जलन, और सुन्न होने की समस्या होने लगती है। इस स्थिति में दरअसल साइटिका के जरिए ही आप अपने पैरों को नियंत्रित कर पाते हैं और पैरों को महसूस इसकी वजह से होता है। साइटिका के उपचार या उपाय का तरीका जानने से पहले जरूरी है कि आप इस दर्द को सही प्रकार समझ लें। ऐसे में साइटिका दर्द की समस्या के कारण और उपचार के तरीकों और जटिलताओं के बारे में बता रहे हैं पेन स्पेशलिस्ट।

## क्या है साइटिका का दर्द

साइटिका नर्व आपकी रीढ़ की हड्डी से शुरू होकर आपके कूल्हों से लेकर आपके पैरों तक जाती है। यह मानव शरीर की सबसे महत्वपूर्ण तंत्रिकाओं में से एक है। आमतौर पर यह दर्द लोगों को 30 साल के बाद ही होता है। यूं तो साइटिका पेन एक अस्थाई दर्द ही है जो खुद भी ठीक हो जाता है और इसके लिए दवा और कुछ उपायों की आवश्यकता भी हो सकती है। साइटिका नर्व में हुई समस्या से जूझ रहे मरीजों को कमर दर्द, पैरों में सुन्नपन आ जाना या दर्द अनुभव होता है। साइटिका को कटिस्नायुशूल के नाम से भी जाना जाता है। आइए जानते हैं इस दर्द की वजह या कारणों के बारे में।

## किस वजह से होता है साइटिका

साइटिका की समस्या के पैदा होने की यूं तो कई वजह होती हैं। लेकिन डॉक्टर अमोद बताते हैं कि इस दर्द की मुख्य वजह स्लिप डिस्क होती है। आपको बता दें कि हमारी रीढ़ की हड्डी में बहुत सी हड्डियां होती हैं और इसके आगे एक डिस्क होती है, जिसे आप किसी कुशन की तरह समझ सकते हैं। इसकी वजह से हम आसानी से कमर को मोड़ सकते हैं। लेकिन जब यह डिस्क अपनी जगह से हिल जाती हैं तो इसके पीछे निकलने वाली नसों पर दबाव पड़ने लगता है। अब यह नस जहां तक जाती हैं वहां तक साइटिका का दर्द हो सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि साइटिका के दर्द का केवल यही कारण है। इसकी कई वजह हो सकती हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

- धूम्रपान-खराब लाइफस्टाइल बनते हैं साइटिका का कारण
- अगर हड्डियों की एलाइनमेंट खराब हो तो भी साइटिका पेन हो सकता है।
- उम्र के साथ बॉडी पॉश्चर में बदलाव आता है जिसकी वजह से भी यह समस्या हो सकती है।
- अगर कोई व्यक्ति अधिक वजन उठाने के कार्य करता है तो भी यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
- खराब जीवन शैली भी साइटिका पेन की वजह बन सकता है।
- ऐसे लोग जिनका वजन अधिक है उन्हें भी साइटिका का दर्द हो सकता है।
- अधिक धूम्रपान करने वाले लोगों को भी साइटिका का दर्द हो सकता है।

## साइटिका का परीक्षण कैसे

आमतौर पर लोगों को लगता है कि साइटिका की स्थिति के बारे में जानने के लिए उन्हें एक्सरे कराना होगा। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। एक्सरे दूसरी कई समस्या में काम आ सकता है। लेकिन साइटिका के बारे में सही जानकारी प्राप्त करने के लिए आपको MRI ही करवाना होता है।

## साइटिका से जुड़े भ्रम और सच

साइटिका के दर्द को लेकर राहत की बात यह है कि यह तीन महीने के अंदर-अंदर ठीक भी हो सकती है। हालांकि कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि साइटिका की स्थिति में केवल सर्जरी ही एक विकल्प होता है। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है क्योंकि इस स्थिति में महज 1 प्रतिशत लोगों को ही सर्जरी की जरूरत पड़ती है। बाकि अन्य साधारण उपाय से भी ठीक हो जाते हैं।

## साइटिका का उपचार का तरीका

साइटिका के दर्द से राहत दिलाने और इसे हील करने के लिए डॉक्टर आपको कई तरह की पेन किलर दवाओं का सेवन करने की सलाह दे सकते हैं। इन दवाओं से आपको काफी हद तक आराम मिल सकता है। पेन किलर दवाओं का असर ना होने पर कई मामलों में डॉक्टर साइटिका की समस्या में आपके उसी हिस्से पर इंजेक्शन लगाते हैं जहां दर्द हो। इलाज की इस प्रक्रिया से जल्दी ही दर्द से राहत मिलने लगती है। वहीं अगर इनमें से कोई भी उपाय काम नहीं करता तो डॉक्टर आपको सर्जरी कराने का विकल्प देते हैं।

## कैसे ठीक होता है साइटिका

अगर आपको साइटिका की समस्या है तो डॉक्टर आपको वजन घटाने, धूम्रपान छोड़ने, और एक सही जीवन शैली का पालन करने की सलाह दे सकते हैं। डॉक्टर अमोद कहते हैं कि इस समस्या में सर्जरी का विकल्प सबसे आखिरी होता है। वहीं दवाओं और इंजेक्शन के माध्यम से सर्जरी को टाला जा सकता है। जबकि कई मामलों में यह स्थिति खुद भी ठीक हो जाती है।



# चीनी खाने से कैसे बढ़ता है आपका वजन?



**चीनी का इस्तेमाल हर घर में होता है। चाय, कॉफी और मिठाईयों के अलावा रोजमर्रा की ऐसी कई चीजें हैं, जिनमें शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती हैं। ऐसे में चीनी का सेवन कम से कम करना चाहिए क्योंकि चीनी का सेवन ज्यादा करने से आपका वजन तेजी से बढ़ता है। आइए, जानते हैं कि चीनी कैसे बढ़ाती है आपका वजन-**

## फ्रक्टोज इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बनता है

चीनी का अधिक मात्रा में सेवन करना आपके ब्लड में इन्सुलिन के स्तर को बढ़ा देता है, जो आपके खाद्य पदार्थो से एनर्जी को कम करता है और उसे फैट सेल्स में परिवर्तित करता है और जब शरीर में फैट की मात्रा अधिक हो जाती है, जो आपका शरीर आपके मष्तिष्क को भूख लगने का संकेत पहुंचाता है।

## फ्रक्टोज लेप्टीन नामक हार्मोन के प्रतिरोध का कारण

फ्रक्टोज लेप्टिन नामक हार्मोन के प्रभाव से वजन बढ़ने की समस्या होती है। लेप्टीन वसा कोशिकाओं द्वारा उत्पादित होता है। वसा कोशिका जितनी बड़ी होगी, उतना अधिक लेप्टिन का उत्पादन होगा। इस वजह से शरीर में अधिक वसा जमा हो जाती है और साथ ही वजन भी बढ़ता है।

## फ्रक्टोज ग्लूकोज की तरह काम नहीं करता

ग्लूकोज आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, लेकिन फ्रक्टोज के सेवन से ऐसा कुछ महसूस नहीं होता है, बल्कि फ्रक्टोज के सेवन से आपको अधिक भूख महसूस होती है और इस वजह से आप कैलोरी और फैट का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं।

## फ्रक्टोज आपकी भूख को बढ़ाता है

फ्रक्टोज आपके हंगर हॉर्मोन को नियंत्रित करने में मदद नहीं करता है और इस वजह से खाने के बाद भी आपको अधिक भूख लगती है। ऐसे में कैलोरी का सेवन करते हैं जो आपके शरीर में एक्सट्रा फैट को बढ़ाता है जिसकी वजह से आपका वजन भी बढ़ता है।

# श्री बालाजी हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से हो रही रेटिना की सर्जरी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आंखों से सम्बंधित गंभीर समस्याओ का इलाज और रेटिना की सर्जरी के लिए अब आपको कही और जाने की जरूरत नहीं है। क्योंकि राजधानी रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में रेटिना सर्जरी एडवांस मशीनो से अब आयुष्मान कार्ड से संभव है। यहां नेत्र रोग विशेषज्ञों की एक बड़ी टीम मौजूद है। अस्पताल में पिछ्ले दिनों पांडातराई की निवासी महिला मरीज चमेली बाई सोनी के रेटिना की सफल सर्जरी की गई। असिस्टेंट प्रोफेसर और विट्रो-रेटिना कंसल्टेंट डॉ नेहा बीएस पांडे ने बताया कि मरीज के आंखों का रेटिना खिसक गया था। लेकिन मरीज को 2 महीने तक इसकी जानकारी ही नहीं मिली कि उसकी एक आंखों का पर्दा फट गया है, क्योंकि उनकी दूसरी आंखों से सब कुछ ठीक दिखाई दे रहा था। लेकिन जब उन्हें ये पता चला और वे अस्पताल पहुंची चेकअप के लिए तो उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई। अब चमेली बाई सोनी पूरी तरह स्वस्थ महसूस कर रही हैं और इलाज से पूरी तरह संतुष्ट हैं। मरीज मोतियाबिंद और रेटिना में अक्सर कंफ्यूज होते है। मोतियाबिंद बढ़ती उम्र के कारण होता है और आंखों का सामने का हिस्सा है, लेकिन रेटिना आंखों की नस है, जो रक्त संचालन से भरी हुई रहती है। हम सभी की पुतली (जो आंखों का छोटा छेद होता है) वहाँ से लाइट जाती है, रेटिना में सिग्नल देती है, तभी इमेज फॉर्म होती है और वो इमेज ऑप्टिक नर्व (जो रेटिना से जुड़ा होता है) उसकी सहायता से ब्रेन तक सिग्नल लेके जाती है। इसी तरह से ही हम सब इस सृष्टि को देख पाते है।



## रेटिना रोग के कितने प्रकार है?

**रेटिना में कई प्रकार की बीमारियाँ हो सकती है, जो आँख को प्रभावित कर सकती हैं। कुछ सामान्य प्रकारों में निम्नलिखित शामिल हैं :-**

**डायबिटिक रेटिनोपैथी :** यह उन लोगों में होती है जिनको डायबिटीज है, जब उनकी रेटिना की रक्तसंचारित नसें डैमेज हो जाती हैं।

**मैकुलर डीजनरेशन :** यह बीमारी आंख के मैक्युला को प्रभावित करती है, जो दृष्टि के केंद्रीय हिस्से (सेंट्रल विजन) को प्रभावित करता है।

**रेटिनल डिटेचमेंट :** यह रेटिना को उसकी सामान्य स्थिति से अलग करने के समय होता है, जिससे दृष्टि का नुकसान हो सकता है।

**रेटिनिटिस पिग्मेंटोसा :** यह एक आंख का जेनेटिक विकार है जो रेटिना के कोशिकाओं के क्षय से होती है। इसमें मरीजों को रात मे देखने मे तकलीफ होती है जिसे नाईट ब्लाइंडनेस भी बोलते है।

**रेटिनल वास्कुलर ऑक्लूशन:** यह होता है जब रेटिना की रक्तसंचारित नसों में बंदिशा हो जाती है, जिससे दृष्टि का नुकसान हो सकता है। ये उनको होता जिन्हे ब्लड प्रेशर की समस्या है, ब्लड प्रेशर कंट्रोल में नहीं रहता है और कोलेस्ट्रॉल बॉडी में ज्यादा है।

हाई पॉवर (यानी चस्में का नंबर 3 या 5 डायॉप्टर) से ज्यादा है तो रेटिना कमजोर हो सकता है, रेटिना में पतलापन पाया जा सकता है इसलिए हर 6 महीने से एक साल मे नियमित रेटिना चेकउप कराना जरुरी है।

## युगाचार्य श्रीमत् स्वामी प्रणवानंद महाराज की आविर्भाव जयंती माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भव्य आयोजन



**रायपुर।** प्रणवानंद अकैडमी रायपुर शाखा परिसर में बुधवार को युगाचार्य श्रीमत् स्वामी प्रणवानंद महाराज का 130 वां आविर्भाव जयंती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विश्व शांति यज्ञ, श्रीमत् स्वामी प्रणवानंद महाराज की अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित महा आरती का आयोजन किया गया। धार्मिक वक्ता के रूप में शाला सचिव श्रीमद् स्वामी शिव रूपानंद महाराज, स्वामी सुरेशानंद महाराज, स्वामी प्रानानंद महाराज उपस्थित थे। साथ ही बर्मन म्यूजिकल टीम द्वारा भजन का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया था। वहां उपस्थित साधुवृंद अनुयायी, अभिभावक एवं पूरे शाला परिवार ने कार्यक्रम को खूब सराहा। कार्यक्रम का समापन भोग प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक दिखा विप्र कॉलेज के 29 वें वार्षिक उत्सव रंग तरंग में



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र, कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के 29 वें वार्षिक उत्सव रंग तरंग में विभिन्न प्रांतो के परंपरा और संस्कृति की झलक विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में देखने को मिला। 29 वें रंगतरंग वार्षिक समारोह का उदघाटन विप्र शिक्षण समिति के संचालक उमाकांत शर्मा, प्रमोद शर्मा, आनंद पाण्डेय, प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी एवं विप्र पब्लिक स्कूल की प्राचार्य पदमा ओझा की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। उदघाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने वार्षिक उत्सव को विद्यार्थियों का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि क्लास रूम में पढ़ाई के बाद वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों के लिए यादगार दिन होता है। पदमा ओझा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद विद्यार्थियों के वार्षिक उत्सव रंग तरंग में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। फिर छत्तीसगढ़ी सॉन्ग संगी जहुरिया पर विद्यार्थियों के डांस से दर्शन भी झूमने लगे। वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा प्रस्तुत किया। योगा डांस के माध्यम से विद्यार्थियों ने योग के आश्चर्यजनक आसान प्रस्तुत किया। मोर संगवारी छत्तीसगढ़ी नृत्य ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके उपरांत पंजाबी, राजस्थानी, पहाड़ी, राउत नाचा, संबलपुरी डांस, दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखा। लगभग तीन घंटे तक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के रंगारंग प्रस्तुति ने खूब वाह वाही लूटी और और दर्शकों को अपने साथ झूमने के लिए मजबूर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला, डॉ. दीपशिखा शर्मा, डॉ. निधि शुक्ला, डॉ. कंचन मिश्रा, अपूर्वा शर्मा और डॉ. प्रियंका तिवारी के दिशा निर्देश में विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वार्षिक उत्सव रंग तरंग को यादगार बनाया।

इस अवसर पर डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा मोहित श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापक और विद्यार्थी अपने पालकों के साथ उपस्थित रहकर वार्षिक उत्सव का आनंद लिया।

# कामधेनु लिमिटेड छत्तीसगढ़ में अपनी स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करेगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मज़बूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में राज्य में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को 15% और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी राज्य में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में 10% और अधिक डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है। वर्तमान में कंपनी के पास राज्य में पहले से ही एक मज़बूत डीलर और वितरकों का नेटवर्क मौजूद है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, सुनील अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ कामधेनु लिमिटेड के विकास के लिए महत्वपूर्ण बाजार है जहां इंफ्रास्ट्रक्टर और निर्माण उद्योग के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं। कामधेनु संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में पहले से ही देश में मजबूत मौजूदगी रखता है और इस विस्तार रणनीति के साथ, हम राज्य में एक ठोस बाजार हिस्सेदारी को पकड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। यह हमारी संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में अपनी बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने की हमारी संपूर्ण रणनीति के साथ मेल खाता है।

# स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्तीय परिणाम घोषित किए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एसजीएलटीएल) एनएसईऔर बीएसई पर सफल लिस्टिंग के बाद अपने पहले क्यू3 वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उनका मजबूत वित्तीय प्रदर्शन मज़बूत बिज़नेस फंडामेंटल्स, अच्छे ऑपरेशंस और इनोवेशन को दर्शाता है। एफवाय 25 के 9 महीने के परिणामों पर नज़र डाले तो टोटल रेवन्यू 33% वार्षिक वृद्धि के साथ 45,493.22 लाख रुपये रहा। एबिटडा 20.09% केमार्जिन और 42% वार्षिक वृद्धि के साथ 9,137.93 लाख रुपये रहा। वहीं, प्रॉफिट बिफोर टैक्स (पीबीटी) 46% वार्षिक वृद्धि के साथ 7,130.71 लाख रुपये, रहा। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) की बात करे तो 45% वार्षिक वृद्धि और 11.47% के मार्जिन साथ 5,215.86 लाख रुपये रहा। ऑपरेशंस से कैश फ्लो 600 लाख रुपये दर्ज किया। एक्सपेंशन की बात करे तो कंपनी ने आईपीओ में 210 करोड़ रुपये की सफलतापूर्वक राशि जुटाई, जो ग्रोथ को बढ़ावा देगी। एस2 यूनिट 5 (100,000 वर्ग फुट) का पज़ेशन प्राप्त किया जिसके ऑपरेशन्स फरवरी करेंगे, जो क्यू4 एफवाय25 है। साथ ही, एक्सपोर्ट को मजबूतकरने के लिए यूएसए में एक नई सहायक कंपनी स्थापित करनेगे, जोक्यू4 एफवाय25 तक पूरा होने के लिए तैयार है। कंपनी ने नए प्रोडक्ट्स के लांच की घशोना भी भी करी है, जिससे भारत की इंडस्ट्रियल कैपेबिलिटीज में वृद्धि होगी। कंपनी इनोवेशन पर काफ़ी ध्यान दे रही है, जो भारत में उनके स्ट्रेटेजिक इंवेस्टर एजीआई इंक. जापान के प्रोडक्ट्स सहित अत्याधुनिक तकनीकों को ला रहे हैं।

# सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में पुलवामा में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में छात्र-छात्राओं तथा टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टॉफ द्वारा दिये जलाकर अमर शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गई। 14 फरवरी 2019 समय 03:30 बजे पुलवामा हमलें में जो जवान शहीद हुए थे, उन्हें सी.जी. कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मोमबत्तती व दीया जलाकर भावपूर्ण नम ऑखों से पुष्प द्वारा श्रद्धांजली दी गई। पुलवामा में सी.आर.पी.एफ. के जवानों के काफीले से एक गाड़ी टकराई और भयंकर धमाकों के बाद सड़क पर सत-विछत शव नजर आने लगे। काश्मीर में जवानों पर हुआ तीन दशक का सबसे बड़ा हमला था। 14 फरवरी का दिन विश्व के कई देशों में वेलेन्टाईन डे के रूप में मनाया जाता है, लेकिन जवानों के लिए ये दिन हिंसा और नफरत का सैलाब लेकर आया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं द्वारा एक-एक करके दिया व मोमबत्ती जलाकर उन अमर शहीदों को याद कर देशभक्ति की भावना को जागृत किया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवी वैष्णव एवं प्राचार्य पुष्पेन्द्र कर्ष एवं टीचिंग/नॉन-टीचिंग स्टॉफ एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव द्वारा दी गई।

# किसानों की समृद्धि की ओर एक कदम : होंडा इंडिया फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में एफपीओ के साथ सहकारिता समझौता किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक सहकारिता समझौता (एमओसी) किया है। इसके तहत 'प्रोजेक्ट अन्नदाता- सशक्त किसान, समृद्ध राष्ट्र' की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य राज्य में फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को सहयोग देना और सशक्त बनाना है। यह प्रोजेक्ट एफपीओ के समग्र विकास पर केंद्रित है, जिसमें किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना, उन्हें बाजार से बेहतर जोड़ना और कृषि क्षेत्र में टिकाऊ वृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। एमओसी पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में हुए, जहां प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें उत्तर प्रदेश के माननीय कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी विनय ढींगरा और कातसुयुकी ओज़ावा शामिल थे। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई), होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स (एचआईपीपी) और होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह होंडा के ग्रामीण विकास के प्रति सहयोगी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस अवसर पर होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी विनय ढींगरा ने कहा, होंडा इंडिया फाउंडेशन में हम ग्रामीण समुदायों को सशक्त करने और कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिये समर्पित हैं। यह बातें भारत सरकार की




सोच के अनुसार तो हैं ही, 2025 के यूनियन बजट में भी दिखती हैं। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन में आत्मनिर्भरता का मिशन और किसानों के लिये उचित दाम सुनिश्चित करना जैसी पहलें हमारे उद्देश्यों के ही मुताबिक हैं। प्रोजेक्ट अन्नदाता के माध्यम से एफपीओ को सशक्त करने के लिये हमारे प्रयास इन्हीं प्राथमिकताओं के अनुसार हैं। हम संसाधनों तक किसानों की पहुँच को बढ़ा रहे हैं और कृषि के लिये एक सुदृढ परितंत्र बना रहे हैं, जिससे उन्हें बड़े पैमाने पर फायदा होगा। इस गठजोड़ से हमारे लिये जमीनी स्तर पर सार्थक रूप से असर डालना संभव हो जाएगा। हम कृषि के लिये एक अधिक मजबूत और समृद्ध परितंत्र के विकास में योगदान देना जारी रखेंगे। इस पहल के तहत होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) अपने क्रियान्वयन भागीदार के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 10 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाएगा।

# 'सस्टेनेबल फार्मिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड' से नवाजे जाएंगे डॉ. राजाराम त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश के ख्याति प्राप्त जैविक कृषि वैज्ञानिक और पर्यावरणविद् डा. राजाराम त्रिपाठी को सस्टेनेबल फर्मिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र आईसीएआर ICAR, कृषि विभाग छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश शासन के मार्गदर्शन तथा 'फार्म एंड फूड' राष्ट्रीय कृषि पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में 28 फरवरी को भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि 'फार्म एंड फूड' पत्रिका देशभर के किसानों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। यह पत्रिका भारत की सबसे बड़ी पत्रिका प्रकाशन समूह दिल्ली-प्रेस द्वारा प्रकाशित की जाती है,जो कि 9 भाषाओं में 31 पत्रिकाएँ प्रकाशित करता है, और इसके पाठकों की संख्या 3.5 करोड़ से भी ज्यादा है। इसके कुछ अन्य लोकप्रिय प्रकाशनों में द कारवां, चंपक, गृहशोभा, सरस सलिल और सरिता,मुक्त ा शामिल हैं। इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए चुने गए डा. त्रिपाठी देश के सबसे शिक्षित किसानों में गिने जाते हैं। वे अलग-अलग पांच विषयों में एमए, बीएससी(गणित), एलएलबी, डॉक्टरेट और पीएचडी की कई उपाधियाँ प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने माँ दंतेश्वरी हर्बल समूह की स्थापना की, जिससे लाखों जैविक किसान जुड़े हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित डा. त्रिपाठी इस वर्ष के अंत तक 51 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और अब तक 21 लाख से अधिक पेड़ रोप चुके हैं। वे 40 से अधिक देशों की कृषि अध्ययन यात्राएँ कर चुके हैं और हाल ही में ब्राजील सरकार के विशेष आमंत्रण पर वहाँ की कृषि व्यवस्था का गहन अध्ययन कर लौटे हैं।

# हर्षित लैंडमार्क में गृहप्रवेश मेला के पहले दिन मिला ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में गृहप्रवेश मेला के पहले दिन 5 बुकिंग कर ग्राहकों ने अपने फ्लैट की चाबी ली। 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले गृह प्रवेश को ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद मिला है। सिंघानिया बिल्डकॉन ने राजधानी रायपुर क्षेत्र में अपने 25 से ज्यादा रेसिडेंसियल एंड कार्मशियल प्रोजेक्ट में ग्राहकों के मिले प्यार और भरोसे से उत्साहित होकर गृहप्रवेश मेला आयोजित करने का फैसला लिया है। हर्षित लैंडमार्क में आपको शुरुआती कीमत 55 लाख रुपए मात्र में 3|4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट कामर्शियल शॉप्स एण्ड ऑफिस स्पेस रेडी टू पजेशन उपलब्ध हैं। अपने ग्राहकों के लिए ये ऑफर 14-16 फरवरी तक केवल 3 दिनों के लिए खुला है। गृह प्रवेश 2025 फेस्ट सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की ओर से यहां बुकिंग कराने वालों के लिए कई आकर्षक स्कीम लॉन्च की गई हैं। यहां तत्काल बुकिंग करने पर राष्ट्रीकृत बैंकों से 100% बैंक फायनेंस सुविधा, 0% प्रोसेसिंग फीस, फ्री क्लब चार्जेस सहित ग्राहक फ्रेंडली कई अन्य स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। हर्षित लैंडमार्क लोकेशन शहर के प्रमुख स्थानों से सबसे करीब है। हर्षित लैंडमार्क एम्स हॉस्पिटल की दूर मात्र 1.5 किमी, एनआईटी 3.4 किमी, पं. दीनदयाल सभागार 3.1 किमी, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय 4.1 किमी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम 3.0 किमी की दूरी पर स्थित है। जहां 700 सौ से ज्यादा परिवार शहर के करीब लक्जरी जीवनशैली का अहसास कर रहे हैं। इसके अलावा हर्षित लैंडमार्क में 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का 32 वर्षो का अनुभव और 25 से अधिक सफल प्रोजेक्ट्स इस क्षेत्र में उनकी विश्वसनीयता का प्रमाण हैं। अब तक इस समूह ने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 20,000 से ज्यादा परिवारों को घर प्रदान किए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बन चुके हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन का आदर्श वाक्य जो दिखाते हैं वही बनाते हैं है, और यही वजह है कि यह ग्रुप रियल एस्टेट सेक्टर में लोगों का भरोसा जीत चुका है।

## एनटीपीसी विध्यांचल ने स्वर्ण शक्ति और बिजनेस एक्सीलेंस अवाड्र्स में ओवरऑल चैंपियन जीता

# आईपीएस 2025 : सतत विद्युत उत्पादन के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता

पायनियर संवाददाता ◄ सीपत
www.dailypioneer.com






एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी रायपुर में 13 से 15 फरवरी 2025 तक अपने फ्लेगशिप कार्यक्रम भारतीय पावर स्टेशन प्रचालन व अनुरक्षण सम्मेलन (आईपीएस 2025) की शुरुआत की। एनटीपीसी सिंगरौली की पहली इकाई के कमीशनिंग के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सम्मेलन में विश्वसनीय और सतत उत्पादन, परिसंपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा परिवर्तन विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योग के अग्रणी, पेशेवरों और विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया। पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) ने उद्घाटन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी ने देश भर में थर्मल पावर स्टेशनों के प्रचालकों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया है। हमने एनटीपीसी के महत्वपूर्ण योगदान के साथ इतिहास में पहली बार 50 मिलियन टन कोयला भंडार बनाए रखा है। आने वाले समय में बढ़ती चुनौतियों के लिए हमें रखरखाव प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा तथा प्रचालन डाटा का विस्तृत विश्लेषण करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे सभी कंपनियों को पर्यावरण निरंतरता को प्राथमिकता देने और अपने पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के प्रदर्शन की बारीकी से निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने एनटीपीसी की 50वीं वर्षगांठ पर पहुंचने पर सराहना की। उन्होंने कहा, ऊर्जा परिवर्तन के लिए एनटीपीसी का व्यापक दृष्टिकोण स्पष्ट है, जिसमें सीसीयूएस जैसी पहल के माध्यम से थर्मल पावर को स्वच्छ बनाए रखने का प्रयास शामिल हैं। उन्होंने वेंडर विकास को बढ़ावा देने पर एनटीपीसी के केंदित प्रयास की सराहना की, जो आपूर्ति श्रृंखला में बाधा को हल करने में मदद करेगा। गुरदीप सिंह, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जैसा कि हम भारतीय पावर स्टेशन 2025 के लिए एकत्र हुए हैं, हमारा ध्यान सभी पावर स्टेशनों में आर एंड एम के लिए समयबद्ध कार्यक्रमों को लागू करने पर होना चाहिए। नवोन्मेषी उपायों के माध्यम से हमारे मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से हमारी दक्षता और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। विकसित पावर ग्रिड और ऊर्जा क्षेत्र के गतिशील स्वरूप के कारण यह जरूरी है कि हम अपने दृष्टिकोण में अनुकूलन और अधिक चुस्त और प्रयोगात्मक हों। रवीन्द्र कुमार, निदेशक (प्रचालन) ने एनटीपीसी परिवार की ओर से इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों और सम्मानित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (परियोजना) के एस सुंदरम, निदेशक (मानव संसाधन) ए के जाडली, मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा, विद्युत मंत्रालय, सीईए, सीईआरसी, एनटीपीसी, जेनको और अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजनाओं और स्टेशनों को एनटीपीसी स्वर्ण शक्ति पुरस्कार (2023-24) और एनटीपीसी बिजनेस एक्सीलेंस अवाड्र्स (2024-25) भी प्रदान किए गए। आईपीएस 2025 का एक अन्य प्रमुख आकर्षण टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी है जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण और कई विक्रेताओं और निर्माताओं के रचनात्मक समाधान शामिल हैं।

# हिंदुस्तान जिंक 62 उद्योग क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 66 कंपनियों में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड को एसएंडपी ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी ईयरबुक 2025 में शामिल कर शीर्ष 1 प्रतिशत रैंकिंग दी गयी है। यह कंपनी का लगातार 8वां समावेश और शीर्ष 1 प्रतिशत की लगातार दूसरी रैंकिंग है, जो सस्टेनेबिलिटी और रेस्पोसिंबल बिजनेस प्रेक्टिस के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह हिन्दुस्तान जिंक की एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) 2024 में लगातार दूसरे वर्ष दुनिया की सबसे सस्टेनेबल मेटल और माइन कंपनी के रूप में हाल ही में मान्यता के बाद है, जिसमें इसकी परिचालन उत्कृष्टता, नवाचार और ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) पहलों में नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया है। प्रतिष्ठित एसएंडपी ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी ईयरबुक में शामिल कंपनियों का चयन एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) 2024 में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। इस मान्यता हेतु, कंपनियों को अपने उद्योग के शीर्ष 15 प्रतिशत में रैंक और अपने क्षेत्र में उच्चतम स्कोर वाली कंपनी के 30 प्रतिशत में सीएसए स्कोर हासिल किया है। 62 उद्योगों में मूल्यांकन की गई 7,690 कंपनियों में से केवल 780 कंपनियों ने इस वर्ष की ईयरबुक में स्थान मिला है। उल्लेखनीय रूप से, रेस्पोसिंबल और सस्टेनेबल विनिर्माण के अपने दृष्टिकोण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता ने इसे इस प्रतिष्ठित ईयरबुक के शीर्ष 1 प्रतिशत में शामिल किया है। विशेष रूप से, हिंदुस्तान जिंक 2050 या उससे पहले नेट जीरो हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

पायनियर संवाददाता < लोरमी
www.dailypioneer.com





उप मुख्यमंत्री अरुण साव लोरमी विधानसभा के नवरंगपुर, बोड़तरा कला और नवाडीह में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में साव ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को प्रचंड मतों से जिताने की अपील की है। साव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, पंचायत चुनाव में काम करने वाले कार्यकर्ता को विजय बनाएं। वोट के लिए घर-घर पहुंचकर लोगों को बताये कि, साय सरकार ने 13 महीने में ग्रामीणों के लिए बहुत काम किया है। मोदी के एक एक गारंटी को पूरा किया है। सबसे पहले गरीबों को 18 लाख पीएम आवास दिया है। किसानों से 3100 रुपए में धान की खरीदी की है। उन्हें दो साल का पुराना बोनस दिया है। कृषक उन्नति योजना के तहत प्रति क्विंटल 800 रुपए एकमुश्त भुगतान किया है। भूमिहीन कृषक मजदूरों के खाते में 10 हजार रुपए भेजा है। वहीं माता बहनों को महतारी वंदन के तहत 12 महीने में 12 किस्त दिया है। साव ने कहा कि, भूपेश सरकार में पंचायतों का विकास कार्य ठप पड़ गया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद हर गांव में विकास कार्य शुरू हुए हैं। वहीं एक भी घर मोदी की गारंटी से नहीं छूटे है। सभी को कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिला है। जिन उम्मीदों से आपने भाजपा को जिताया है, उन उम्मीदों पर साय सरकार खरा उतरी है। इन कामों को गर्व से ग्रामीणों को बताना है। साव ने आश्वस्त किया कि, पंचायतों में नये जन प्रतिनिधि बनाने के बाद काम तेज गति से होगा। भाजपा के एक एक अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में काम करना है। यह चुनाव केवल विकास के लिए है, और भाजपा के जनप्रतिनिधि जीतेंगे, तभी विकास होगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी कार्यकर्ताओं को मुंगेली जिला पंचायत सदस्य भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अनिता कोमल साहू, रत्ना काठले, शांति भास्कर एवं समुन्द सिंड्राम को जिताने संकल्पित किया। साथ ही जनपद सदस्य प्रत्याशी वर्षा विक्रम सिंह, राजेंद्र साहू, प्रीति टांडिया, दुलेश्वरी बघेल, जवाहर दिवाकर, मनिता भास्कर, उर्मिला चंद्राकर, बबीता बंजारा, रूखमणि बिंझवार, विरेंद्र गुप्ता, रेखा साहू, शशि साहू, संतोषी गायकवाड़, मनोज ध्रुव, पुष्पलता मरावी, अश्वनी ध्रुव एवं सरस्वती राजपूत को जिताने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। सम्मेलन में भाजपा के पदाधिकारीगण एवं साथी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता रोमांचक मैच में एसएसबी सिलीगुड़ी ने अवध वॉरियर उत्तराखंड को 3-2 से हराया

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शहर के रणजीता स्टेडियम में खेले जा रहे स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता में शुक्रवार 14 फरवरी को प्रतियोगिता का सातवां मैच एसएसबी, सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल सिलीगुड़ी असम और अवध वॉरियर उत्तराखंड की टीमों के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक और आकर्षक इस मैच के 20वें मिनट में सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल सिलीगुड़ी असम की टीम को कॉर्नर मिला जिसमें टीम के जर्सी नं. 9 अजीत ने दमदार शॉट से अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। पहले ही हॉप में टीम के जर्सी नं. 15 मिंटू ने दूसरा गोल कर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में एसएसबी सिलीगुड़ी के फारवर्ड जर्सी नं. 22 राधाकांत ने अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया। लेकिन दूसरे हाफ के इस हिस्से में जबरदस्त वापसी करते हुए अवध वॉरियर उत्तराखंछ की टीम ने बेहद आक्रमक फुटबॉल का प्रदर्शन करते हुए, एसएसबी सिलीगुड़ी के गोलपोस्ट पर एक के बाद एक कई दमदार आक्रमण किए और टीम के जर्सी 15 विभूषण ने अपनी टीम के लिए 2 गोल किए और अपनी टीम की जोरदार वापसी कराई। लेकिन मैच के अंत में एसएसबी सिलीगुड़ी की टीम ने 3-2 से जीत हासिल कर प्रतियोगिता के अगले राउंड में प्रवेश किया।

**आज का मैच** -आयोजन समिति के जनरल सेक्रेटरी सरफराज आलम ने बताया कि, शनिवार को प्रतियोगिता में सेल फुटबॉल अकेडमी बोकारो झारखंड और न्यू स्पोर्टिंग चर्चा कॉलरी छत्तीसगढ़ के बीच मैच खेला जाएगा। आज के मैच कमिश्नर थे विश्वजीत भट्टाचार्य, सेंट्रल रैफरी की भूमिका में आकाश सिंघानिया और सहायक रैफरी के रूप में रविन्द्र राजवाड़े और दया यादव तथा फोर्थ ऑफिसियल के रूप में मुकेश भगत ने अपनी भूमिका निभाई।

# 126 पाव अवैध देशी प्लेन शराब के साथ मोटर सायकल में परिवहन करते हुए 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




126 पाव अवैध देशी प्लेन शराब के साथ मोटर सायकल में परिवहन करते हुए 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार। आरोपियों के कब्जे से परिवहन में उपयोग दो मोटर सायकल कीमती 01 लाख रुपए को किया गया बरामद। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा विवेक शुक्ला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर थाना नवागढ़ पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी (01) श्रीनाथ कश्यप 50 वर्ष (02) ज्ञानेंद्र कश्यप 46 वर्ष (03) संतोष कर्ष 35 वर्ष सभी निवासी सेमरा थाना नवागढ़ को मोटर सायकल में परिवहन करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से जुमला 126 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 11340/रुपए एवं परिवहन में उपयोग किए दो मोटर सायकल कीमती 01 लाख रुपए को बरामद किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 14.02.2025 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# श्री गुजराती स्कूल व सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्र नगर में 3 व 4 मई को होंगे चेंबर का चुनाव : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव निर्वाचन समिति द्वारा चेंबर चुनाव के लिए देवेन्द्र नगर सेक्टर 4 रायपुर स्थित श्री गुजराती स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भवन का निरीक्षण कर मतदान केंद्र के रूप में चयन किया गया है। 3 मई 2025, दिन शनिवार को श्री गुजराती स्कूल में होने वाले मतदान में महासमुंद, गरियाबंद, बलोदाबाजार-भाटापारा, बेमेतरा जिले सहित रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र (अभनपुर, आरंग, बूढ़ेरा, धरसीवा, गोबरा नवापारा, केसला, खरोरा, कोसरंगी, मांडर, मंदिर हसौद, नवापारा, नया रायपुर, नेवरा, सारागांव,सिलतरा, तिल्दा, तिल्दा- नेवरा,) एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट, राजगढ़ और शहडोल जिले के कुल 2647 मतदाता मतदान करेंगे। 4 मई 2025, दिन रविवार को श्री गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर एवं सरस्वती स्कूल देवेंद्र नगर में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को छोड़कर केवल रायपुर शहर के कुल 11395 मतदाता मतदान करेंगे। इस अवसर पर चेंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, संजय जोशी, संजय देशमुख, बालकृष्ण दानी, चेंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम. रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस साल बोर्ड परीक्षा में देशभर से 44 लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर छात्रों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 18 मार्च तक होगी, वही सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक होगी। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक, कुछ विषयों की परीक्षा 12:30 बजे तक होगी। छात्रों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले प्रश्न पत्र पढने का समय दिया जाएगा। सुबह 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। रेगुलर छात्र अपने स्कूल की निर्धारित यूनिफॉर्म में परीक्षा देने आएंगे। वही प्राइवेट छात्र हल्के या उजले रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल होंगे। बिना एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। रेगुलर छात्रों को अपने स्कूल का आईकार्ड और प्राइवेट छात्रों को कोई भी सरकारी फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में प्रदेश की साय-सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की : भाजपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सौरभ सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में अपने महज 13 माह के कार्यकाल में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा सरकार के प्रति अटूट विश्वास का वातावरण बना है। भाजपा पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई। 18 लाख गरीब परिवारों को पक्के आवास देने की मोदी की गारंटी के पालन में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीडब्ल्यूएल सूची से बचे हुए सभी 6,99,331 का लक्ष्य और आवास प्लस से कुल सूचीबद्ध 8,19,999 में से 1,47,600 का लक्ष्य, कुल लक्ष्य 8,46,931 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई। इस वर्ष केन्द्र द्वारा 17 राज्यों को दिए गए लक्ष्य में से छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सिंह ने बताया कि कुल 8,46,931 प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 6,99,972 स्वीकृत आवासों में से 1.80 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। गृह पोर्टल से योजना की निगरानी और क्रियान्वयन को पारदर्शी बनाया गया है। निर्माण सामग्रियों, राज मिस्त्रियों, और दुर्गम क्षेत्रों की पहचान सुनिश्चित की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत लक्ष्य 47,090 के विरुद्ध 38,595 आवास स्वीकृत किए गए हैं। भाजपा पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में तो उनके तत्कालीन पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने इस्तीफा दे दिया था क्योंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन आवासों के लिए राशि जारी नहीं की। इस कारण पाँच वर्ष तक लोग होली-दीपावली-दशहरा खुली छत के नीचे मनाने को मजबूर हुए। सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रयासों से आत्म समर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पक्का आवास से लाभान्वित किए जाने हेतु कुल 15 हजार परिवारों के सर्वे हेतु भारत सरकार से अनुमति प्राप्त हुई है।

# प्रेस क्लब का भ्रमण व पारिवारिक मिलन कोडार में सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रेस क्लब परिवार द्वारा पारिवारिक मिलन का समारोह शहीद वीर नारायण जलाशय कोडार बांध परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान पत्रकार साथियों और परिजनों ने कोडार खल्लारी के दर्शन किए और वन चेतना केंद्र पहुंचकर वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाया। निर्धारित समय पर प्रिंट मिडिया के पत्रकारगण परिवार सहित प्रेस क्लब भवन से कोडार स्थित रेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। यहां जलपान पश्चात माता कोडार खल्लारी दर्शन पश्चात वन चेतना केंद्र में बोटिंग की। भोजन उपरांत कोडार रेस्ट हाउस में हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में आयोजित परिचर्चा में शहर की मूलभूत आवश्यकताओं और विकास को लेकर पत्रकार जगत द्वारा आगामी जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाने और उनके द्वारा इस दिशा में पहल की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही बच्चों और महिलाओं ने गीत संगीत और खेलकूद में हिस्सा लिया। और पुरुष वर्ग ने भी उनके साथ प्रत्येक इवेंट में सहभागिता दर्ज की। टूरिस्ट बस से कोडार बांध पहुंचे और साथ पहुंची नई पीढ़ी कोडार बांध के इतिहास से अवगत हुई। वन चेतना केंद्र में भ्रमण के दौरान प्रकृति की छटा देखी। बच्चों ने झोपडियों पर टंगी कंडिल पर कौतूहल व्यक्त किया। अंत में इस पारिवारिक भ्रमण और मिलन समारोह को यादगार बनाने प्रेस क्लब के प्रत्येक परिवार को एक-एक उपहार देकर इसे क्षण को यादगार बनाने का प्रयास किया गया। यहां उपस्थित सभी बच्चों को भी उपहार भेंट किए गए। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारों यह परिवार एक दूसरे के साथ मिलकर हर्षित है। हम इसी तरह सदैव सुख-दुःख में भी एक दूसरे के साथ हैं। इस सम्मेलन से हमारी एकता और मजबूत हुई है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रत्नेश सोनी, उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय महंती, पत्रकार संजय डफले, सालिक राम कन्नौजे, बाबूलाल साहू, उत्तरा विदानी, प्रज्ञा चौहान, जितेंद्र सतपथी, विपिन दुबे, ललित मानिकपुरी, देवीचंद राठी, दिनेश पाटकर, विक्रम साहू, विजय चौहान, अमित हिशीकर, संजय यादव, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, कुंजू रात्रे, पोषण कन्नौजे के साथ परिजनों में सेवकराम यादव, सुशीला यादव, लता सोनी, शोभा शर्मा, स्मिता डफले, रश्मि महंती, राखी सोनी, आकांक्षा दुबे, हर्षा हिशीकर, अनिता यादव, लक्ष्मी मानिकपुरी, लक्ष्मी चंद्राकर, जगर बाई रात्रे बच्चों में हर्ष चंद्राकर, आरोही हिशीकर, श्रेयश दुबे, कमलेश रात्रे, आर्यन सोनी, आयांश सोनी, आयुष यादव आदि शामिल रहे।

# नवीन मिश्रा के चुनावी प्रचार प्रसार से जनता जनार्दन में जोरदार उत्साह

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी नवीन मिश्रा ने क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया। आपको बताते चलें कि नवीन मिश्रा का चुनावी जनसंपर्क जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 के तिल्दा लाटा, सीरिया डीह, मरदा, करदा, सुनसुनिया, सेमरिया, चंगोरी, पैसर, कोयदा, अमलीडीह, खम्हरिया, सरखोर, चिचिरदा, लाहोद सहित कुल 34 गॉव में डोर टू डोर प्रचार कर आशीर्वाद समर्थन अपील रैली जारी है। नवीन मिश्रा के रैली में सभी गॉव की महिलाएं, पुरूष युवाओं एवं बुजुर्गो की टोली भीड़ का साक्षी बने हुए हैं। नवीन मिश्रा गॉव-गांव जाकर जनता से आशीर्वाद मांगते हुए गलियों चौक चौराहे पर संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि उन्हें भारी मतों से विजय बनाकर सेवा का सौभाग्य प्रदान करें, आपके गांव में अच्छी सड़क, अच्छा स्वास्थ्य, पानी बिजली के साथ साथ नशाखोरी बंद करने का अभियान चलाया जाएगा। रेत माफियाओ पर कड़ी शिकंजा कसा जाएगा, सर्वांगीण विकास का रास्ता बनाया जाएगा, साथ ही डबल इंजन की सरकार से सबको प्रधानमंत्री आवास सहित जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलाने में हर सम्भव मदद किये जाएंगे। नवीन मिश्रा की छवि बेदाग एवं सरल स्वभाव तो है ही वह भाजपा सरकार के मंत्रियों के करीबी माने जाते हैं ऐसे में यदि नवीन मिश्रा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतते हैं तो निश्चित ही जनता का विकास होना तय है। शायद यही कारण है कि जनता जनार्दन नवीन मिश्रा को लेकर उत्साहित हैं। यह उत्साह यदि मतदान के दिन वोट में तब्दील हो गया तो शत प्रतिशत नवीन मिश्रा का चुनाव जीतने का आसार अभी से दिखाई दे रहा है। कुछ गॉव से ग्रामीणों ने कहा कि नवीन मिश्रा के दिग्गज भाजपा नेता है वह सरकार में उसकी पकड़ सबसे मजबूत है, वह जनता के कामों को आसानी से कराने में सक्षम है। ऐसे में प्रबल प्रत्याशी नवीन मिश्रा को ही चुनना पसन्द करेंगे।

अन्य प्रत्याशी को वोट देकर वोट बेकार नहीं करने की विचार जाहिर करते हुए नजर आए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक में पहले जिन लोगों को जीत का स्वाद मिला उनके द्वारा ऐसे कोई जनता का विकास नहीं कराए हैं, जिनसे जनता में कुछ प्रत्याशी को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

# गिरौदपुरी मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च तक, कलेक्टर-एसपी ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले की तैयारी का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में आगामी 4 से 6 मार्च 2025 तक विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले के लिए प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने मंदिर परिसर में ही मेला समिति से जुड़े सदस्यों से व्यवस्था संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्य सौंपते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रति वर्ष यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। इस बार भी मेला के सफल आयोजन के लिए बेहतर तैयारी करें। उन्होंने मंदिर परिसर, जैतखाम, विश्रामगृह, पार्किंग, एरिया, सुरक्षा, लाइटिंग, पेयजल, दर्शनार्थियों के ठहरने की व्यवस्था आदि की बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्यूनिटी टॉयलेट और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीव्ही लगाने को भी कहा है। उन्होंने गिरौदपुरी से लगभग 7 किलोमीटर दूर छाता पहाड़ और इससे आगे पंचकुण्डी स्थल में भी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मेला के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने तथा शरारती तत्वो पर कड़ी नजर रखने मेला परिसर में लगभग 36 सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सडक किनारे के पेड़ों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने तथा सड़क किनारे के दुकानो के द्वारा सडक पर सामान रखने पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने इस अवसर पर मंदिर में गुरु गद्दी का दर्शन किया और पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मेले समिति से जुड़े सदस्य, गिरौदपुरी एसडीएम रामरतन दुबे, एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक, उप पुलिस अधीक्षक यातायत अमृत कुजूर सहित मेला तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# मतगणना के लिए ट्रैफिक पुलिस ने तैयार किया पार्किंग प्लान, भारी वाहनों को इन स्थानों से डायवर्ट किया जाएगा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




जिले के 10 नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना 15 फरवरी को सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं और प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग और पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की है। मतगणना के दौरान शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार से केवल आब्जर्वर, आरओ और एआरओ के वाहन को ही प्रवेश की अनुमति होगी। शासकीय अधिकारी और कर्मचारी अपनी गाड़ियां इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट के पास स्थित मैदान में पार्क कर पैदल मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे। वहीं, प्रत्याशी और गणना एजेंट अपने वाहनों को इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क कर पैदल प्रवेश करेंगे। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के वाहन को भी इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर निर्धारित पार्किंग में पार्क किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, मतगणना के दौरान पुराना धमतरी रोड, कमल विहार तिराहा और भरेंगाभाठा चौक से भारी वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

# पंचायत चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी और सेक्टर अधिकारियों को दायित्वों की दी जानकारी

## मतदान पूर्ण होते ही स्थल पर की जाएगी मतगणना

**जगदलपुर।** बस्तर जिला प्रशासन ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस ने बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिले में तीन चरणों में निर्वाचन की प्रकिया की जा रही है। पहले चरण में 17 फरवरी को जगदलपुर और दरभा में और दूसरे चरण में 20 फरवरी को बस्तर और लोहाड़ीगुड़ा में तथा तीसरे चरण में 23 फरवरी को बकावंड, बास्तानार एवं तोकापाल में निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। इस निर्वाचन में मतदान बैलेट पेपर से होगी, साथ ही मतगणना भी मतदान केंद्र में ही किया जाएगा। इसके लिए सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दलों को प्रोत्साहित कर रखें, सभी आवश्यक प्रपत्रों में सही जानकारी भरवाएं। साथ ही सभी मतदान दल पूरी मतगणना उसी मतदान केंद्र में करवाकर ही आना सुनिश्चित करें। अंदरूनी क्षेत्र के मतदान केंद्रों या संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता के साथ करवाएं। सभी सेक्टर अधिकारी क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों का सम्पर्क नम्बर जरूर रखें। इसके अलावा मतदान दलों की जरूरी व्यवस्था को सुनिश्चित करवाएं। वाहनों की व्यवस्था के लिए रूट चार्ट के आधार पर कार्ययोजना के साथ व्यवस्था किया जाए। महिला कर्मचारियों की व्यवस्था पर चर्चा किया गया। मतदान केन्द्र की मूलभूत व्यवस्था को सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के मतपत्र की स्थिति और रिजर्व दल की व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा ने सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक जानकारी भी दी।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के बाद 7 दिन में ही राजा परीक्षित को श्राप से मुक्ति मिली थी : आचार्य बांके बिहारी






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोवा स्थित श्री बालाजी हाऊस में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 13 फरवरी से प्रारम्भ होकर 20 फरवरी तक चलेगा। भागवत प्रवक्ता आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी के श्रीमुख द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने 14 फरवरी को कपिल भगवान चरित्र का वर्णन के साथ कपिल गीता एवं ध्रुव चरित्र का भी वर्णन किया। श्रीमद् भागवत कथा में काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। प्रत्येक दिन दोपहर तीन बजे से सायं सात बजे तक भक्तगण श्रीमद भागवत कथा का पुण्य लाभ ले सकते हैं। आचार्य बांके बिहारी महाराज ने कहा श्रीमद्भागवत कथा भगवान के प्रति प्रीत बढ़ाती है। यह मोक्षदायिनी अलौकिक कथा हमें विकारों से मुक्ति का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि इस कथा का श्रवण करने के लिए देवता भी अमृत कलश लेकर पधारे थे। इस सनातन ग्रंथ में सत्य स्वरूप योगेश्वर श्रीकृष्ण का वर्णन है। इस कथा के श्रवण के लिए 88000 शौनकादि ऋषि गण ब्रह्मा जी के पास पहुंचे थे। अमृत कलश लेकर सभी देवता वहां उपस्थित हुए। स्वर्ग से देवता अमृत कलश लेकर जिस कथा को श्रवण करने के लिए पहुंचे, वह कथा साधारण नहीं हो सकती। कथा श्रवण के बाद 7 दिन में परीक्षित को श्राप से मुक्ति हो गई। ऋषियों ने अपनी इच्छा प्रकट करते हुए पूछा कि कथा के लिए वह उत्तम स्थान बताएं, जहां किसी प्रकार की अशांति न हो। ब्रह्माजी इस प्रश्न के समाधान के लिए देवगण के साथ भगवान के पास पहुंचे। भगवान ने कहा कि हमारा चक्र जहां गिरे, वह स्थान इसके लिए उत्तम होगा। चक्र यूपी के नैमिषारण्य में गिरा। वहां भागवत कथा का श्रवण तक्षक द्वारा शापित परीक्षित को सुखदेव जी करा रहे थे। कथा प्रसंगों के बीच श्री राधे राधे, श्री राधाकृष्ण के स्वर गूंजते रहे। महाराज ने कहा कलयुग की शुरुआत महाभारत युद्ध के बाद हुई थी।

## पंचकोशी यात्रा की थीम पर आधारित राजिम कुंभ कल्प मेला




पायनियर संवाददाता ◄ राजिम
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प 2025 का आयोजन नए स्वरूप में पहले से अधिक आकर्षक और भव्य रूप में दिखाई दे रहा है। कुंभ मेले की साज-सजावट और आकार मेलार्थियो को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। राजिम कुंभ में आस्था, भक्ति और संस्कृति का अद्भुत समन्वय किया गया है। जहां दिन भर भजन कीर्तन के साथ ही देश के कोने-कोने से आए हुए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा विशाल मंच में प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे है। इस बार राजिम कुंभ पंचकोशी यात्रा की थीम पर बनाया गया है। पंचकोशी यात्रा की महत्ता को लोगों तक पहुंचाने चौबेबाँधा के नये मेला मैदान में इसकी झांकी का निर्माण किया गया है। राजिम मेला में सबसे ज्यादा मेलार्थी पंचकोशी यात्रा की झांकी देखकर श्रद्धाभाव से शीश झुका रहे है। मेलार्थियो को मनोरंजन के साथ ही पंचकोशी यात्रा का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। यहां पंचकोशी यात्रा के पांचों महादेव, स्थल पहुंचने का मार्ग और दूरी से लोग अवगत हो रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में मेला के एक माह पहले पंचकोशी यात्रा निकाली जाती है। जिसमें हजारों श्रद्धालु क्षेत्र के श्री कुलेश्वर महादेव, पटेश्वर महादेव, चंपेश्वर महादेव, ब्रम्हनेश्वर महादेव, फणीकेश्वर महादेव और कोपेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर अपने आप को धन्य करते हैं। पंचकोशी पदयात्रा की शुरुवात राजिम त्रिवेणी संगम के बीचों बीच स्थित कुलेश्वर महादेव में पूजा पाठ कर की जाती है। जिसका समापन भी कुलेश्वर मंदिर में पूजा पाठ से होता है। श्रद्धालु पैदल चलकर 5 पड़ाव में 5 शिवलिंगों का दर्शन करते हैं। पटेश्वर महादेव से शुरू होती है यात्रा - पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का पहला पड़ाव पटेवा के पटेश्वरनाथ मंदिर में होता है। इसके बाद चंपेश्वरनाथ, बम्हनेश्वरनाथ, फणेश्वरनाथ और कोपेश्वरनाथ के दर्शन के बाद श्रद्धालु कुलेश्वरनाथ मंदिर पहुंचते हैं। राजिम से पांच किलोमीटर दूर ग्राम पटेवा में स्थित पटेश्वर महादेव अन्नब्रम्हा के रूप में पूजे जाते है। सुबह पूजा अर्चना पश्चात श्रद्धालु अगले पड़ाव में चंपेश्वर महादेव के लिए निकल जाते हैं। चंपारण में स्थित चंपेश्वर महादेव राजिम से उत्तर दिशा में 14 किलोमीटर दूर स्थित है। चंपेश्वर महादेव में स्वयं भू-शिवलिंग है। यहां से तीसरा पड़ाव ब्रम्हनेश्वर होता है, जो चम्पारण से 9 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर-पूर्व की ओर महासमुंद जिले के बम्हनी गांव में स्थित है। जहां बम्हनेश्वर शिवलिंग पर शंभू का अघोररूप उकेरा हुआ है। माता उमा देवी इनकी शक्ति है।

## बजरंग दल और गौरक्षकों ने सरोना के भैंसथान में मारा छापा, भारी मात्रा में गौमास बरामद



**रायपुर।** बजरंग दल और गौरक्षकों ने सरोना के भैंसथान में छापा मार कर भारी मात्रा में गौमास बरामद किया। गौरक्षक शिवम ठाकुर ने बताया है कि सरोना के भैंसथान में उस्मान डेयरी के अंदर गौमांस की बिक्री हो रही थी। जिसकी सूचना पर बजरंग दल और गौरक्षकों ने भैंसथान में छापा मारा और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में गौमास बरामद किया।

## निकाय चुनाव के दौरान भाजपा ने पूरे प्रदेश में शराब, पैसा बांटा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव संपन्न हुए तीन दिन हो गये है। चुनाव में पूरे प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल था। अपनी संभावित हार को भांप कर चुनाव के दौरान भाजपा के नेता पूरे प्रदेश में शराब, पैसा बांट कर जनमत को प्रभावित करने में लगे थे। ऐसा ही एक उदाहरण नगर पालिका पंडरिया में देखने को मिला, जहां पर विधायक भावना बोहरा के संरक्षण में मतदान प्रभावित करने के लिए पिकअप वाहन में भरकर सैकड़ों की संख्या में पानी के जार (टंकी) जिसके अंदर पानी न होकर नगदी था। साथ ही रूपयों से भरा 200 नग लिफाफा, हाट-पाट शराब की बोतलें लोगों में बांटने के लिए ले जाया जा रहा था, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीछा कर पकड़ा। पुलिस के द्वारा सारी सामाग्री के साथ पिकअप को पकड़कर थाने ले जाया गया। जहां सामान को जप्त करने के बाद भी छोड़ा गया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान विधायक भावना बोहरा कांग्रेसियों को धमका रही थी, उनके पीएसओ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धमका रहे थे। सारा घटनाक्रम पंडरिया थाने के सीसीटीवी में भी कैद है। यही नहीं वहां उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता ललित देवांगन के साथ थाना परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट किया। 9 फरवरी की रात को 1 बजे विधायक भावना बोहरा के बेमेतरा स्कूल का प्रबंध विनीत राजोरिया सीजी-07 एलएल नं. की सफेद औरा कार में 500 के नोट के लिफाफा बांट रहे थे, पता चलने पर जब कांग्रेसजनों ने विरोध किया तथा उनका घेराव किया तब पुलिस एसडीएम तहसीलदार उक्त वाहन एवं राजोरिया को थाने ले गये। कांग्रेस के लोगों के सामने पंचनामा बनाया गया जिसमें 500 के नोट भरे लिफाफे थे, जिसमें एक लिफाफे में 1000 रू. था, कुल दो लाख रू. की जप्ती बनाया गया।

## राजिम मेला में श्रद्धालुओं के ठहरने लिए सर्वसुविधा युक्त स्विस कॉटेज



**गरियाबंद।** राजिम कुंभ कल्प मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इस बार मेला के स्वरूप में काफी बदलाव किया गया है। राजिम चौबेबांधा के 54 एकड़ क्षेत्र में इस बार मेले का संचालन किया जा रहा है। वहीं पुराने मेला मैदान संगम क्षेत्र में महानदी आरती तथा संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। राजिम कुंभ में इस बार नया प्रयोग करते हुए प्रयागराज महाकुंभ की तर्ज पर त्रिवेणी संगम में टेंट सिटी बनाई गई है। जिसमें मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की उत्तम व्यवस्था के रूप में राजस्थानी पैटर्न में स्विस कॉटेज बनाया गया है। इस कॉटेज में लोगों को होटल जैसी सुविधा मिलेगी। स्विस कॉटेज में मिलेगी ये सुविधाएं - पुराने मेला मैदान त्रिवेणी संगम में लगभग 30 हजार (150 बाई 200) वर्ग फुट में सर्वसुविधा युक्त 10 स्विस कॉटेज बनाए गए है।

## राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर हो रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति



राजिम कुंभ कल्प 2025 के दूसरे दिन नवीन मेला मैदान राजिम चौबेबांधा में रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य मंच में पायल साहू और आकाश चंद्राकर की प्रस्तुति ने धूम मचा दिया। शिव उपासना, गणेश वंदना, राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के अलावा छत्तीसगढ़ी गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर अंत तक दर्शको को बांधे रखा। तरिया तीर के पटवा भाजी...., बही बना दिए रे बुंदेला...., जिंदगी के नई हे ठिकाना..., लहर गंगा ले लेते न... जैसे गीतों को सुनकर दर्शक झूमने लगे। छत्तीसगढ़ की लोक गायिका निर्मला ठाकुर एवं चंपा निषाद ने भी अपने आवाज के जादू से दर्शकों का मन मोह लिया।

## विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ 'विश्वसनीय छत्तीसगढ़, विकसित छत्तीसगढ़ सुरक्षित छत्तीसगढ़' की दिशा में आगे बढ़ रहा है : केदारनाथ गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने राजधानी में अभी हाल ही हुई डकैती की वारदात में संलिप्त 10 आरोपियों की महज कुछ ही घंटों में हुई गिरफ्तारी और डकैती में लूटे गए 60 लाख रुपए में से 59.50 लाख रुपयों की बरामदगी के लिए प्रदेश पुलिस प्रशासन की कर्त्तव्य-निष्ठा की सराहना की है। गुप्ता ने कहा कि अपराधों पर अंकुश और अपराधियों को जेल, यही तत्परता तो भाजपा के 'विष्णु का सुशासन' का परिचायक है। प्रदेश में अब कानून-व्यवस्था का राज कायम करके अपराधियों में कानून का खौफ पैदा हुआ है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि यदि शासक और सेवक की नीति और नीयत साफ होती है तो निश्चित रूप से भ्रष्टाचारी और अपराधी जेल की सलाखों के पीछे जाते हैं, अभी रायपुर में हुई 60 लाख रुपए की डकैती के आरोपियों की गिरफ्तारी यह प्रमाणित किया है। बुजुर्ग भाई-बहन साथ रहते थे, जो मेहनत की कमाई की जमीन को बेचकर पैसे घर ले आए और डकैतों ने डकैती डालकर वह रकम लूट ली। परंतु कानून के लम्बे हाथों से ये डकैत बच नहीं पाए और महज कुछ घंटों की रणनीतिक तैयारी करके प्रदेश की पुलिस ने अपराधियों को सींखचों के पीछे पहुँचा दिया। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार और उनके प्रशासन ने सिद्ध कर दिया है कि जीरो टॉलरेंस की नीति पर सायं सरकार सांय सांय काम कर रही हैं। पुलिस ने दिन-रात मेहनत करके 24 घंटे के अंदर बुजुर्ग भाई-बहन से लूटी गई डकैती की राशि भी बरामद कर ली। गुप्ता ने कहा कि विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ 'विश्वसनीय छत्तीसगढ़, विकसित छत्तीसगढ़, सुरक्षित छत्तीसगढ़' की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## विस्फोटक के साथ एक नक्सली सप्लायर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com




नक्सलियों पीएलजीए बटालियन के सप्लाई नेटवर्क की ह्यूमन इंट एवं टेक्निकल इंट मिलने पर थाना मरईगड़ा से जिला बल तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमावर्ती में मरईगुड़ा के फाररेस्ट नाका के पास मोबाईल चेक पोस्ट कार्यवाही किया गया। इस दौरान मार्ग में आने जाने वाले वाहनों/रहागीरों की जांच के दौरान 1 संदिग्ध व्यक्ति तेलंगाना स्टेट बार्डर से पैदल चल कर कंधे में बैग लटकाया हुआ आ रहा था, जिसे रोक कर पूछताछ करने पर संतोष जनक जवाब नही दे रहा था। नाम पूछने पर अपना नाम बुधरा कुहरामी पिता लखमा उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा थाना उसूर जिला बीजापुर का होना तथा नक्स्लियों के तेलंगाना स्टेट कमेटी/ पीएलजीए बटालियन कंपनी नंबर 1 में सप्लायर का कार्य करना बताया गया। बैग की तलाशी लेने पर विस्फोटक पदार्थ 1 बंडल कोर्डेक्स वायर, 12 नग डेटोनेटर, 8 नग जिलेटिन रॉड, 1 बंडल बिजली वायर, 15 नग बैटरी छोटा वाला, 3 नग नक्सल साहित्य बरामद किया गया। बरामद विस्फोटक पदार्थ रखे जाने के संबंध मे पूछताछ करने पर नक्स्लियों के तेलंगाना स्टेट कमेटी के बड़े लीडरो के कहने पर परिवहन करना बताया गया। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से बुधरा कुहरामी के खिलाफ थाना मरईगुड़ा में अपराध क्रमांक 01/2025 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## ये बिलासपुर है : कांग्रेस में कुछ भी हो सकता है, जो हुआ उसकी चर्चा रायपुर से दिल्ली तक

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव का परिणाम आने में अब कुछ ही समय शेष है। इलेक्शन रिजल्ट को लेकर काउंट-डाउन शुरू हो गया है। चुनाव परिणाम के पहले ही जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ने अपना फैसला सुनाना शुरू कर दिया है। शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों विजय पांडेय व विजय केशरवानी के फैसले को लेकर अब पार्टी के भीतर सवाल उठने लगे हैं। या यूं कहें कि गुटीय राजनीति से प्रेरित इस तरह के फैसलों से कांग्रेस की ही भद पिट रही है। पार्टी अनुशासन को लेकर पार्टी के भीतर और अंदर नियम कायदे होते हैं। संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनुशासन समिति तो होती है साथ ही गाइड लाइन व मापदंड भी पहले से तय कर दिए जाते हैं। तय मापदंड के अनुसार ही अनुशासन को संचालित किया जाता है और कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारियों से पार्टी की अपेक्षा भी यही रहती है कि पदाधिकारी नियमों व निर्देशों का गंभीरता के साथ पालन करेंगे और इसी अनुरुप संगठन को चलाएंगे। मौजूदा नगरीय निकाय चुनाव में बिलासपुर जिले के मद्देनजर यह सब-कुछ नजर नहीं आया। चुनाव के दौरान पूरे समय गुटीय राजनीति हावी रही। टिकट वितरण से लेकर चुनावी कैंपेनिंग तक यह सब दिखाई दिया। जिस तरह भगदड़ की स्थिति कांग्रेस में दिखाई दी इससे तो कांग्रेसजनों के साथ ही आम लोगों के बीच यही चर्चा रही कि जिले में संगठन नाम की चीज ही नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों ने टिकट वितरण से लेकर कैपेंनिंग में अपनी ही चलाई। मतदान निपटते ही कांग्रेस के भीतर सक्रिय संगठन का गुट अब अपने विरोधियों को निपटाने का काम कर रहे हैं। अचरज की बात ये कि इसके लिए प्रत्याशियों का इस्तेमाल कर रहे हैं या फिर उनकी भावनाओं के साथ खेलने में लग गए हैं। प्रत्याशियों से एक शिकायत लिखवाई और गुटीय राजनीति में जिनके साथ मेल नहीं खाता उनको बस पार्टी से बाहर निकालने का खेला शुरू हो गया है। कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारियों को सीधे छह साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है।

### पीसीसी प्रवक्ता के खिलाफ स्थानीय स्तर पर कार्रवाई, जिलाध्यक्ष के ऊपर लटकी तलवार

एआईसीसी के नियमों व मापदंडों पर नजर डालें तो प्रदेश पदाधिकारी के खिलाफ सीधे तौर पर कार्रवाई का अधिकार जिला कांग्रेस कमेटी या शहर कांग्रेस कमेटी को नहीं है, इसके कायदे हैं। अगर प्रदेश पदाधिकारी के खिलाफ चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत मिलती है तो जिला व शहर कांग्रेस कमेटी संबंधित की शिकायत के साथ उसे पीसीसी के हवाले करेगी। पीसीसी नियमों के अनुरुप आगे की कार्रवाई करेगी। मसलन संबंधित को उनका पक्ष रखने का मौका देगी। कारण बताओ नोटिस के जरिए जवाब मांगा जाएगा। जवाब आने के बाद मामला अनुशासन समिति के पास भेजा जाएगा। अनुशासन समिति अपनी अनुशंसा के साथ पीसीसी को मामला वापस भेजेगी। पीसीसी आगे की कार्रवाई करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभयनारायण राय के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने पीसीसी के नियमों व कायदे को धता बताते हुए एकतरफा कार्रवाई कर दी है। अचरज की बात ये कार्रवाई की जानकारी मीडिया में लीक कर दी है।

### शिकायत निराधार, मैं तो मेयर केंडिडेट के साथ काम कर रहा था

पीसीसी के प्रवक्ता अभयनारायण राय भी इस तरह की कार्रवाई से भौचक है। उनका कहना है कि वे पूरे समय महापौर पद के उम्मीदवार प्रमोद नायक के साथ चुनावी कैंपेनिंग में लगे रहे। उनका सेंट्रल चुनाव कार्यालय में बैठकर समन्वय करते रहा। गुरुवार को भी मतगणना कार्य के लिए जरुरी तैयारी में व्यस्त रहा। बिना किसी नोटिस और जानकारी के इस तरह की कार्रवाई समझ से परे है। पीसीसी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार जिला संगठन को नहीं है। जिलाध्यक्ष ने ऐसा क्यों किया वे ही बताएंगे।

15 Feb 2025 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403